* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 338


केजरीवाल के सरकारी बंगले पर करोड़ों खर्च की जांच करेगी सीबीआइ, दर्ज किया केस








## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

# आदिवासी-सरना धर्म कोड पर शीघ्र निर्णय लें : हेमंत

- राज्य की चिरप्रतीक्षित मांग पर यथाशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आदिवासियों के हित में आदिवासी-सरना धर्म कोड पारित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि हम आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं और प्रकृति के उपासक हैं। पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड प्रदेश, जिसका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है, जहां इनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। झारखंड की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को माननेवाली है। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श और मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से अलग हैं।

**लगातार घट रही है जनसंख्या:** मुख्यमंत्री ने बताया कि झारखंड के आदिवासियों की जनसंख्या के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि इनकी जनसंख्या का प्रतिशत झारखंड में 38 से घट कर 26 प्रतिशत ही रह गयी है। इससे संविधान की पांचवी और छठी अनुसूची के अंतर्गत आदिवासी विकास की नीतियों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।





### अस्तित्व की रक्षा की चिंता एक गंभीर सवाल है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ही नहीं, अपितु पूरे देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी-सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व की रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आज आदिवासी-सरना धर्म कोड की मांग इसलिए उठ रही है, ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी समुदाय अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके। वर्तमान में जब समान नागरिक संहिता की मांग कतिपय संगठनों द्वारा उठायी जा रही है, तो आदिवासी-सरना समुदाय की इस मांग पर सकारात्मक पहल उनके संरक्षण के लिए नितांत ही आवश्यक है। हेमंत सोरेन ने पत्र में कहा है कि आप अवगत हैं कि आदिवासी समुदाय में भी कई ऐसे समूह हैं, जो विलुप्ति के कगार पर हैं और सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर इनका संरक्षण नहीं किया गया, तो इनकी भाषा, संस्कृति के साथ-साथ इनका अस्तित्व भी समाप्त हो जायेगा।

### आदिवासी-सरना कोड अत्यावश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिस्थितियों के मद्देनजर हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन धर्मावलंबियों से अलग सरना अथवा प्रकृति पूजक आदिवासियों की पहचान के लिए तथा उनके संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के लिए अलग आदिवासी -सरना कोड अत्यावश्यक है। अगर यह कोड मिल जाता है, तो इनकी जनसंख्या का स्पष्ट आकलन हो सकेगा। हम आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, इतिहास का संरक्षण और संवर्द्धन हो पायेगा। हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जा सकेगी। वर्ष 1951 की जनगणना के कॉलम में इनके लिए अलग कोड की व्यवस्था थी, परंतु कतिपय कारणों से बाद के दशकों में यह व्यवस्था समाप्त कर दी गयी। झारखंड विधानसभा से इस निमित्त प्रस्ताव भी पारित कराया गया है, जो वर्तमान में केंद्र सरकार के स्तर पर निर्णय हेतु लंबित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे अपने आदिवासी होने पर गर्व है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते मैं ना सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश के आदिवासियों के हित में आपसे विनम्र आग्रह करता हूं कि हम आदिवासियों की इस आदिवासी-सरना धर्म कोड की चिरप्रतीक्षित मांग पर आप यथाशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की कृपा करें। उसको मान्यता मिलने से भारत ही नहीं पूरे विश्व में प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा।

# रांची ने जीता बेस्ट परफॉर्मर का अवॉर्ड

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी का अवॉर्ड मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 2023 में रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिक्यूरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल आस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि विषय पर रांची स्मार्ट सिटी की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी है।

यह अवार्ड बुधवार को मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन केंद्र में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी में दिया गया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास और आवास विभाग के सचिव तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के सीइओ सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार और स्मार्ट सिटी रांची के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार ने इस सम्मान को ग्रहण किया।

यह अवॉर्ड इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड- 2022 के आधार पर दिया गया है। अवॉर्ड के निर्णय से पहले देश के सभी 100 शहरों से उनके शहर में हो रहे अलग-अलग क्षेत्र में विशेष प्रयास की जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से साझा की गयी थी। उसके बाद मंत्रालय की टीम ने हर शहर में जाकर उसका सत्यापन किया। रांची की ओर से इस बार सिटी सिक्यूरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि विषय पर प्रस्ताव भेजा गया था।

रांची स्मार्ट सिटी कि इस सफलता पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के समस्त कर्मियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी है कि आनेवाले दिनों में रांची का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अमिट छाप छोड़ेगा। विनय कुमार चौबे ने भी रांची स्मार्ट सिटी की पूरी टीम को बधाई दी है और मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है।

## न्यूज रील्स

### छह राज्यों के 53 ठिकानों पर एनआइए का छापा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने बुधवार को खालिस्तानी आतंकी अर्श दल्ला और कई खूंखार गैंगस्टरों से जुड़े आतंकवादियों-गैंगस्टरों-ड्रग तस्करों के नेक्सस पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। इसके तहत कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। हाल के समय में कई खालिस्तानियों के खिलाफ एक्शन तेज किया गया है। जांच एजेंसी ने बुधवार को छह राज्यों के 53 ठिकानों पर छापेमारी की। पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मारे गये।

### मणिपुर में हालात हुए बेकाबू पूरा राज्य अशांत क्षेत्र घोषित

इंफाल। मणिपुर में कई महीनों से कानून व्यवस्था जर्जर है। सरकार ने मणिपुर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पूरे राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया। अधिसूचना के अनुसार, 19 विशिष्ट पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़ कर पूरे राज्य में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) लागू कर दिया गया है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी हैं।

### मंत्री आशीष पटेल का एक्सीडेंट, इलाज जारी

मिर्जापुर। उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल प्रयागराज मिर्जापुर मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गये हैं। मेजारोड के पास काफिले के वाहनों के आपस में टकराने से उनके पैर, हाथ और सीने में चोटें आयी हैं।

# मेरे नाम पर कोई घर नहीं है, लेकिन सरकार ने लाखों बेटियों के सपने को पूरा किया : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के एक कार्यक्रम में कहा कि उनके नाम पर कोई घर नहीं है, लेकिन उनकी सरकार ने देश की लाखों बेटियों को घर का मालिक बना दिया। उन्होंने कहा, कि मैं गरीब लोगों के सामने आनेवाले मुद्दों को जानता हूं। मैंने हमेशा उन मुद्दों को हल करने की कोशिश की है। आज मैं संतुष्ट हूं, क्योंकि मेरी सरकार ने देश भर में लोगों के लिए चार करोड़ घर बनाये हैं। प्रधानमंत्री के नाम पर कोई घर नहीं है, यह सही बात है और गुजरात के गांधीनगर में एक जमीन थी, वह भी वह दान कर चुके हैं। बीते साल पीएमओ की वेबसाइट पर संपत्ति के बारे में जो जानकारी दी गयी, उसके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास 2.23 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनके पास कोई अचल संपत्ति नहीं है, क्योंकि उन्होंने गांधीनगर में जमीन के एक टुकड़े को दान कर दिया था। 31 मार्च, 2022 को पीएम मोदी के पास नकदी 35 हजार 250 रुपये थी और डाकघर में उनके राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र की कीमत 9,05,105 रुपये थी और उनकी जीवन बीमा पॉलिसियां 1,89,305 रुपये की थीं। मोदी की चल संपत्ति एक साल 26.13 लाख रुपये बढ़ी है।

# बाहुबली रामधीर सिंह की अपील हाइकोर्ट में खारिज

- सजायाफ्ता रामधीर सिंह ने क्रिमिनल अपील की थी
- निचली आदालत की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने चर्चित विनोद सिंह की हत्या में उम्रकैद के सजायाफ्ता रामधीर सिंह की क्रिमिनल अपील पर अपना फैसला सुनाया है। बुधवार को हाइकोर्ट की जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली डबल बेंच ने उनकी अपील खारिज कर दी। साथ ही धनबाद की निचली अदालत द्वारा दी गयी उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। प्रतिवादियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजन राज, हाइकोर्ट के अधिवक्ता प्रेम प्रकाश और एसके मुरारी ने पैरवी की। रामधीर सिंह बलिया के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष और सिंह मेंशन के मजबूत स्तंभ हैं। विनोद सिंह की हत्या के मामले में रामधीर सिंह रांची की होटवार सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। विनोद सिंह की हत्या के केस में 18 अप्रैल, 2015 को धनबाद व्यवहार न्यायालय के एडीजे सात निकेश सिन्हा ने रामधीर की गैरमौजूदगी में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनायी थी, जबकि उनके अग्रज झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

शहीद भगत सिंह चौक कतरास, धनबाद के समीप 15 जुलाई, 1998 को मजदूर नेता सकलदेव सिंह के भाई विनोद सिंह की कार पर हमला हुआ था। इस दौरान अंधाधुंध फायरिंग से विनोद सिंह और उनके चालक मन्नू अंसारी की मौत हो गयी थी। रामधीर ने 22 माह फरार रहने के बाद 20 फरवरी 2017 को कोर्ट में सरेंडर किया था। सरेंडर करने के बाद पहले धनबाद जेल और उसके बाद हजारीबाग जेल भेजा गया था। सालभर पूर्व उन्हें होटवार जेल शिफ्ट किया गया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,000 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो



# चार राज्यों में अभी से ही बिखरने लगा विपक्षी गठबंधन का शिराजा

## ■ बंगाल, दिल्ली, पंजाब और यूपी में क्षेत्रीय क्षत्रपों के साथ कांग्रेस का मतभेद आ गया सामने

## ■ ममता, केजरीवाल और अखिलेश के रवैये ने सामने ला दी है आइएनडीआइए की असलियत

## ■ इन राज्यों में कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच 'फ्रेंडली फाइट' के बन रहे आसार

**विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में दरारें साफ दिखने ही नहीं लगी हैं, दिन बीतने के साथ चौड़ी भी होती जा रही हैं। जिस तरह गठबंधन के घटक दल आपस में जोड़-तोड़ पर आमादा हैं, उससे भविष्य की तस्वीर बिल्कुल धुंधली है। पंजाब और बंगाल में हलचल तेज है। यहां आइएनडीआइए के सहयोगी दलों की सरकारें हैं। कांग्रेस की पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी, तो बंगाल में टीएमसी से ठनी हुई है। उधर यूपी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपना ही राग अलाप रहे हैं। 2024 में एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ने के वादे ध्वस्त होते दिखने लगे हैं। घटक दल एक-दूसरे पर हमलावर हैं। पंजाब में सत्ताधारी आप और कांग्रेस के बीच विधायकों के पाला बदलने की संभावना के मुद्दे पर ठनी हुई है, तो बंगाल में ममता दीदी के जर्मनी दौरे पर कांग्रेस ने सवाल खड़ा कर नये विवाद को जन्म दे दिया है। यूपी में तो अखिलेश ने साफ कह दिया है कि वह सीटें मांग नहीं रहे हैं, बल्कि दे रहे हैं। उनके इस बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विपक्षी गठबंधन के भीतर पैदा हुई इस हलचल के बीच 2024 में विपक्ष के एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ने के वादे हवाई-हवाई दिखने लगे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इस बिखरे हुए गठबंधन के सहारे विपक्षी दल कैसे भाजपा का मुकाबला कर सकेंगे। इस सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों की गहमा-गहमी के बीच कई सूचनाओं ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। इस चुनाव को सीधा बनाने की जुगत में लगे विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के भीतर जितना विवाद पैदा हुआ है, उससे तो अब यही लगने लगा है कि यह गठबंधन केवल कागजों में ही रह जायेगा। इस गठबंधन के सबसे बड़े घटक कांग्रेस का टीएमसी, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के साथ इतना गहरा विवाद हो गया है कि इसका असर सीट शेयरिंग पर तो पड़ेगा ही, साथ ही चुनाव लड़ने की संभावनाओं को खत्म करने की तरफ संकेत देने लगा है।



### ममता के विदेश दौरे पर अधीर रंजन ने की तल्ख टिप्पणी

शुरुआत पश्चिम बंगाल से करते हैं। मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी जर्मनी और स्पेन के दौरे पर गयी हैं। उनकी यात्रा पर कांग्रेस ने कड़ी टिप्पणी की है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर धावा बोलते हुए राज्य में डेंगू के कहर का ठीकरा ममता सरकार पर फोड़ा। मुर्शिदाबाद से सांसद चौधरी ने आरोप लगाया कि यह डेंगू ममता मेड डेंगू है। यह प्रायोजित है। बंगाल के लोग भगवान भरोसे हैं। गांव के अस्पतालों में डेंगू से कई लोगों की मौत हुई है। डेंगू ने महामारी का रूप ले लिया है। इसकी जिम्मेदारी ममता सरकार को लेनी पड़ेगी। वह यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं, वहां की मुख्यमंत्री 10 लाख रुपये प्रतिदिन के किराये वाले होटल में ठहर रही हैं, यह आश्चर्य की बात है। चौधरी के इस बयान पर टीएमसी ने कड़ा एतराज जताया है। कांग्रेस और टीएमसी के बीच छिड़े इस वाक्युद्ध के बाद अब कयास लगाये जाने लगे हैं कि बंगाल में विपक्षी गठबंधन का मिल कर चुनाव लड़ना लगभग असंभव है।

### पंजाब में कांग्रेस-आप आमने-सामने

अब बात पंजाब की, जहां आम आदमी पार्टी सत्ता में है। यहां भी उसकी कांग्रेस के साथ ठन गयी है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के पास 18 सीटें हैं। 32 आप विधायकों के समर्थन से उनकी पार्टी सत्तारूढ़ सरकार को उखाड़ फेंक सकती है। ये विधायक उनके संपर्क में हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बाजवा के दावों का जवाब सोशल मीडिया पर दिया। उन्होंने लिखा कि आप पंजाब के लोगों की चुनी हुई सरकार तोड़ने की बात कर रहे हैं। मुझे पता है कि कांग्रेस ने आपके मुख्यमंत्री बनने की इच्छा की भ्रूण हत्या कर दी थी। मैं पंजाब के तीन करोड़ लोगों का नुमाइंदा हूं। आपकी तरह कुर्सी का तिकड़मबाज नहीं। सीएम मान ने प्रताप बाजवा को चुनौती दी और कहा कि अगर हिम्मत है तो हाइकमान के साथ बात करो। साल 2022 में आप ने विधानसभा चुनाव में 117 में से 92 सीटें जीत कर सत्ता हासिल की थी। पंजाब में उठे विवाद का असर दिल्ली में भी पड़ेगा, क्योंकि यहां भी आप सत्ता में है और कांग्रेस से उसका सीधा मुकाबला है।

### अखिलेश का अलग राग

अब रुख करते हैं देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश का, जिसके पास केंद्र की सत्ता की चाबी होने की बात कही जाती है। यहां की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी आइएनडीआइए में शामिल है। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने यह कह कर गठबंधन में बड़ी सियासी हलचल पैदा कर दी है कि वह सीटें मांग नहीं रहे, बल्कि सीटें दे रहे हैं। सियासी गलियारों में कहा यही जा रहा है कि अगर अखिलेश यादव की तर्ज पर ही अन्य राज्यों के प्रमुख विपक्षी दल चलने लगें, तो कांग्रेस के लिए आनेवाले लोकसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जानकार कहते हैं कि अखिलेश यादव का यह बयान उस आधार पर दिया गया है, जिस पर गठबंधन की नींव रखते वक्त टिकटों के बंटवारे की चर्चा हुई थी। तब तक यही हुआ था कि जिसकी जिस राज्य में सबसे ज्यादा सीटें होंगी या सबसे बड़ा दल होगा, उसकी हिस्सेदारी लोकसभा के चुनाव में टिकटों के लिहाज से सबसे ज्यादा होगी। अब अगर अखिलेश यादव उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें ले रहे हैं या वह यह कह रहे हैं कि वह सीटें किसी से मांग नहीं रहे, बल्कि दे रहे हैं, तो इसमें गलत क्या है। कांग्रेस का उत्तरप्रदेश में इस वक्त उतना वजूद नहीं है कि वह समाजवादी पार्टी के लिए सीटों का ऑफर कर सके। कांग्रेस के लिए यही सबसे बड़ी चुनौती भी है।

### क्या होगा इन टीका-टिप्पणियों का असर

सियासी हलकों में आइएनडीआइए के घटक दलों के बीच मचे इस घमसान और टीका-टिप्पणियों का मतलब यही निकाला जा रहा है कि गठबंधन का शिराजा अगर बिखरा नहीं है, तो अब तक आकार भी नहीं ले सका है। इससे आइएनडीआइए के बारे में लोग लगातार कन्फ्यूज हो रहे हैं। उन्हें लगता है कि ये विवाद तब पैदा हो रहे हैं, जब गठबंधन की पिछली बैठकों में ऐसा नहीं करने की कसमें खायी जा चुकी हैं। जिस तरह से ये दल आपस में भिड़े हुए हैं, उससे इस गठबंधन की सीमाएं और कमजोरियां साफ दिखने लगी हैं। अभी इनमें आपस में सीट बंटवारा भी नहीं हुआ है। इतने फसाद में इस पर सहमति कैसे बनेगी, यह सवाल बहुत मुश्किल और पेंचीदा बन गया है।

---

# समोसा खाने से रोका, तो बेटी ने कर ली आत्महत्या

**करम उपवास के बाद समोसा खाना चाहती थी युवती, मां ने कर दिया था मना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** करम उपवास पूरा करने के बाद पूजा अपनी मां से समोसा खाने की जिद कर रही थी। वह अपने दोस्तों के साथ समोसा खाने जाना चाहती थी। मां से कई बार इजाजत मांगने के बाद जब मां ने समोसा खाने जाने नहीं दिया, तो युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना सिमडेगा की है। सदर थाना क्षेत्र के कूडरूम भंडार टोली निवासी पूजा कुमारी नामक छात्रा सोमवार को करम उपवास पर थी।

**मां से कर रही थी जिद :** मंगलवार की सुबह उसने करम विसर्जन करने के बाद पारण भी किया। इसके बाद वह अपनी मां को बोलने लगी कि वह समोसा खाने के लिए वीरू जायेगी। उसकी मां ने उसे मना कर दिया। इसके बाद उसने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और अपने दुपट्टे के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इधर इस घटना से अनजान उसकी मां खाना बनाती रही। मां खाना बन जाने के बाद जब उठ कर अपनी बेटी को बुलाने के लिए गयी, तो वहां उसे फांसी पर उसे झूलते देखा। घर में कोहराम मच गया। इसके बाद आस पड़ोस के लोग तुरंत वहां जुटे और पूजा को फांसी के फंदे से उतार कर तुरंत सदर अस्पताल लेकर आये। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूजा कुमारी कस्तूरबा गांधी स्कूल सिमडेगा में दसवीं की छात्रा थी। इस बार उसे मैट्रिक का एग्जाम लिखना था।

# पैसे लेकर बच्चों की पोर्नोग्राफी वीडियो भेजने के आरोपी को सीआइडी ने केरल से किया गिरफ्तार

**अब इस मामले को सीबीआइ टेकओवर करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पैसे लेकर बच्चों की पोर्नोग्राफी वीडियो भेजने के आरोपी को झारखंड सीआइडी ने केरल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरुण बाबू मूल रूप से केरल के कन्नूर जिला का रहनेवाला है। उसके पास से पोर्नोग्राफी वीडियो भेजने वाले दो मोबाइल फोन, टेलीग्राम लिंक और डाटा बरामद किया गया है। चाइल्ड सेक्स वीडियो और स्कॉट्स सर्विस नाम के ग्रुप में पैसा लेकर छोटे-छोटे बच्चों की पोर्नोग्राफी वीडियो भेजी जा रही थी। इसकी शिकायत बाल अधिकार कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार ने बीते 29 अगस्त को सीआइडी से की थी।

### स्कॉट्स सर्विस के नाम से ओपन ग्रुप संचालित

सीआइडी से शिकायत में कहा गया था कि टेलीग्राम चैनल के माध्यम से चाइल्ड सेक्स वीडियो और स्कॉट्स सर्विस के नाम से एक ओपन ग्रुप संचालित है, जिसका कोई भी सदस्य बन सकता है। मैं पिछले एक वर्ष से कॉल गर्ल्स दिल्ली ग्रुप का सदस्य बन कर इस ग्रुप की निगरानी कर रहा था। दिल्ली सेक्स ग्रुप से एक और ग्रुप लड़कियों का अड्डा नामक ग्रुप में एड होने के लिए लिंक मिला। इस ग्रुप में बीते 28 अगस्त को 10:41 बजे सुबह में ऑनलाइन चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी वीडियो चाहिए क्या, मैसेज आया। मैंने जवाब में हां और कैसे लिखा। इसके लिए उन्होंने एक वीडियो इमेज का लिंक भेजा और साथ में एक डेमो वीडियो भी भेजी, जिसे देखने के बाद ऑटो डिलिट हो गया। पुनः ग्रुप में मैसेज आया कि 220 रुपये में 8000 से ज्यादा चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी वीडियो मिलेगी। इसका भी उन्होंने एक लिंक भेजा, जिसमें उनका यूपीआइ आइडी 9341466767@ है, जो कि एयरटेल पेमेंट बैंक का है। यह लिंक मो इमरोज अंसारी द्वारा भेजा गया था।

### चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी एक जघन्य अपराध

सीआइडी से की गयी शिकायत में कहा गया है कि लिंक पर मैंने रात को 220 रुपये अपनी संस्था के सदस्य चंदन कुमार के यूपीआइ आइडी से भुगतान किया। इसके बाद उन्होंने पांच लिंक भेजे और साथ में अनेकों वीडियो भी भेजी, जिसे देखने पर पता चलता है कि यह छोटे-छोटे बच्चों की चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी वीडियो है। चाइल्ड सेक्स पोर्नोग्राफी एक जघन्य अपराध है। इस संबंध में भारत सरकार के निर्देश पर सीबीआइ द्वारा जांच भी की जा रही है। दिल्ली सेक्स रैकेट ग्रुप का संचालन सूर्या भाई के द्वारा किया जा रहा है।

**सीबीआइ का सजा बढ़ाने का अनुरोध**

# चारा घोटाला : लालू को मिले अधिकतम सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चारा घोटाले में देवघर कोषागार से अवैध निकासी की गयी थी। इस मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव समेत अन्य को तीन से छह साल तक की सजा सुनायी गयी है। इस सजा को बढ़ाने को लेकर सीबीआइ हाइकोर्ट पहुंची है। सीबीआइ की ओर से याचिका दायर की गयी है। बुधवार को इस याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में हुई। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई के लिए दिसंबर में समय निर्धारित किया है। अदालत ने दिसंबर के दूसरे सप्ताह में सुनवाई की बात कही है।



### सीबीआइ की मांग, सात साल की सजा

फिलवक्त देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में मिली सजा को सीबीआइ ने कम मानते हुए अधिकतम सजा देने का अनुरोध अदालत से किया है। इस मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, नौकरशाह बेक जूलियस और सुबीर भट्टाचार्य हैं। सीबीआइ ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि लालू प्रसाद यादव को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है, इन्हें अधिकतम सात साल की सजा मिलनी चाहिए।

# 87.29 लाख की ठगी करनेवाला साइबर अपराधी गाजियाबाद से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 87.29 लाख रुपये की ठगी करनेवाला साइबर अपराधी गिरफ्तार हुआ है। सीआइडी की साइबर सेल ने कार्रवाई की है। सीआइडी ने उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद निवासी 29 वर्ष के लव कुश शर्मा को गिरफ्तार किया है।

उसके पास से ठगी में उपयोग किये गये दो मोबाइल फोन, बैंक खाता और दस्तावेज बरामद किया गया है। गौरतलब है कि साइबर सेल थाना में बीते 20 जनवरी 2023 को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया में रहनेवाले बिंदेश्वरी सिंह ने मामला दर्ज कराया था।

### 87.24 लाख रुपये की हुई थी ठगी



दर्ज की गयी शिकायत में कहा गया था कि साइबर अपराधियों ने एचडीएफसी के पॉलिसी के पूर्ण होने की अवधि के बाद, पॉलिसी के पैसों को वापस करने के बदले में मई 2022 से जनवरी 2023 तक उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाता से धोखा देकर 87.29 रुपया अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कराया था। मामले की जांच के दौरान सीआइडी की टीम ने लव कुश शर्मा को गिरफ्तार किया।

### देवघर के बाबा मंदिर के विकास कोष में मिले पैसों की हुई गिनती

**देवघर।** भादो महीने में बाबा मंदिर का विकास कोष खोला गया। मंदिर में कुल 19 विकास कोष हैं, जिसमें 12 लाख से ज्यादा की राशि दान के रूप में मिली। बाबा मंदिर प्रभारी सह एसडीओ दीपांकर चौधरी के निर्देशानुसार विकास कोष खोला गया। सहायक प्रभारी सह देवीपुर सीओ सुनील कुमार और बाबा मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त की देखरेख में मंदिर परिसर में लगे सभी विकास कोष को खोला गया। मंदिर में कुल 19 विकास कोष हैं. कोष खोलने के बाद भादो माह में भक्तों के द्वारा किये गये दान को निकाला गया। इससे पहले सावन की पूर्णिमा के 1 सिंतबर को अंतिम बार विकाष कोष खोला गया था। इस दौरान कुल 12 लाख, 28 हजार 562 रुपये की आमदनी बाबा मंदिर विकास कोष से हुई।

# बंदूक की नोक पर महिला बैंककर्मी से नकद और स्कूटी की छिनतई

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के रुंगसाई से मंडलसाई जानेवाले रास्ते में एक महिला बैंककर्मी से दिनदहाड़े छिनतई हो गयी। घटना बुधवार की सुबह करीब 10.30 बजे की है, जहां बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखा कर महिला बैंककर्मी से 43 हजार 215 रुपये की छिनतई कर ली और महिला की स्कूटी भी छीन कर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक चक्रधरपुर की बंधन बैंक शाखा में काम करनेवाली महिला शिखा प्रजापति चक्रधरपुर के टोंकाटोला और रुंगसाई से महिला समूह के पैसे इकट्ठे कर चक्रधरपुर के लोकनाथनगर स्थित अपने कार्यालय जा रही थी। इसी दौरान दो नकाबपोश युवकों ने घटना को अंजाम दिया।




### महिला ने बताया बदमाशों ने कैसे दिया घटना को अंजाम

बदमाशों ने पहले महिला को पिस्टल दिखा कर रोका। इसके बाद छिनतई की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद महिला कर्मी ने शाखा प्रबंधक (मैनेजर) दिवाकर कुमार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद महिला कर्मी ने चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज कराया। महिला बैंक कर्मी ने बताया कि रुंगसाई से जब वह कार्यालय जा रही थी, तभी दो युवक सामने आ गये। इस बीच जब उसने गाड़ी का हॉर्न बजा कर साइड मांगा, तो युवकों ने स्कूटी से चाबी निकाल ली। इसके बाद युवकों ने पिस्टल का भय दिखा कर 43 हजार 215 रुपये छीन लिये। वहीं स्कूटी भी लेकर भाग गये। इधर चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.42 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.39 बजे | |



# सीएम के निर्देश पर लापता बिरहोर माता-पिता की दो बेटियों का स्कूल में हुआ नामांकन

**आजाद सिपाही खबर का असर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अनगड़ा के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी छह वर्षीय सनोती कुमारी और पांच वर्षीय पार्वती कुमारी का नामांकन अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय तमाड़ के कक्षा एक में कराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला कल्याण पदाधिकारी को पूरे मामले पर नजर रखने का आदेश अधिकारियों द्वारा दिया गया है।

## लापता हैं बच्चों के माता-पिता

मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि अनगड़ा प्रखंड के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी बहादुर बिरहोर अपनी पत्नी और अपने डेढ़ साल की बच्ची को लेकर 1 सितंबर की सुबह दोना पत्तल और दातुन बेचने के लिए किता स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर रांची स्टेशन के लिए निकले थे। लेकिन अब तक वे नहीं लौटे। अपने माता -पिता के नहीं लौटने से दोनों बच्चियों का रो रोकर बुरा हाल है। इस मामले की जानकारी के उपरांत मुख्यमंत्री ने बच्चियों को हर संभव सहायता एवं बच्चियों के माता-पिता को जल्द ढूंढने का निर्देश अधिकारियों को दिया।


अनगड़ा पहाड़सिंह बिरहोर टोली का एक बिरहोर दंपति पिछले 26 दिनों से अपने मासूम बच्चे के साथ है लापता

घर में दो मासूम बच्चियों को पेट भरना भी हो गया है मुश्किल

## राह देख रहीं दो बच्चियों को चाइल्ड होम भेजा गया

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड की बरवादाग पंचायत स्थित पहाड़ सिंह गांव के एक बिरहोर दंपती अपने एक बच्चे के साथ 26 दिनों से लापता है। बिरहोर दंपती की दो बेटियां घर पर अपने माता-पिता की राह देख रही हैं।

इतने दिनों से घर नहीं लौटने पर उनकी छोटी-छोटी बच्चियों (एक तीन साल और एक पांच साल) का रो-रोकर बुरा हाल है। इनको देखनेवाला भी कोई नहीं है। अनाज नहीं होने की वजह से बिरहोर दंपती की दोनों बच्चियां काफी दिनों से भूखी थीं। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पीडीएस दुकान से चावल उपलब्ध कराया। इसके बावजूद कई बुनियादी चीजों के अभाव से बच्चियां जूझ रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से बिरहोर दंपती को ढूंढ़ने और बच्चियों की सहायता करने की मांग की है।

### अनगड़ा थानेदार ने बच्चियों को कराया भोजन

इधर, जानकारी होने के बाद अनगड़ा थानेदार दिलेश्वर कुमार ने बुधवार दोपहर दोनों बच्चियों को चाइल्ड होम केयर रांची भेज दिया। थानेदार ने पहले दोनों को भोजन कराया। इसके बाद स्वास्थ्य चेकअप कराया गया। फिर नया कपड़ा देकर दोनों को चाइल्ड होम भेज दिया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** धर्म-आधात्म्य में रूचि बढ़ेगी, नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रूका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** बांधित उन्नति,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, विरोधियों पर विजय, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का दीक्षांत समारोह संपन्न

# नौजवान आगे बढ़ें, सरकार मदद करेगी : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टॉपर्स को प्रदान किया गोल्ड मेडल, विद्यार्थियों को मिली डिग्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का। खिलाड़ी हों या श्रमिक। रोजगार करना चाहते हों या स्वरोजगार। आप जिस भी फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं, सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। उक्त बातें बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट मोरहाबादी, रांची के वार्षिक दीक्षांत समारोह- 2023 को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और डिग्री प्रदान करते हुए उम्मीद जतायी कि यहां से निकला हर नौजवान अपनी एक अलग पहचान बनायेगा और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए मजबूत समाज के निर्माण में योगदान देगा।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में संस्था करे मार्गदर्शन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी तरह रामकृष्ण मिशन भी उसी क्षेत्र में काम कर रहा है जो आज के भौतिकवादी युग में हाशिये पर हैं। ऐसे में सरकार को यह संस्था मार्गदर्शन करे। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और पशुपालन हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती थी, लेकिन आज खेतों की जगह खदान और फैक्ट्रियां नजर आ रही हैं। ऐसे में विकास की अंधी दौड़ में परंपरागत व्यवस्था को पूरी तरह नजर अंदाज करना झारखंड जैसे राज्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। यही वजह है कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। गांव मजबूत होंगे तो राज्य और देश भी मजबूत बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं अगर असफल होती हैं तो इसके पीछे कहीं ना कहीं हम भी इसके लिए जिम्मेवार होते हैं। आज नदियों को जितना स्वच्छ होना चाहिए, वह नहीं दिख रही हैं। हमारी यह लापरवाही कहीं ना कहीं हमारे साथ पूरे राज्य और देश के लिए खतरे का कारण बन जायेगा। ऐसे में हमें पूरे समर्पण और सेवा भाव से काम करने की जरूरत है।



### कमजोरों को बढ़ा रहे हैं आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में जो कमजोर लोग हैं, उन पर सरकार की विशेष नजर है। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाये जा रहे हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठा रही है। इसी कड़ी में आदिम जनजाति के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जा रही है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के साथ विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। बच्चियां पढ़ाई से वंचित न रहें, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। सरकार का मकसद शिक्षा की बेहतरी के साथ विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है।

### स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

मुख्यमंत्री ने रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी लंबे समय से इच्छा थी कि इस संस्था में आकर यहां की गतिविधियों को जानें और समझें। जो आज स्वामी जी के सहयोग से पूरा हुआ। रामकृष्ण मिशन जिस तरह झारखंड जैसे प्रदेश के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है। इस मौके पर रामकृष्ण मिशन की दो पत्रिकाओं का भी मुख्यमंत्री ने विमोचन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, रामकृष्ण मिशन आश्रम, रांची के स्वामी सुविदानंद महाराज, स्वामी सर्वात्मानंद महाराज, स्वामी आत्मानंद महाराज और स्वामी भवेशानंद महाराज के अलावा रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट से जुड़े अन्य स्वामी जी और विद्यार्थी मौजूद थे।




# भाजपा के पास फैक्ट है, तो पीआइएल दाखिल करे: सुप्रियो

**मीर जाफर की तरह झूठ-फरेब फैला रहे हैं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम**

**कहा- इडी, सीबीआइ को कब क्या करना है, यह भाजपा मुख्यालय से जारी होगा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाये हैं। इसके बाद झारखंड की राजनीति का पारा उफान पर है। इसपर झामुमो ने बुधवार को भाजपा को निशाने पर लिया। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम मीर जाफर की तरह झूठ-फरेब फैला रहे हैं। अडाणी के साथ रहते-रहते भाजपा नेता हजार करोड़ की बात करने लगे हैं वे राज्य सरकार पर 70 हजार करोड़ के घोटाले की बात कर रहे हैं। वे लोग भूल जा रहे हैं कि राज्य में कौन सा घोटाला कब हुआ। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मनरेगा घोटाला से शुरू किया जो अर्जुन मुंडा जी के जमाने का है। माइंस घोटाला, कंबल, खाद्यान्न घोटाला रघुवर जी के समय का है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रवक्ता ने कुछ अधिकारियों का भी नाम लिया इससे यह साफ हो गया है कि इडी, सीबीआइ को कब क्या करना है, यह भाजपा मुख्यालय से जारी होगा। जिन अधिकारियों का नाम भाजपा के प्रवक्ता ने लिया, वे तो अर्जुन मुंडा, रघुवर दास के समय भी जिम्मेदार पद पर रहे। इस सरकार में भी हैं। सुप्रियो के मुताबिक राज्य सरकार की लोकप्रियता को देखते भाजपा को समझ नहीं आ रहा कि क्या करे। यह सरकार को डिस्टर्ब करने में लगी है। पूरे एग्जीक्यूटिव को डिमोरलाइज करने की तैयारी भाजपा की है। सुप्रियो ने कहा कि जब राज्य में पेसा कानून की बात हो रही है, सरना धर्म कोड के बारे में बात हो रही है, तो भाजपा वाले लोग बौखला गये हैं। लगातार नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। शिक्षक, कनीय अभियंता, सचिवालय सहित अन्य विभागों में भी पहल हो रही है। ऐसे में भाजपा परेशान है। उनके पास अगर इतना पुख्ता सबूत है तो उनकी जांच एजेंसियां क्या कर रही हैं। फैक्ट एंड फिगर की भी जानकारी है, वो नाम लेकर बताते हैं कि इतना सौ करोड़, इतना हजार करोड़। ऐसे में वे हाइकोर्ट में जाकर पीआइएल क्यों नहीं दाखिल करते। इडी, सीबीआइ, इनकम टैक्स ने जब सारी चीजें उपलब्ध करा दी हैं तो वे कोर्ट क्यों नहीं जा रहे। वे किसे बरगला रहे हैं। पार्टी कार्यालय में बैठकर राज्य सरकार के खिलाफ बोलने वाले भाजपा नेता गांव-देहात, खेत-खलिहानों में जाकर बोले तो लोग उन्हें खदेड़ देंगे। इनका जो विरोध होगा वह कल्पना भी नहीं किये होंगे।

## कारोबारी पुनीत अग्रवाल के ठिकाने पर जीएसटी विभाग की छापेमारी



**रांची (आजाद सिपाही)।** कारोबारी पुनीत अग्रवाल के ठिकाने पर जीएसटी विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी लालपुर थाना क्षेत्र के हरिओम टावर स्थित पुनीत अग्रवाल के ऑफिस में हो रही है। जीएसटी पटना की टीम द्वारा पुनीत अग्रवाल के ऑफिस में कागजातों की जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार कारोबारी द्वारा लाखों की टैक्स की चोरी की जानकारी जीएसटी विभाग के अधिकारियों को मिली थी। इसके बाद विभाग द्वारा छापेमारी की गयी।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिला आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन, कहा

# सौ वर्षों तक किसी भी गैर आदिवासी वर्ग को ना मिले एसटी जनजाति का दर्जा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से बुधवार को नयी दिल्ली में भेंट की। इस दौरान उन्हें 10 बिंदुओं से जुड़ा एक मांग पत्र भी सौंपा। इसके जरिये उनसे अपील की गयी है कि आगामी 100 वर्षों तक किसी भी गैर-आदिवासी वर्ग को अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिया जाये। मांग पत्र में कहा गया है कि आगामी 100 वर्षों के लिए संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों की लिस्ट फ्रीज कर दी जानी चाहिए। लोकुर समिति (1965) ने अनुसूचित जनजाति की पहचान के लिए पांच मापदंड बताये थे, लेकिन इन आधारों को खारिज कर संविधान के खिलाफ जाकर गैर-आदिवासी संपन्न जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में मंत्रालय इस मसले पर प्रभावी कदम उठाये। संबंधित विभागों और सभी प्रदेश की सरकारों को निर्देशित करे। महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री से अपील करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों को सभी राज्यों में एक समान अनुसूचित जनजाति के रूप मान्यता दी जाये। असम के चाय बागानों में कार्यरत झारखंडी मूल के आदिवासियों (उरांव, मुंडा, हो, खड़िया, संथाल) को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिले। केंद्रीय मंत्री से मिलने वालों में सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा, राष्ट्रीय आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन के समन्वयक संजय पाहन और राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा शामिल रहे।



# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने काफिला रोक कर घायल की मदद की, इलाज का किया इंतजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार को लगभग एक बजे बेड़ो थाना के सामने ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बेड़ो भसनंदा गांव निवासी लगभग 60 वर्षीय सुकुल लोहरा और बेड़ो महरु गांव निवासी 29 वर्षीय राजू दास गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें सीओ सुमंत तिर्की ने अपने चालक मनोरंजन देवघरिया के सहयोग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां डॉ सुमित्रा कुमारी ने दोनों घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुकुल लोहरा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल राजू दास ने बताया कि वे दोनों देवी मंडप चौक बेड़ो के समीप दुकान से सामान लेकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान थाना के समीप ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली।



### बेहतर इलाज का दिया निर्देश

लोहरदगा जाने के क्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की नजर दोनों घायल पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने अपने काफिले को रोक कर घायल को बेड़ो सीएचसी भेजा। साथ ही सिविल सर्जन रांची को निर्देश दिया कि घायल की बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जानकारी के मुताबिक घायलों को देख कर स्वास्थ्य मंत्री ने पहले एंबुलेंस को फोन कर बेड़ो अस्पताल पहुंचने को कहा और रांची एसपी को फोन कर संबंधित थाना प्रभारी को घटनास्थल पर पहुंचने को कहा। उन्होंने स्वयं और अपने अंगरक्षकों के सहयोग से घायल को प्राथमिक उपचार के लिए बेड़ो अस्पताल पहुंचाया, फिर फोन कर सिविल सर्जन रांची को निर्देश दिया कि घायल की बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## सुनील यादव की जमानत पर इडी ने मांगा समय

**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की जमानत याचिका पर इडी कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। सुनील, दाहू यादव का भाई है। इडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपी सुनील का भाई दाहू यादव अब तक फरार है। बता दें कि इडी ने साहिबगंज में अवैध खनन घोटाले की जांच में पंकज मिश्रा के साथ ही सुनील यादव और दाहू यादव को अवैध खनन में लिप्त पाया है।

# राजकीय पॉलिटेक्निक की छात्रा का अपहरण

**दो के विरुद्ध लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक रांची की सेकेंड सेमेस्टर की एक नाबालिग छात्रा (17) का अपहरण हो गया है। इस मामले में लालपुर थाना में नाबालिग के पिता ने लालपुर थाना में अपहरण की प्राथमिकी दो के विरुद्ध दर्ज करायी है। जिनके विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई है उनमें धनबाद निवासी सुरेश ठाकुर और डोरंडा निवासी शोएब खान शामिल हैं। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार नाबालिग छात्रा मूल रूप से बोकारो के पेटरवार की रहने वाली है। वह राजकीय पॉलिटेक्निक रांची में सेकेंड सेमेस्टर में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच में पढ़ाई करती है। आरोप है कि सुदेश ठाकुर ने उसे कॉलेज से बहला-फुसला कर 19 सितंबर की दोपहर दो बजे ले गया और उसे छिपा कर रखे हुए है। इस काम में उसका सहयोग डोरंडा के रहने वाले शोएब अंसारी ने भी किया। नाबालिग के पिता ने दोनों का मोबाइल नंबर लालपुर थाना की पुलिस को उपलब्ध कराया है। नाबालिग के पिता ने जब राजकीय पॉलिटेक्निक में जाकर उसके शिक्षकों से पूछताछ की को शिक्षकों ने भी उसके गायब होने की पुष्टि की। इसके बाद पिता ने 23 सितंबर को लालपुर थाना में दोनों युवकों के विरुद्ध अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरूवार, 28 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
04

# अनियमितता के खिलाफ भाकपा का सदर अस्पताल में धरना



**सर्जन नहीं होना कोडरमा जिले का दुर्भाग्यः महादेव राम**

आजाद सिपाही संवाददाता


**कोडरमा।** भाकपा जिला परिषद कोडरमा के द्वारा सदर अस्पताल कोडरमा के समक्ष बुधवार को धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना के पूर्व उर्मिला चौधरी क्लीनिक से सैकड़ों की संख्या में जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव कर रहे थे। जुलूस सदर अस्पताल पहुंचकर धरना में तब्दील हुआ। धरना की अध्यक्षता भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन यादव कर रहे थे। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि सदर अस्पताल में सर्जन नहीं है, जिसके कारण मरीजों का ऑपरेशन नहीं होता है। जिले के लिए दुर्भाग्य है। एक तरफ राज्यपाल सदर अस्पताल का तारीफ करते हैं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी सदर अस्पताल की प्रशंसा करती है। पर सदर में हाइड्रोसील, अपेंडिक्स, पथरी, हर्निया, साधारण बीमारी का भी ऑपरेशन नहीं होता है। गूंगा बहरा का डॉक्टर नहीं है जिसके कारण गूंगा बहरा को सर्टिफिकेट नहीं मिलता है। ट्रामा सेंटर बंद है इसे चालू करने की आवश्यकता है। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि एसआरएल द्वारा किया गया जांच गलत पाया जाता है जिसका अनुज्ञप्ति रद्द करने की आवश्यकता है। कोडरमा सदर अस्पताल में मरीज का देखभाल सही नहीं होता है साधारण मरीजों को भी रेफर कर दिया जाता है। सोनिया देवी ने कहा कि प्रसूति महिला का ऑपरेशन सदर में नहीं होता है। सदर में पदस्थापित एएनएम महिला के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करती है जिनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है। पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव ने कहा कि सदर अस्पताल सिर्फ नाम का है। काम घटिया है लचर व्यवस्था सुधार करने की आवश्यकता है। महेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी है। मंत्री अर्जुन यादव ने कहा कि अगर लचर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन तेज होगा। धरना को पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूमुद्दीन, सीपीएम नेता रमेश प्रजापति, दशरथ पासवान, काली सिंह, कामेश्वर पंडित, राजेंद्र रजक, विनोद पासवान, ब्रह्मदेव दास ने भी संबोधित किया। धरना के पश्चात सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार और उनके सहायक ने धरना स्थल पर आकर प्रदर्शनकारियों से मांगों पर आश्वासन दिया और एक महीने के अंदर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर सिकंदर कुमार, प्रदीप रजक, राजेश कुमार सिंह, राजदेव दास, रफीक अंसारी, असगर अंसारी, सुखदेव पांडे, रामकृष्ण शर्मा, हीरामन रजक, सतीश रजक, हरि पासवान, योगेश प्रसाद यादव, ब्रह्मदेव राणा, भुवनेश्वर राणा, तिलक दास, बसमतिया देवी, बलवा देवी, रेखा देवी, शांति देवी, फरजाना खातून आदि लोग मौजूद थे। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पुरुषोत्तम यादव ने किया।

# पैक्स और दुग्ध, मत्स्य सहकारी समितियों के सशक्तिकरण को लेकर हुई बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज्य में सहकारिता आंदोलन के सुदृढ़ीकरण और समाज के अंतिम पायदान तक इसको पहुंचाने के लिए वैसे पंचायत, गांव जो लैंपस, पैक्स से अच्छादित नहीं है, में बचे बहुउद्देशीय पैक्स अथवा दुग्ध, मत्स्य प्राथमिक सहकारी समितियों का गठन करने और सरकार की विभिन्न योजनाओं का कवरेज कर वर्तमान कार्यरत पैक्स और दुग्ध, मत्स्य सहकारी समितियों के सशक्तिकरण को लेकर जिला सहकारिता विभाग समिति का गठन किया गया है। समिति के दायित्वों के निर्वहन और पैक्स, लैंपस के विकास और संचालन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में समिति के दायित्वों के निर्वहन और पैक्स, लैंपस के विकास व संचालन विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस से अंतर विश्लेषण के आधार पर नयी बहुउद्देशीय पैक्स या प्राथमिक डेयरी, मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना के लिए जिला योजना तैयार करेंगे। निबंधक, सहयोग समितियों, झारखंड, रांची के सहयोग से नई प्राथमिक सहकारी समितियों के पंजीकरण का कार्य करेंगे। मौजूदा भंडारण सुविधाओं की उपलब्धता, उनकी क्षमता उपयोग, भंडारण अंतर, प्रस्तावित गोदामों की क्षमता, आवेदक पीएसीएस की व्यवहार्यता, प्रस्तावित परियोजना का स्थान कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स आदि की जांच और आकलन करेंगे। पैक्स, लैंपस, एफएसएस को अनाज भंडारण सुविधाओं और अन्य कृषि-बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए आवश्यक ग्राम सभा कर भूमि को चिन्हित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गौतम भगत, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा मीडिया प्रभारी के पिता का निधन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भाजपा मीडिया प्रभारी दीपक बर्णवाल कन्द्रपी निवासी के पिता अशोक मोदी (उम्र 55 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। मृतक अशोक मोदी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर स्वर्ग लोक गये। उनके निधन पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, जयनगर मंडल भाजपा अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री यमुना यादव, मुखिया संजय साव, मुखिया प्रतिनिधि मनोहर यादव, पंसस प्रतिनिधि संतोष बर्णवाल, महेश मोदी, राजू साव, अर्जुन यादव, पप्पू साव, राजेंद्र राम, मनोज मोदी, वहीं फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन जयनगर इकाई अध्यक्ष कौशर खान, ज्ञानचंद मोदी, लक्ष्मण राणा, पोखराज राणा, ब्रह्मदेव राणा, राम लखन प्रसाद, मिनहाज खान, मीना देवी, अंजू देवी, विनोद गुप्ता, दीपक पासवान सहित सैकड़ो महिला-पुरुष ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# स्वच्छता के प्रति लोगों को दिलायी शपथ



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीवीसी केटीपीएस में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीवीसी के अधिकारी और कर्मचारियों ने केटीपीएस कैंटीन एरिया के आसपास में सीनियर जीएम अर्णव मिश्रा, डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को शपथ दिलायी गयी। मौके पर विनोद राय, अंशु सिन्हा, ईसताक अंसारी, राजेंद्र सिंह, आशीष कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अपराध की योजना बना रहे उग्रवादी संगठन के सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंधेरा का लाभ उठाकर अन्य उग्रवादी हुए फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के देवगढ़ में टीएसपीसी और टीपीसी के एरिया कमांडर सहित अन्य सक्रिय सदस्यों के द्वारा बड़ी घटना की योजना बना रहे उग्रवादी को हजारीबाग और बड़कागांव पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर एक सक्रिय सदस्य नितेश कुमार मेहता को गिरफ्तार किया।

बताया गया कि 26 सितंबर की रात्रि समय करीब 8 बजे पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बडकागांव थाना अंतर्गत ग्राम- देवगढ़ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के प्रमुख दिवाकर गंझु उर्फ प्रताप जी के घर पर मिटिंग रखी गयी थी। जिसमें टीपीसी के एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो, बादल गंझु, मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम, इरफान उर्फ समीर जी और गुरुदेव उर्फ गुरुजी सहित संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों के द्वारा 26 सितंबर मंगलवार की रात्रि करीब 10 बजे एकत्रित होकर केरेडारी, बड़कागांव, उरीमारी, कटकमदाग आदि क्षेत्र में कोयला व्यापारियों, बालू व्यवसायों और विकास कार्य कर रहे ठिकेदारों से लेवी वसुली करने एवं क्षेत्र में दहशत पैदा करने हेतु किसी बड़ी घटना को अंजाम देने योजना बना रहे थे। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा टीम गठीत करते हुए ग्राम देवगढ़ में दिवाकर गुड्डु उर्फ प्रतापजी के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में पुलिस बल के सहयोग से नितेश कुमार मेहता पिता धिरेन्द्र प्रसाद मेहता ग्राम चेरी थाना मयुरहंट जिला चतरा को गिरफ्तार किया। अन्य अभियुक्त रात्रि और जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पकड़ाये व्यक्ति नितेश कुमार मेहता की तलाशी लेने पर धमकी और लेवी लेने हेतु प्रयोग किये गये काले रंग का एयरटेल कंपनी का राउटर और भिन्न भिन्न कम्पनी का तीन (03) मोबाइल सीम सहित बीएसएनल कंपनी का चार सीम कार्ड बरामद किया गया। इसके पूर्व भी बडकागांव थाना काण्ड सं0- 33/23 दिनांक 20.01.2023, धारा- 341/ 323/ 504/ 385/ 387/ 120 (बी) /34 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के वांछित अप्राथमिकी अभियुक्त हैं।

छापामारी दल मे हजारीबाग और बडकागांव थाना पुलिस बल के द्वारा गिरफ्तार जेल भेजा गया पुलिस के द्वारा उसकी सहयोगी के भी खोजबीन जारी है।

# पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो की मनायी गयी पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** मांडू के पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान इंटर कॉलेज में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने पूजा अर्चना कर, माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि पर विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज और टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज परिसर में फलदार पौधे लगाये गये। भाजपा युवा नेता दिनेश कुमार मंडल के प्रयास से पुण्यतिथि पर टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज में महारक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 17 यूनिट रक्तदान किया गया। माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि टेकलाल बाबू मेरे पिता के साथ मेरे गुरु भी थे। उनके तय किये मापदंडों पर चलकर मैंने माण्डू विधानसभा के लगभग सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य किये। चाहे पॉवर सबस्टेशन, पॉवर ग्रिड की बात हो, सड़कों की बात हो, विष्णुगढ़ सीएचसी में मरीजो की सुविधा, टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज को मान्यता दिलवाना या फिर विष्णुगढ़ में आइटीआइ कॉलेज का निर्माण करवाना सब उनके दिए हुए दिशा निर्देश पर चलकर मैने ये सब संभव कर दिखाया। मौके पर ललिता देवी, शिवलाल महतो, सरस्वती देवी, अनिता महतो, सुखदेव यादव, नीतू राज, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव, भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो, निर्मल कुमार, राजेश सोनी, महेंद्र कुमार महतो, डिग्री कॉलेज प्राचार्य रामचंद्र राम, पवन प्रताप सिंह, रामप्रसाद महतो, पारस सिंह, कुंदन कुमार शर्मा, सुखदेव मंडल, हेमलाल साव, सुरेश मंडल, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रसव के दौरान अभद्र व्यवहार करने और पैसा लेने का आरोप, हुई कार्रवाई

**चिकित्सा प्रभारी ने जीएनएम सकीना एंजेल टोप्पो और वार्ड दाय बंधनी देवी को किया चार्ज मुक्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव सीएचसी में पीड़िता के परिजनों से प्रसव के दौरान पैसा लेने और पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार द्वारा जीएनएम सकीना एंजेल टोप्पो और वार्ड दाय बंधनी देवी को तत्काल चार्ज मुक्त किया गया।

**क्या है मामला –** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सांढ़ गांव निवासी प्रदीप कुमार दांगी की पत्नी मधु कुमारी को प्रसव हेतु बड़कागांव सीएचसी लाया गया। उनके साथ पीड़िता की सास कमला देवी और मौसी सोनिया देवी थी। जिन्होंने आरोप लगाया कि प्रसव के दौरान पीड़िता के साथ जीएनएम सकीना एंजेल टोप्पो और वार्ड दाय मासोमात बंधनी देवी द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की गयी तथा जबरन हम लोगों से 2000 की मांग की गयी। हम लोग किसी तरह 1200 दिए और प्रसव के तुरंत बाद अपना पेशेंट लेकर निजी क्लीनिक में चले गये जहां बाकी का इलाज करवाये। जिसकी शिकायत दर्जनों ग्रामीणों के साथ बुधवार को चिकित्सा प्रभारी से की गयी इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने उक्त दोनों को उनके चार्ज से मुक्त कर दिया।

**क्या कहा पीड़िता के साथ उपस्थित परिजनों ने –** पीड़िता की मौसी सोनिया देवी और सास कमला देवी ने बताया कि पैसा लेने को लेकर पीड़िता को काफी परेशान किया जा रहा था इसलिए हम लोगों ने लाचार होकर 1200 दे दिया। और इन सारे घटनाओं से घर जाकर लोगों को अवगत कराया इसके बाद हम लोग आज बड़कागांव अस्पताल पहुंचकर लिखित आवेदन देकर शिकायत की। इस संबंध में जब जीएनएम सकीना एंजेल टोप्पो से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि पीड़िता और उनके परिजनों द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है तथा मैं किसी के साथ अभद्र व्यवहार और ना ही पैसे की मांग की है।

**क्या कहा चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने–** इस संबंध में पूछे जाने पर चिकित्सा प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि शनिवार से अभी तक मेरे पास किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली और आज जब बुधवार को पीड़िता और उनके परिजनों द्वारा लिखित शिकायत मिली तो उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों संलिप्त लोगों को चार्ज मुक्त कर दिया गया। जिसको लेकर दिनांक 27.9.2027 पत्रांक संख्या 628 और पत्रांक 629 के तहत कार्रवाई करते हुए लिखित आदेश जारी कर दी गयी है। मौके पर मुख्य रूप से पीड़िता के पति प्रदीप कुमार दांगी, अंजू देवी, गिन्नी वर्मा, हेमा कुमारी, पूनम देवी, धनेश्वरी देवी, दशरथ महतो, प्रमोद कुमार दांगी, नेतलाल कुमार, विशाल कुमार, मुरारी कुमार, मेजर कुमार, संजय चौधरी, सिकंदर कुमार, छोटन साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग एसीबी टीम ने किया 9वां ट्रैप

# पंचायत सेवक और प्रखंड समन्वयक को धर दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग एसीबी टीम ने डीएसपी विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड कार्यालय से रिश्वत लेते पंचायत सेवक और प्रखंड समन्वयक को रंगे हाथ धर दबोचा। दोनो पैसा भुगतान करने के एवज में रिश्वत ले रहे थे। गिद्धौर प्रखंड के पहरा गांव निवासी सूरज साव पिता स्व मानकी साव ने एसीबी के प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग कार्यालय में आवेदन दिया था, कि इन्हें चापाकल के पास सोखता बनाने और वाटर हारवेस्टिंग का काम प्रखंड से मिला था। इन्होंने 11 सोखता और 3 वाटर हारवेस्टिंग का काम कराया है। सभी योजना का मापी पुस्तक लगभग एक लाख रू का फाइनल हो गया है। इन्हें 20,000 रू का भुगतान हो चुका है। जब ये शेष राशि के भुगतान हेतु पंचायत सेवक, कमलेश कुमार वर्मा और प्रखंड समवयक सीताराम रजक के पास गये तो पंचायत सेवक 5000 रू और प्रखंड समन्वयक 2000 रू रिश्वत की मांग किये। ये रिश्वत देना नही चाहते थे, इसलिए पुलिस अधीक्षक भ्र नि ब्यूरो, हजारीबाग को आवेदन दिये थे। सत्यापन में पंचायत सेवक के द्वारा 5000 रू और प्रखंड समन्वयक के द्वारा 2000 रू रिश्वत मांगे जाने की बात सत्य पाया गया। वादी के आवेदन और सत्यापनकर्त्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्र नि ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड सं 09/2023 पंजीकृत किया गया है। ट्रैप टीम के द्वारा बुधवार को वादी से प्राथमिकी अभियुक्त कमलेश कुमार वर्मा, पंचायत सेवक, पहरा पंचायत को 5000 रू और सीताराम रजक, प्रखंड समन्वयक को 2000 रू रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। एसीबी के एसपी आरिफ एकराम ने बताया की यह साल का 9वां ट्रैप है। साथ ही कहा की एसीबी पूरे एक्टिव मोड में है भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए हमारा टीम तत्पर रहता है। अगर किसी भी व्यक्ति के साथ ऐसा मामला होता है, उनसे पैसे की मांग होगी है या भ्रष्टाचार होता तो एसीबी को सूचित करें। इसके लिए 9470590454 पर भी मामले की जानकारी दी जा सकती है।

# बोंगा में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली की बैठक पार्टी के वरिष्ठ नेता रामचंद्र मेहता की अध्यक्षता में बोंगा गांव में हुई। बैठक के उपरांत बोगा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत कमीटी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से पंचायत अध्यक्ष अशोक प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष वकील प्रसाद मेहता, सचिव वीरेंद्र मेहता, उपाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद मेहता को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली सदस्य मनोहर राम, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य दिगंबर कुमार मेहता, मुरली प्रसाद मेहता, बोगा पंचायत के बलदेव प्रसाद, वीरेंद्र मेहता, सीताराम प्रजापति, महेश प्रसाद, सहदेव महतो, कैलाश राम, महेंद्र भुइया, दशरथ राम, तुलसी राम, नुनु प्रजापति, बैजनाथ महतो, वकील प्रसाद मेहता, जगदीश प्रसाद मेहता, अशोक प्रसाद, बालेश्वर राम, सिकंदर कुमार मेहता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग एमएड में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में नये सत्र 2023-25 के लिए एम एड कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। नामांकन प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर 2023 रखी गयी है। ऑनलाईन आवेदन www.jharkhand universities nic.in चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिया जा रहा है। एम एड में नामांकन की प्रक्रिया विश्वविद्यालयी स्तर पर अंतिम बार ली जा रही है। अगले सत्र से राज्य स्तरीय नामांकन प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर ली जायेगी। इसकी जानकारी एमएड के निदेशक डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता और विभागाध्यक्ष डॉ तनवीर युनूस ने दी।

# मनसा पूजा को लेकर निकाली भव्य कलशयात्रा शामिल हुए विधायक और पूर्व विधायक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झुरझुरी में मां मनसा पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, पंसस मंजु देवी शामिल हुए। कलश यात्रा में 501 कन्याएं और महिलाएं ने माथे पर कलश लेकर मंदिर से उत्तर वाहिनी बरसोती नदी में पूजा अर्चना कर कलश भरकर पुनः मंदिर में स्थापित किया। मां मनसा कि जयकारे से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वहीं इस पुजा को कहा जाता है कि सर्पदंश से सुरक्षित रहने के लिए श्रृद्धालु विषहरी मनसा का पुजा अर्चना करते हैं। वहीं सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से लोगों के जीवन में जहां सद्गुणों का संचार होता है। वही समाज में शांति और सद्भावना होती है। मौके पर बिरेंद्र कुमार शर्मा, भीम प्रसाद, राजकुमार चौधरी, उत्तिम महतो, बिनोद प्रसाद, टुकलाल नायक, राजेश कुमार, राजेश प्रसाद, सहदेव प्रसाद, सोबरण प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, दयानंद प्रसाद, राम लखन प्रसाद, रामेश्वर महतो, लक्ष्मण राणा, छोटा राणा, मुनीलाल प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद समेत सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालु शामिल थे।

# आठ महीने बाद भी धान के मूल्य का भुगतान नहीं

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** सांसद प्रतिनिधि शंभू सिंह ने कोडरमा सांसद, विधायक व कोडरमा उपायुक्त को लिखित ज्ञापन देकर कहा है कि मरकच्चो प्रखंड के मध्य, उत्तरी और दक्षिणी पंचायत के सैकड़ों किसानों का पैक्स में पिछले वर्ष दिसंबर में बेचा गया धान का मूल्य आज 8 माह बाद भी नहीं मिल पाया है। जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आवेदन में यह भी बताया कि जब इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी से बात किया तो उनके द्वारा कोई कार्रवाई नही किया गया। पैक्स के द्वारा किसानों को पैसा नही मिलने से किसान दर दर भटक रहे हैं। परंतु आज तक कोई पहल नही हो पाया है। सांसद प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि जिला में पैसा लेकर पैसा देने का खेल चल रहा है। जो पैसा नहीं दे पा रहा है उसको पैसा नहीं दिया जा रहा है।

# मां चंचालनी धाम में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्रखंड के डगरनवा पंचायत स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चंचालनी धाम में बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में आसपास के सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष ने बढ़ चढ़कर हांथ बटाया और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध पर स्वच्छता शपथ भी लिया गया। अभियान को सफल बनाने में पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रखंड समन्वय राम कुमार, जे एस एल पी एस के सी सी अली अहमद, स्वावलंबी गांव बंदरचौंकवा समेत आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# दसलक्षण पर्व को लेकर 44 लोग उपवास में



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** यूं तो शादी विवाह या शुभ अवसर पर अन्न को थालियों में छोड़ दिया जाता है और इसके लिए समय-समय पर कई समाज इसके लिए सार्थक पहल भी करते है कि उतना ही ले थाली में व्यर्थ ना जाये नाली में का स्लोगन बताया जाता है। वहीं जैन समाज सालों भर सूर्यास्त के बाद अन्न ग्रहण नही करते और साधु संत भी एक समय का आहार लेते है। इधर झुमरीतिलैया में मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में भक्ति की बयार बह रही है। दो माह से समाज के लोग भक्ति में रम गये है। चातुर्मास के दौरान पर्युषण पर्व दसलक्षण में 44 श्रद्धालु भक्तों ने 10 दिन का उपवास रखा है। पहली बार 24 बालिका, महिला एवं 20 युवा और पुरुष वर्ग उपवास कर सुबह 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक विभिन्न अनुष्ठानो में भाग ले रहे है। 26 सितंबर को जैन पंडाल में मेहंदी का कार्यक्रम आयोजित किया और सभी व्रतधारियों को मेहंदी लगायी गयी। इस दौरान मेहंदी ओ मेहंदी तूने कौन सा पूण्य किया है जो व्रतधारी को अपने हाथों में रचा है .. की गूंज सुनाई पड़ रही थी। बताते चले कि इस दसलक्षण में सबसे कम उम्र 16 वर्ष की तनीषा छाबड़ा पहली बार 10 दिन की उपवास में है। इसके पिता राजीव छाबड़ा उर्फ डिम्पल भी उपवास पर है। इसके अलावा सुमित सेठी अपनी पत्नी निशु सेठी तथा कमल काशलीवाल और उनकी पत्नी पिंकी काशलीवाल भी शामिल है। वही 18 वर्ष की देशना पाटनी भी व्रत पर है। साथ क्षुल्लक सोहमसागर जी भी उपवास में है। चातुर्मास समिति के संयोजक नरेंद्र झांझरी, महिला संयोजिका सुनीता सेठी, शोभा यात्रा के ससंयोजक अजय सेठी ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर रथ के साथ शोभा यात्रा निकाली जायेगी। इसमें 11 रथों पर 44 व्रतधारी भी शामिल होंगे।

# रक्तदान शिविर 30 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को कोडरमा जिले के उपायुक्त और डीडीसी से मिलकर रक्तवीर सेवा संघ कोडरमा के प्रतिनिधिमंडल ने संस्था के द्वारा 30 सितंबर को सदर अस्पताल कोडरमा में आयोजित रक्तदान शिविर में आने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल, अजित चंद्रवंशी, शंकर साव, नीरज कुमार, विनीत मोदी, आकाश कुमार और गंगाधर राणा थे। संस्था की ओर से रक्तदान शिविर की तैयारियां जोरों पर है।

## किसान प्रोड्यूशर कंपनी लिमिटेड की चतुर्थ वार्षिक आमसभा आयोजित



**जो घर चला सकती है, उनके लिए कंपनी चलाना कोई बड़ी बात नहीं: चंदन कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के चतुर्थ वार्षिक आमसभा 2022-23 का आयोजन छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में डीसी चंदन कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में डीसी चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से आम सभा का शुभारंभ किया।

**डीसी ने की कंपनी की तारीफः** डीसी चंदन कुमार ने महिला किसानों की तारीफ करते हुए कहां की जिस प्रकार से रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की महिलाओं में आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। मौके पर उपायुक्त ने फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों के बेहतर संचालन हेतु कार्यालय उपलब्ध कराने पर चर्चा करते हुए सभी से अपने-अपने क्षेत्र में पुराने सरकारी भवनों अथवा मर्जर के उपरांत खाली पड़े विद्यालयों का प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अपील की। फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों के बेहतर संचालन हेतु उपायुक्त ने सभी महिला किसानों से पैक्सों द्वारा निर्मित 30 30 एमटी व 5 एमटी के गोदामों का निरीक्षण कर उनके उपयोग हेतु योजना बनाने की अपील की। आम सभा के दौरान उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस रीता सिंह को रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सहित इस तरह के अन्य कंपनियों को जिले के सभी प्रखंडों में कस्टम हायरिंग सेंटर खोलने हेतु प्रेरित करने और कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से खेती के क्षेत्र में आने वाले सकारात्मक बदलावों के प्रति भी सभी को जागरूक किया।

आमसभा में उपायुक्त और अन्य के द्वारा रजरप्पा महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड में बेहतरीन कार्य करने वाले सदस्यों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं रजरप्पा महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए बैंक लिंकेज के तहत 30 लख रुपए का चेक उपायुक्त के द्वारा उपलब्ध कराया गया।

## लक्ष्य के प्रति सच्चे मन से समर्पित रहेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी: आदित्य राज सिन्हा



**ए ला एंग्लाइज विद्यालय में इसरो के वैज्ञानिक आदित्य सिन्हा को समारोह पूर्वक किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में बुधवार को जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सुबोध कुमार सिन्हा व उषा सिन्हा के पुत्र सह इसरो के वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा को समारोह सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा व विद्यालय परिवार द्वारा इसरो संचालित चंद्रयान 3 मिशन में इंजन क्यूरेटर के तौर पर कार्यरत वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा को बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही अंग वस्त्र ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा आरती उतारते हुए स्वागत गान गाया गया। साथ ही तिलक लगाकर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित उनके माता-पिता के साथ वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा का स्वागत किया गया। विद्यालय के बच्चों ने फूलों की बौछार कर उनके आगमन को और भी खास बना दिया। इस गरिमा में कार्यक्रम में विद्यालय संचालन समिति के अलावा लायंस क्लब भुरकुंडा के सभी सदस्य शामिल रहें। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि मंगल मिशन न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए एक जन कल्याणकारी उपलब्धि है। हम सभी के लिए यह गौरव का क्षण है कि हमारे बीच मंगल मिशन के वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि यह पल हमारे सभी बच्चों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा और आने वाले समय में आदित्य की तरह हमें अनेकों साइंटिस्ट देखने को मिलेगा। लायंस क्लब की अध्यक्षा माला शर्मा ने कहा कि चंद्रयान 3 हमसभी भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा की हमें इस प्रकार की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बनाने की आवश्यकता है जिसमें हम आने वाले पीढ़ी को और भी संसाधन युक्त बना सके। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि इसरो के वैज्ञानिक आदित्य राज सिन्हा ने छात्र-छात्राओं से कहा की परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। किसी भी कार्य को करने के लिए आपके पास एक लक्ष्य अवश्य होना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा की बच्चों की बातों को बेवजह मानने के अलावे उन्हें हर बात के पीछे एक लक्ष्य अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। सिन्हा ने अपने स्कूल दिनों की गयी मेहनत और स्कूली दिनों की हंसी मजाक को बच्चो के साथ साक्षा की। उन्होंने कहा कि गुरूओं के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण करने वालों को सफलता जरूर मिलती है। समारोह में बच्चों ने भी वैज्ञानिक आदित्य सिन्हा के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। समारोह में कक्षा 9 की छात्रा शाहीन फातिमा ने आदित्य के जीवन विवरण से विद्यालय परिवार को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन वैभव कुमार और माही कुमारी सोने ने किया।

**समारोह में ये थें मौजूद थें**

समारोह में विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, अनुराग मध्धेशिया, राजकिशोर महतो, धर्मेश सोनी, गौरव साहू, मोहन बेदिया, कंचन सोनी, कृष्ण अम्बष्टा, अजीत शर्मा, अंजू पटेल, अंजली सिन्हा, गीता प्रसाद, बबीता सिंह, नीतू सिंह, सीमा हेम्ब्रम, सीमा मुंडा, रूची सिंह, कंचन दास सहित लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, विजयंत कुमार, अखिलेश शर्मा, संजय सिंह, शिवा प्रसाद, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मोहम्मद मुमताज के अलावे दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

# हैवानियत की हदः भैंस ने खाई फसल, ग्वाले को बनाया बंधक

**खेत के मालिकों की हरकत से शर्मसार हुई मानवता**

**कैमरा देख ग्वाले को खोला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** इंसान कब हैवान का रूप ले ले, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उसकी हरकतों से जब मानवता शर्मसार होती है तो ऐसा लगता है कि धरती पर मनुष्य का कोई मूल्य नहीं बचा। ऐसे ही एक शर्मसार कर देने वाली घटना बुधवार को रामगढ़ शहर के बाजार टांड़ सिदो कान्हु मैदान के समीप हुई। यहां राजू ट्रेडर्स दुकान में खेत के मालिकों ने एक ग्वाले को सिर्फ इसलिए खंभे से बांधकर सजा दी, क्योंकि उसकी भैंस ने फसल खा ली थी। बेचारा ग्वाला तब तक गिड़गिड़ाता रहा, जब तक की उसे खोल नहीं दिया गया। उसकी सजा इसलिए खत्म हो गयी, क्योंकि मीडिया पहुंच गयी।

**चोरों की तरह खंभे से लिपटे घंटे खड़े रहे रघु यादवः** तस्वीर में आप देख रहे हैं कि एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति खंभे से चोरों की तरह बांधा गया है। ऐसा लग रहा है शायद उसने किसी गंभीर अपराध को अंजाम दिया है और नागरिकों ने उसे पड़कर रखा है।



**पीड़ित व्यक्ति ने लिया अरुण का नाम**

मीडिया वालों की मौजूदगी में रघु यादव मुक्त हुआ तो उसने अपनी आपबीती भी बतायी। उसने कहा कि उसकी भैंस अरुण नामक व्यक्ति के खेत में घुस गयी थी। इसी वजह से अरुण आग बबूला हो गया था। उसने अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ मिल कर उसे खंबे से बांध दिया था। लगभग दो घंटे तक वह वैसे ही खड़ा रहा। वे लोग लगातार उसे हर्जाना देने की मांग कर रहे थे।

खंभे से बंधा व्यक्ति रघु यादव की गलती सिर्फ यह है कि वह अपनी भैंस को चराने के लिए बाहर लेकर गया था। इसी दौरान उसकी भैंस एक खेत में घुस गयी और उसने कुछ फसल खा लिये। बेजुबान जानवर की इस हरकत को देखकर खेत के मालिकों ने ग्वाले को ही सजा देना बेहतर समझा। ग्वाले को चोरों की तरह पकड़ कर वहां लाया गया और फिर उसे खंबे में बांध दिया गया। इस हालत में रघु यादव कई घंटे तक खड़े रहे और वह लगातार गिड़गिड़ा कर खोलने की विनती करते रहे। खेत के मालिकों का कहना था कि जितनी फसल भैंस ने खाई है उसका पूरा हर्जाना भरने के बाद ही उसे खोला जायेगा। अगर वह हर्जाना नहीं देता है तो वह ऐसे ही खंभे से बंधा रहेगा।

**मीडिया के पहुंचते ही मच गयी खलबलीः** इस घटना की सूचना मिलने पर मीडिया जब मौका-ए-वारदात पर पहुंची तो वहां खलबली मच गई। एक महिला ने तस्वीर लेने से भी मना किया। साथ ही कुछ नहीं बताने की बात भी कही। लेकिन जब संवाददाता ने तस्वीर लेनी शुरू की तो उन लोगों ने अपनी गलती को छुपाने के लिए पहले तो उस अधेड़ व्यक्ति के सामने खड़े होने का प्रयास किया। इसके बाद कुछ युवकों ने खंभे से बंधे रघु यादव को खोलने की कोशिश की।

**ना पुलिस का डर, ना प्रशासन का भय, ऑन द स्पॉट फैसले की थी तैयारी**

बाजार टांड़ रामगढ़ शहर का सबसे अधिक भीड़ भाड़ वाला इलाका है। यहां लगने वाले बाजार में हजारों लोग आते हैं। इसके अलावा सारे वीआइपी अधिकारी भी इसी रास्ते से होकर रामगढ़ शहर पहुंचते हैं। सिदो कान्हू स्टेडियम अपने आप में एक बड़ा लैंडमार्क है। इसके बावजूद वहां अरुण नामक व्यक्ति ने जिस तरीके से रघु यादव को सजा देने की कोशिश की, इससे यह साफ है कि उसके अंदर ना तो पुलिस का डर था और ना ही प्रशासन का भय। वह ऑन द स्पॉट फैसला करने की तैयारी में था। उस वीआइपी रोड पर एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति को खंबे से बांध देना उसकी हैवानियत भरी मानसिकता का परिचायक है।

## मांडू विधानसभा स्तरीय बूढ़ा करम झूमर प्रतियोगिता आयोजित

# झारखंड की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है आजसूः सुदेश महतो

अमरजीत कुमार

**कुजू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी द्वारा तरवाटांड़, मुरपा, कुजू मैदान में मांडू विधानसभा स्तरीय बूढ़ा करमा झूमर प्रतियोगिता समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो की अगुवाई में आगत अतिथियों का बुके भेंटकर, माल्यार्पण, पुष्पवर्षा और अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। इससे पूर्व, अतिथियों का ढोल नगाड़ों की धुन पर भव्य स्वागत कर मंच तक लाया गया। वही, सुदेश महतो और चंद्र प्रकाश चौधरी ने अखरा में स्वंय नगाड़ा की धुन बजाकर प्रतिभागियों को हौसला अफजाई की। साथ ही, अखरा में समर्थकों संग कदम से कदम मिलाकर जमकर नृत्य किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि करमा पर्व झारखंड की विरासत है। जिसे निखारने के लिए आगे आने की



जरूरत है। झारखंड की विरासत संस्कृति को बढ़ावा देने में आजसू पार्टी निरंतर प्रयासरत है। पार्टी नेताओं द्वारा विधानसभा स्तरीय पर झारखंड की संस्कृति को बचाने हेतु किया जा रहा सराहनीय कार्य बेहतर पहल है। कहा कि करमा का पर्व प्रकृति और संस्कृति के प्रति आस्था और प्रेम का संदेश देता है। वही, चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि अपनी पहचान व संस्कृति विरासत को बचाने में ऐसे आयोजन का अहम योगदान रहता है। ऐसे आयोजनों से लोगों में भाईचारगी बढ़ता है व एक दूसरे से मिलने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन को बढ़ावा देकर प्रखंड व विधानसभा स्तर पर आयोजित होने से अपनी संस्कृति के संदेश को दूर-दूर तक भेजने का कार्य किया जाता है। इसलिए ऐसे आयोजन का समय-समय पर पार्टी द्वारा आगे भी किया जायेगा। इधर, प्रतियोगिता में शामिल करीब एक सौ टीमो ने अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन करते हुए आकर्षक झूमर की प्रस्तुति की। साथ ही, झूमर मंडली द्वारा गीता- रामायण से जुड़े प्रसंगों पर अपना झूमर गीत और नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का खूब मन मोहा। समाचार लिखे जाने तक झूमर टीमों द्वारा गीत और नृत्य का दौर जारी था। इनमें से सफल प्रतिभागी को खस्सी एवं अन्य टीमों को सात्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। क्षेत्र में पहली बार मांडु विधानसभा स्तरीय झूमर प्रतियोगिता कार्यक्रम को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखा जा रहा है। इससे पूर्व, अखरा उद्घाटन तिवारी महतो व परमेश्वर महतो ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर संयुक्त रूप से किया। वही, अपने संबोधन के दौरान तिवारी महतो ने कार्यक्रम की सफलता पर आजसू समर्थकों का भी कोटि कोटि आभार प्रकट किया। कहा कि आप सभी के सहयोग से कार्यक्रम में सफलता पार्टी को मिली है। मौके पर नरेश महतो, लालचंद महतो, राम भजन लाल महतो, हेमलाल महतो, किशुन महतो, सुनीता देवी, चन्द्रमणि देवी, सरिता सिंह, भोला तुरी, दिलीप दांगी, तेजनाथ महतो, राकेश कुमार, भुनेश्वर महतो, जयकिशोर महतो, अजय मंडल, गोविंद महतो, प्रेम पटेल, चितु महतो, विकास पटेल, अमित ठाकुर, संदीप कुमार, मदन महतो, काशीनाथ महतो, मनोज महतो, महेश रंजन, संगीता कुमारी, शक्ति कुमार, लोकनाथ महतो, संतोष साहू, नितेश गुप्ता, जयराम प्रजापति, सहदेव मांझी, महेश महतो, महेश ठाकुर, उमाशंकर ठाकुर, विष्णु महतो, अखिल कुमार, कमलेश महतो, ओम प्रकाश पटेल समेत कई लोग शामिल रहे।

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टर बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की गयी। बैठक में सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद द्वारा 6 नये अल्ट्रासाउण्ड खोलने का प्रस्ताव रखा गया। उपायुक्त ने सभी प्राप्त प्रस्तावों के दस्तावेज और भौतिक सत्यापन की समीक्षा कर सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र के दस्तावेज सत्यापन और भौतिक सत्यापन पूर्ण कर लेने के पश्चात अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया। जिले में संचालित अल्ट्रासाउण्ड केंद्र की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन चतरा ने जानकारी दिया कि वर्तमान में जिले के अंदर कुल 13 (तेरह) अल्ट्रासाउण्ड केंद्र संचालित है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को गठित टीम के साथ संचालित व बंद पड़े सभी



अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण कर रिर्पोट तैयार कर उपलब्ध कराने, सभी संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों में सीसीटीवी का अधिष्ठापन करवाना सुनिश्चित करने के साथ ही वैसे अल्ट्रासाउंड केंद्र जहां स्टाफ या कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा अल्ट्रासाउण्ड किया जाता है और जिनके नाम से केंद्र पंजीकृत है वह उपस्थित नहीं रहते हैं वैसे केंद्रों को चिन्हित करते हुए औचक निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक पीएनडीटी एक्ट 1996, के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है।

ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल की सजा और 10 से 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा का प्रावधान है। उपायुक्त ने जिले में संचालित निजी अस्पतालों की जानकारी प्राप्त करते हुए निजी अस्पताल जहां पर चिकित्सक सूची बोर्ड में चिकित्सक का नाम तो दर्ज है परन्तु अस्तपताल में वह चिकित्सक लंबे समय से उपस्थित नहीं है या वर्तमान में कार्यरत नहीं है वैसी स्थिति में मरीजों के परेशानी को देखते हुए सूची से चिकित्सक का नाम हटाने और वैसे चिकित्सक जो अस्पताल में मरीजों के इलाज कर रहे हैं उनका नाम, बैठने का समय और उनकी योग्यता बोर्ड पर प्रकाशित करने, साथ ही जिले में अवैध रूप से संचलित नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टर को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन चतरा जगदीश प्रसाद, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अस्पताल उपाधीक्षक डा. मनीष लाल, रेड क्रॉस से धर्मेन्द्र पाठक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## विधायक किशुन दास के प्रयास से टंडवा में बस स्टैंड का होगा विकास




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के अथक प्रयास के बाद टंडवा में बस स्टैंड का विकास कार्य किया जायेगा। सिमरिया विधायक के द्वारा सीसीएल से टंडवा में यात्रियों के परेशानी को देखते हुये अंबेडकर चौक के नजदीक बस स्टैंड का विकास करने का मांग किया गया था। जिस पर आम्रपाली चन्द्रगुप्त महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह त्वरित संज्ञान में लेते हुये 20 लाख 8 हजार के लागत से बस स्टैंड का विकास करने का निविदा निकाली गयी है। जिसमे संवेदक को 1 महीने के अंदर कार्य को संपन्न करना है। कार्य में 9619 एमक्यू मिट्टी भरकर बस स्टैंड का विकास करना है। जहां बसों का ठहराव होगा। काफी लंबे समय से टंडवा में बस स्टैंड नहीं होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विधायक किशुन कुमार दास के इस पहल से टंडवा बाजार के लोगो को भी जाम से मुक्ति मिलेगी और राहगीरों को सुविधा होगी।

## वज्रपात से पति-पत्नी की मौत



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के जांगी गांव में बुधवार को वज्रपात से युवा पति-पत्नी की मौत हो गई। मृतकों में सुरेंद्र यादव और उसकी पत्नी सुरेखा देवी शामिल हैं। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र ने खेत में टमाटर की फसल लगाई थी जिसकी कोड़ाई करने के लिए दोनों पति पत्नी खेत पहुंचे थे। दोनों फसल की कोड़ाई कर ही रहे थे कि बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए दोनों एक पेड़ के नीचे खड़े हो गये। तभी भारी गर्जना के साथ पेड़ पर वज्रपात हो गया। दोनों को तेज आघात लगा और वहीं गिर पड़े। दोनों की मौत मौके पर ही हो गई किंतु ग्रामीण और परिजन एक उम्मीद लेकर कि शायद उनकी जान बच जाये उन्हें सदर अस्पताल चतरा ले आये। किंतु चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद मृतक दंपति के परिजनों में हाहाकार मच गया है। मृतकों के दो मासूम बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है जबकि गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। युवा दंपति के इस प्रकार हुई अचानक मौत से गांव के लोग मर्माहत हैं और बच्चों के लालन-पालन की चिंता कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल में दंपति का अंत्यपरीक्षण किया जा रहा था और मृतक दंपति के घर भीड़ जुटी हुई थी।

## नशा के विरुद्ध रामगढ़ जिले में चलाया जा रहा अभियान सराहनीय: निशि पांडेय



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की भारतीय जनतंत्र मोर्चा की महिला नेत्री निशि पांडेय ने पुलिस की कार्रवाई पर हर्ष व्यक्त करते हुए बुधवार को प्रेस बयान जारी कर रामगढ़ जिला पुलिस की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ माह से पूरे रामगढ़ जिला में नशीले पदार्थों के लेन-देन करने वालों और इसे व्यावसायिक रूप देने वाले के विरुद्ध रामगढ़ जिला पुलिस ने मोर्चा खोलकर बड़ी कामयाबी हासिल की है जो सराहनीय कदम है। खास करके पतरातू के एसडीपीओ डॉ. वीरेंद्र कुमार चैधरी के नेतृत्व में इनके अधीन आने वाले पतरातू थाना, बासल थाना, भुरकुंडा ओपी, भदानीनगर ओपी और बरकाकाना थाना क्षेत्र में नशीली पदार्थों के कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसका परिणाम भी आए दिन देखने को मिला है। कुछ दिन पूर्व बरकाकाना थाना पुलिस ने भी बड़ी मात्रा में नशीली पदार्थों सहित गंजा को पकड़ा था। वहीं 26 सितंबर को भी भुरकुंडा ओपी के के प्रभारी मयंक प्रसाद द्वारा बड़ी मात्रा मे गंजा पकड़ा गया। जिसकी मात्रा करीब 115 किलो बताई जाती है, यह पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। एसडीपीओ श्री चैधरी के मार्गदर्शन में ही पुलिस ने इतनी बड़ी कामयाबी हासिल की है इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भुरकुंडा के नव नियुक्त थाना प्रभारी मयंक प्रसाद ने बहुत कम समय में इतनी बड़ी सफलता हासिल कर अपनी योग्यता को साबित कर दिया है। निशि पांडेय ने रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक सहित पूरे जिले के पुलिस बल को नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के लिए बधाई देते हुए आगे भी ऐसी कारवाई करनी की अपील की है। ताकि रामगढ़ जिला नशा मुक्त हो सके।

## लबगा पंचायत की दिवंगत मुखिया को श्रद्धांजलि देने पहुंचे रोशनलाल चौधरी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लबगा पंचायत की दिवंगत मुखिया हेमा कुमारी के आकस्मिक निधन की सूचना पर बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने लबगा पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें ढांढस बंधाते हुए दिवंगत हेमा कुमारी को श्रद्धांजलि दी। मौके पर रोशन लाल चैधरी ने कहा कि यह घटना अत्यंत दु:खद है। स्व. हेमा कुमारी मृदुलभाषी एवं अत्यंत ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्व की थीं। उन्होंने कहा कि हेमा कुमारी का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहती थीं। उनके निधन की सूचना से हर कोई अचंभित और दु:खी है। उनकी कमी को पूरा नही किया जा सकता। श्री चैधरी ने स्व. हेमा कुमारी के पति पूर्व मुखिया शिव प्रसाद मुंडा सहित शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी में साहस प्रदान करने की कामना की। मौके पर सैंकड़ों लोगों नम आंखों से मुखिया को श्रद्धांजलि दी।

## माली मालाकार कल्याण समिति ने सेंट्रल सौंदा में समाज के 15 घरों में जाकर किया जनगणना



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** माली मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ द्वारा समाज के हर घर जनगणना की शुरूआत बुधवार को सेंट्रल सौंदा से की गई। इस दौरान समिति के जिला अध्यक्ष पिंटू मालाकार व सचिव उदय मालाकार के नेतृत्व में 15 घरों में जाकर लोगों का जनगणना किया गया। जनगणना करने वालो में डॉ. रवि कुमार, प्रवेश मालाकार, दीपक मालाकार, आलोक मालाकार, दिलीप मालाकार, अनिल मालाकार, महेंद्र भगत, अजय भगत, निखिल मालाकार, रूपा मालाकार, विशाल मालाकार, सुनीता देवी, राजकुमार मालाकार, नंदलाल भगत, सूरज भगत, योगेंद्र भगत, ब्लू मालाकार, राजकुमार भगत, जयपुर मालाकार, सुरेंद्र भगत आदि शामिल थें।

## मुखिया को श्रद्धांजलि देने पहुंची समाजसेविका निशि पांडेय



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लबगा पंचायत की दिवंगत मुखिया हेमा कुमारी के आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका सह भारतीय जनतंत्र मोर्चा की महिला नेत्री निशि पांडेय बुधवार को लबगा पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उन्हें ढांढस बंधाते हुए दिवंगत हेमा कुमारी को श्रद्धांजलि दी। निशि पांडेय ने स्व. हेमा कुमारी के पति पूर्व मुखिया शिव प्रसाद मुंडा सहित उनके परिजनो को ढ़ाढ़स बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को सहनशक्ति देने की भगवान से प्रार्थना की।

# फिर उठा कावेरी विवाद

कावेरी जल बंटवारे का मुद्दा तब एक बार फिर गरमाता नजर आया, जब तमिलनाडु को रोजाना 5000 क्यूसेक के हिसाब से पानी देने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ मंगलवार को बेंगलुरु बंद रखा गया। हालांकि बंद कमोबेश शांतिपूर्ण रहा, लेकिन राज्य में बीजेपी और जेडीएस जैसे मुख्य विपक्षी दलों के समर्थन ने इसकी अहमियत बढ़ा दी। राज्य में कावेरी जल विवाद जब-तब गरमाता रहा है, लेकिन इस बार के विरोध की तुलना पिछले विरोधों से नहीं की जा सकती। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि तब इस मामले के निपटारे का कोई व्यवस्थित और तर्कसंगत तरीका नहीं निकाला गया था। चूंकि कावेरी बेंगलुरु शहर के लिए पेयजल की और राज्य के मांडवा क्षेत्र की कृषि भूमि के लिए सिंचाई जल की आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत है, इसलिए इसके जल के बंटवारे का सवाल एक भावनात्मक मुद्दा रहा है और उसे भुनाने में तमाम राजनीतिक दल आगे रहे हैं। लेकिन 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने न केवल सभी राज्यों का कोटा तय कर दिया बल्कि उस फैसले पर सही ढंग से अमल सुनिश्चित करने के लिए कावेरी वॉटर मैनेजमेंट अथॉरिटी (सीडब्लूएमए) और कावेरी वॉटर रेगुलेटरी कमिटी (सीडब्लूआरसी) का भी गठन करवा दिया। ये दोनों गैर-राजनीतिक निकाय हैं और नियमित रूप से अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं।

**कावेरी वाटर मैनेजमेंट अथॉरिटी (सीडब्लूएमए) ने एक आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया कि कर्नाटक अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को कावेरी नदी से पांच हजार क्यूसेक पानी दे। कर्नाटक के किसान संगठन, कन्नड़ संस्थाएं और विपक्षी पार्टियां इसी फैसले का विरोध कर रही हैं।**

इस बार भी तमिलनाडु और कर्नाटक सरकार के दावों और उनकी मांगों पर जमीनी हकीकत की रोशनी में विचार करते हुए सीडब्लूआरसी की सिफारिशों के आधार पर सीडब्लूएमए ने कर्नाटक को 5000 क्यूसेक रोजाना के हिसाब से पानी देने को कहा, जो तमिलनाडु की मांग से कम है। दोनों राज्य सरकारें इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गईं लेकिन कोर्ट ने सीडब्लूएमए के निर्देशों में दखल देने से इनकार कर दिया। ऐसे में अगर कर्नाटक सरकार ने इस फैसले पर अमल करने का निर्णय लिया तो उसे गलत मानना मुश्किल है। जो संगठन और राजनीतिक दल इस फैसले का विरोध कर रहे हैं, उनका कहना है कि 2018 में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का फैसला सामान्य स्थितियों के लिए था, जबकि इस बार मॉनसून की बारिश काफी कम रही है। यह बात हालांकि सही है, लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि सीडब्लूएमए ने इस स्थिति पर विचार करते हुए ही अपना फैसला दिया है। कर्नाटक सरकार ने भी कहा है कि 26 सितंबर के बाद वह हालात पर फिर से विचार करेगी और तब आगे का रुख तय करेगी। ध्यान में रखने वाली बात यह भी है कि इस बीच मांडवा में किसानों ने कम पानी वाली फसलों पर फोकस करना शुरू किया है। दूसरी बात किसानों की नई पीढ़ी गैर-कृषि क्षेत्रों की ओर रुख कर रही है। इन वजहों से कावेरी का मुद्दा पहले जितना भावनात्मक नहीं रहा। राजनीति भी अगर इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपना रुख तय करे

अभिमत
आजाद सिपाही

**गांधी के सामने परेशानी ये भी थी कि क्रांतिकारी खुद ही अपनी फांसी का विरोध नहीं कर रहे थे। गांधी की एक कोशिश थी कि भगत सिंह और साथी वादा करें कि वो आगे हिंसक कदम नहीं उठाएंगे। इसका हवाला देकर वो अंग्रेजों से फांसी की सजा रुकवा लें। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। गांधी ने आसफ अली को लाहौर में भगत सिंह और उनके साथियों से मिलने भेजा। वो बस एक वादा चाहते थे कि भगत सिंह और उनके साथी हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे। लेकिन, आसफ अली और भगत सिंह की मुलाकात ना हो सकी।**

# भगत सिंह को फांसी से नहीं बचा पाये थे गांधी!

पंकज कुमार श्रीवास्तव




**23 मार्च को यानि फांसी की निर्धारित तारीख से एक दिन पहले गांधी ने इरविन को एक चिट्ठी लिखकर कई कारण गिनाए और इस सजा को रोकने की अपील की। लेकिन, 23 मार्च को सजा की मुकर्रर तारीख से एक दिन पहले ही भगत सिंह और उनके साथियों को फांसी दे दी गई।**

8 अप्रैल,1929 को असेंबली में बम फेंकने के आरोप में भगत सिंह, सुखदेव और बटुकेश्वर दत्त को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास वह पिस्तौल मिली थी, जिसकी गोलियों से लाहौर में पुलिस अफसर सांडर्स की हुई थी। उन्हें फांसी की सजा सांडर्स की हत्या के मामले में सुनाई गई थी।

7 अक्टूबर,1930 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा सुनाई गई थी। उनकी फांसी के लिए 24 मार्च,1931 की तारीख तय की गई थी। कोर्ट ट्रायल और भूख हड़ताल की वजह से भगत सिंह और उनके साथी युवाओं के बीच में काफी लोकप्रिय हो गए थे.

गांधी भारत के सबसे बड़े नेता थे। सबको गांधी से उम्मीद थी कि वो इस मामले में तुरंत कुछ करेंगे। भगत सिंह के समर्थक चाहते थे कि गांधी, गांधी इरविन वार्ता की शर्तों में भगत सिंह की फांसी रोकना शामिल करें। गांधी ने ऐसा नहीं किया। इसकी वजह उन्होंने यंग इंडिया अखबार में लिखे लेख में बताई। उन्होंने लिखा-कांग्रेस वर्किंग कमिटी भी मुझसे सहमत थी। हम इस बात की शर्त नहीं रख सकते थे कि अंग्रेजी हुकूमत भगत, राजगुरु और सुखदेव की सजा कम करे। मैं वायसराय के साथ अलग से इस पर बात कर सकता था।

**ब्रिटिश सरकार उन्हें रिहा कर ये संदेश नहीं देना चाहती थी कि अंग्रेज अधिकारी की हत्या कर कोई बच सकता है।**

गांधी के सामने परेशानी ये भी थी कि क्रांतिकारी खुद ही अपनी फांसी का विरोध नहीं कर रहे थे। गांधी की एक कोशिश थी कि भगत सिंह और साथी वादा करें कि वो आगे हिंसक कदम नहीं उठाएंगे। इसका हवाला देकर वो अंग्रेजों से फांसी की सजा रुकवा लें। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। गांधी ने आसफ अली को लाहौर में भगत सिंह और उनके साथियों से मिलने भेजा। वो बस एक वादा चाहते थे कि भगत सिंह और उनके साथी हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे। इससे वो अंग्रेजों के साथ बात कर सकेंगे। लेकिन, आसफ अली और भगत सिंह की मुलाकात ना हो सकी। आसफ अली ने लाहौर में प्रेस को बताया- मैं दिल्ली से लाहौर आया, ताकि भगत सिंह से मिल सकूं। मैं भगत सिंह से एक चिट्ठी लेना चाहता था, जो रिवॉल्यूशनरी पार्टी के उनके साथियों के नाम होती। जिसमें भगत अपने क्रांतिकारी साथियों से कहते कि वो हिंसा का रास्ता छोड़ दें। मैंने भगत से मिलने की हर मुमकिन कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो पाया।

भगत सिंह खुद अपनी सजामाफी की अर्जी देने के लिए तैयार नहीं थे। जब उनके पिता ने इसके लिए अर्जी लगाई तो उन्होंने बेहद कड़े शब्दों में पत्र लिखकर इसका जवाब दिया था। गांधीजी उनकी सजा माफ नहीं करा सके, इसे लेकर गांधीजी से भगत सिंह की नाराजगी के साक्ष्य नहीं हैं।

गांधी और इरविन के बीच 17 फरवरी से 5 मार्च, 1931 के बीच बातचीत हुई। वार्ता के लिए निर्धारित मुद्दों में भगत सिंह की फांसी का मुद्दा नहीं था। 5 मार्च को हुए समझौते में अहिंसक तरीके से संघर्ष के दौरान पकड़े गए सभी कैदियों को छोड़ने की बात तय हुई। मगर, राजकीय हत्या के मामले में फांसी की सजा पाने वाले भगत सिंह सहित तमाम दूसरे कैदियों को माफी नहीं मिल सकी।

महात्मा गांधी यंग इंडिया में लिखते हैं- 18 फरवरी को वाइसरॉय इरविन के सामने भगत सिंह के बारे में बात करते हुए मैंने उनसे (लॉर्ड इरविन से) कहा 'इसका हमारी वर्तमान बातचीत से कोई संबंध नहीं, हो सकता है ये मेरी तरफ से थोड़ी अनुपयुक्त बातचीत लगे। पर अगर आप इस माहौल को उचित समझें तो भगत सिंह की फांसी स्थगित कर देनी चाहिए।'

वाइसरॉय इरविन को ये बात बहुत अच्छी लगी थी। उन्होंने कहा- मुझे अच्छा लगा कि आपने ये बात मेरे सामने इस तरह से रखी। सजा का वापस लेना एक मुश्किल बात हो सकती है, लेकिन फांसी स्थगित करने पर विचार किया जा सकता है।

इरविन ने ब्रिटिश सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में भगत सिंह की सजा और गांधी के बारे में कहा-गांधी चूंकि अहिंसा में यकीन करते हैं, इसीलिए वो किसी की भी जान लिए जाने के खिलाफ हैं। मगर उन्हें लगता है कि मौजूदा हालात में बेहतर माहौल बनाने के लिए ये सजा मुलतवी कर देनी चाहिए।'

ये सवाल उठ सकता है कि क्या गांधी सिर्फ भगत सिंह की फांसी स्थगित करने को लेकर प्रयास कर रहे थे? फांसी रुकवाने के लिए नहीं? इसका जवाब चंदरपाल सिंह के रिसर्च पेपर में मिलता है। कानूनी तौर पर प्रिवी काउंसिल के फैसले के बाद वाइसरॉय द्वारा फांसी रोका जाना संभव नहीं था। कांग्रेस पहले ही इसकी कानूनी संभावना तलाश चुकी थी।

29 अप्रैल, 1931 को विजय राघवचारी को लिखे पत्र में महात्मा गांधी ने स्वीकारा कि 'कानूनविद तेज बहादुर ने वाइसरॉय से इस बात पर चर्चा की थी कि फांसी रोके जाने की कोई कानूनी संभावना है या नहीं, पर ऐसी कोई संभावना नहीं थी।

गांधी ये जान चुके थे कि कानूनी तौर पर प्रिवी काउंसिल के फैसले के बाद वाइसरॉय फांसी की सजा को पूरी तरह रोक नहीं सकते। इसलिए गांधी ने फांसी रोकने की जगह स्थगित (पोस्टपोन) करने पर जोर दिया।

महात्मा गांधी ने भगत सिंह की फांसी का मुद्दा दूसरी बार तब उठाया जब 19 मार्च, 1931 को इरविन पैक्ट के नोटिफिकेशन को लेकर उनकी मुलाकात हुई। इरविन ने इस बातचीत को नोट भी किया था। बाद में इरविन ने गांधी को जवाब दिया- फांसी की तारीख आगे बढ़ाना, वो भी बस राजनैतिक वजहों से, वो भी तब जबकि तारीख का ऐलान हो चुका है, सही नहीं होगा.

एक और झटका लगने के बाद भी गांधी कोशिशों में लगे रहे। 21 और 22 मार्च को भी गांधी और इरविन की मुलाकात हुई। गांधी ने हर बार इरविन से भगत सिंह और साथियों की सजा रोकने की मांग की। इरविन ने वादा किया कि वो इस पर विचार करेंगे।

भगत सिंह पर अंग्रेज अधिकारी की हत्या का मामला था। ब्रिटिश सरकार उन्हें रिहा कर ये संदेश नहीं देना चाहती थी कि अंग्रेज अधिकारी की हत्या कर कोई बच सकता है।

23 मार्च को यानि फांसी की निर्धारित तारीख से एक दिन पहले गांधी ने इरविन को एक चिट्ठी लिखकर कई कारण गिनाए और इस सजा को रोकने की अपील की। लेकिन, 23 मार्च को सजा की मुकर्रर तारीख से एक दिन पहले ही भगत सिंह और उनके साथियों को फांसी दे दी गई।

25 मार्च, 1931 को जब गांधी कांग्रेस अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए करांची पहुंचे, तो उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। गांधी मुदार्बाद-गांधी गो बैक जैसे नारे लगे।इन तथ्यों के आलोक में ऐसा नहीं लगता कि गांधी ने भगत सिंह की फांसी को रुकवाने की कोशिश नहीं की। लेकिन वो कामयाब ना हो सके यह एक तथ्य है।

**(लेखक : स्नातक पत्रकारिता, स्नातकोत्तर प्रबंधन सह झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक डालटनगंज के सेवानिवृत्त प्रबंधक हैं)**

## ओड़िशा/जमशेदपुर की खबरें

# सोआ एसएचएम ने विश्व पर्यटन दिवस मनाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा प्रबंधित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) द्वारा बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। इस वर्ष के विश्व पर्यटन दिवस का विषय पर्यटन और हरित निवेश था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में, आईटीआई भुवनेश्वर के अध्यक्ष इंजीनियर जीतिमित्रा शतपथी ने विश्व पर्यटन दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को सजग रहना चाहिए। इस वर्ष की थीम संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एसएचएम के डीन प्रो सुशांत कुमार चईनी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि यह पर्यटन को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। अंशुमन रथ पर्यटन विभाग ओडिशा जो सम्मानित अतिथि थे, उन्होंने कहा कि व्यस्त जीवन के बीच, हम सभी को यात्रा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा करने से आनंद मिलता है और वह अपनी यादों को संजो कर रख सकते हैं। इस वर्ष के विश्व पर्यटन दिवस के विषय को रेखांकित करते हुए, रथ ने युवाओं के लिए हरित पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# सरायकेला के उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने गम्हरिया थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाइ की। बुधवार को विभाग ने स्थानीय पुलिस की सहयोग से गम्हरिया थाना अंतर्गत जमजोड़ा बिरजूगुतू, धातकीडीह गंडे, डूंगरी क्षेत्रों में अवैध शराब खिलाफ कार्रवाई करते ही शराब माफियाओं में हलचल मच गया। आबकारी विभाग गम्हरिया थाना क्षेत्र में अवैध महुआ भट्ठी को धस्त करते हुए 3000 केजी जावा महुआ को नस्ट किया। वही 100 लीटर से भी अधिक अवैध चूलाई शराब जप्त कर लिया। साथ ही संबंधित अवैध शराब कारोबारीयों का सत्यापन कर उनके विरुद्ध उत्पाद अभियोग दर्ज किया गया।

## कोलकाता में दक्षिण पूर्व रेलवे की बैठक में शामिल हुए सांसद

# बांग्ला भाषा में रेलवे स्टेशन का नाम अंकित हो : सांसद

आजाद सिपाही सवांददाता

**कई ट्रेन चालू, रेलवे लाइन व ओवर ब्रिज निर्माण के लिए सौपा मांग पत्र, मला आश्वासन**






**जमशेदपुर।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी की 103 वीं बैठक एक होटल में आयोजित की गई। बुधवार को आयोजित बैठक में सांसद बिद्युत बरण महतो शामिल हुए। मौके पर सांसद ने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ को पुनः एक बार समिति के समक्ष रखा। मांगों में टाटा आरा ट्रेन को बक्सर तक ले जाने, टाटा से जयनगर रेल सेवा की शुरूआत करने, टाटा लोकमान्य तिलक अंत्योदय एक्सप्रेस का पुनः परिचालन करने, टाटा एलेप्पी का पुनः परिचालन करने, घाटशिला रेलवे स्टेशन पर संतरागाछी अजमेर शरीफ ट्रेन, गोरखपुर शालीमार ट्रेन, ताम्बरम एक्सप्रेस और समलेश्वरी एक्सप्रेस का ठहराव करने, गालूडीह रेलवे स्टेशन पर इस्पात एक्सप्रेस, शालीमार कुर्ला, टाटा खड़गपुर मेमू ट्रेन का ठहराव करने, राखा माइन्स स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव करने, जुगसलाई और धालभूमगढ़ में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने, घाटशिला के कुतलूडीह में रेल अंडर पास का निर्माण करने, बारीगोड़ा व गोविंदपुर में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण करने की मांग शामिल है। वही सांसद ने चाकुलिया से बुड़ामारा रेलवे लाइन, चांडील से पटमदा होते हुए बांदवान झाड़ग्राम तक रेलवे लाइन, टाटा बादाम पहाड़ लाइन की दोहरीकरण की बात को रेखांकित किया। महतो ने अपने लोकसभा क्षेत्र में जिन रेलवे स्टेशनों का नाम बांग्ला भाषा में लिखा था जिन्हें अब हटा दिया गया है उस स्टेशनों में पुनः बांग्ला भाषा में रेलवे स्टेशन का फिर से अंकित करने की मांग की। इसके अतिरिक्त परसुडीह के मकदमपुर कॉलोनी में होने वाले जल जमाव के मामले को भी प्रमुखता से रखा। समाधान के लिए मांग की। सांसद ने कहा निरीक्षण कर रेलवे के द्वारा समाधान किया जाना चाहिए। बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल ने बताया जुगसलाई व धालभूमगढ़ के फूट ओवर ब्रिज का स्वीकृत हो गयी है। निकट भविष्य में इसकी निविदा निकाली जायेगी। जबकि बारीगोड़ा ओवर ब्रिज व गोविंदपुर ओवर ब्रिज के बारे में उन्होंने सूचित किया रेलवे ने इसकी स्वीकृति दे दी है। राज्य सरकार के द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सभी विषयों में उन्होंने कहा वह समुचित अध्ययन कर इस पर ठोस पहल करेंगे।

# भाजपा ने सोनारी में 200 लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का किया वितरण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत अभियान चलाया गया। बुधवार कों सोनारी एयरपोर्ट के सामने लगभग 200 लाभुकों के बिच आयुष्मान कार्ड का वितरण भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर श्री सिंह ने बताया भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ की और से विगत लगभग एक माह से चलन्त रथ सेवा चलाया जा रहा था। इसके तहत हजारों के संख्या मे लाभुकों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे कई दस्तावेजों कों तैयार करवाया गया। बुधवार को सोनारी क्षेत्र के लाभुकों के बिच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सोच अंत्योदय का विकास था। उसी कार्य कों भाजपा पूर्ण कर रही है। उन्होंने स्थानीय विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा मंत्री कों जनता से कोई लेना देना नहीं है।

# चैंबर के चुनाव में भाजपा जिला महामंत्री का उपाध्यक्ष पद पर शानदार जीत, बधाई



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में मुनका एंड केडिया टीम की जीत में उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने वाले भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला महामंत्री अनिल मोदी का भाजपा नेताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय में अभिनंदन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों ने अनिल मोदी को अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त की।

# समाज की उन्नति और प्रगति में महिलाओं की सहभागिता जरूरी : रामचंद्र सहिस

**इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाए स्वावलंबी बनकर समाज का उन्नति कर सकेंगे।**

आजाद सिपाही सवांददाता





**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह पंचायत के भुनी कोठारी मैदान में झारखंड स्टेट लाइवहुड प्रमोशन सोसाइटी का वार्षिक आम सभा आयोजित की गयी। बुधवार को आयोजित आम सभा मे मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शिरकत किए। इस अवसर पर मुकरूडीह, गोरडीह, माधवपुर सहित अन्य गांव से सैकड़ो महिला समूह के सदस्य शामिल हुए। वार्षिक समारोह में उपस्तित सभी महिलाओं का पुर्व मंत्री ने आभार व्यक्त की। महिला शक्तिओ को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सहिस ने कहा समाज की उन्नति व प्रगति में महिलाओ की सहभागिता बहुत जरूरी है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाए स्वावलंबी बनकर समाज का उन्नति कर सकेंगे। उसके बाद ही झारखंड स्टेट लाइव हुड प्रमोशन सोसाइटी का मुख्य उधेशय की पूर्ति होगी। पूर्व मंत्री ने कहा सोसाइटी के माध्यम से महिलाओ को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावे क्षेत्र की ज्वलंत मुद्दा को लेकर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए हर कदम के साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर उप प्रमुख संतोषी, निर्मल, मृत्युंजय, छूटू लाल, बहादुर सहित झारखंड स्टेट लाइवहुड प्रमोशन सोसाइटी के सक्रिय सदस्य सरला कुंभकार, अर्चना कुंभकार व सैकड़ों महिलाए मौजूद रही।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने नगर पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को किया दोष मुक्त



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी बीस वार्ड पार्षद को गढ़वा मुख्य पथ को जाम करने के मामले में बुधवार को सिविल कोर्ट के न्यायाधीश जावेद खान की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है। शहर के मेन रोड की सड़क काफी खराब हो गई थी जिसे लेकर वर्ष 2011 में नगर पंचायत की वर्तमान अध्यक्ष अनीता दत्त, उपाध्यक्ष अलखनाथ पांडे सहित सभी बीस वार्ड पार्षदों ने डॉक्टर आर गुप्ता के समीप सड़क पर धरना दिया था। उस समय के तत्कालीन अंचलाधिकारी ने प्राथमिक की दर्ज कराई थी। गढ़वा सिविल कोर्ट में न्यायाधीश जावेद खान की अदालत में वाद संख्या जीआर 1494/2011केश दर्ज था। बुधवार को सिविल कोर्ट के न्यायाधीश जावेद खान की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में अध्यक्ष अनिता दत्त, उपाध्यक्ष अलखनाथ पांडे, वार्ड पार्षद जितेंद्र सिन्हा, वीणा पाठक, कमर सफदर, सावित्री देवी, सविता देवी, ममता देवी, मीरा कुमारी, अनीता तूफानी, शहनाज परवीन, मोहम्मद रमजान, इस्लाम कुरैशी, सुरेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद कश्यप, संजय कुमार,महेंद्र कुशवाहा, अरविंद गुप्ता,अरविंद सिंह,पूनम चंद, हीरामणि देवी, मुरली श्याम सोनी एवं संतोष केशरी को दोष मुक्त कर दिया। दोष मुक्त किए जाने पर लोगो ने कहा की लोगों को न्यायालय पर पूरा भरोसा था न्याय की जीत हुई है।

### विश्व हृदय दिवस पर रन फॉर हार्ट का आयोजन 29 को : डॉ पंकज प्रभात



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आगामी 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रन फॉर हार्ट का आयोजन किया गया है। इस संबंध में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज प्रभात ने बताया कि उक्त तिथि को प्रातः 6:00 बजे से नए समाहरणालय भवन कल्याणपुर से बाईपास सड़क होते हुए गढ़वा रंका रोड स्थित होटल शगुन तक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि उपयुक्त शेखर जमुआर के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक गढ़वा, एसडीओ गढ़वा, एसडीपीओ, ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, शहर के कई समाज सेवी संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य, इसके अलावा गायत्री परिवार के लोग, गढ़वा जिला फुटबाल संघ के पुराने एवम नए पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इसके अलावा एथलेटिक्स और बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी एवम सदस्य भी आयोजन का मुख्य हिस्सा होंगे।

### जिला विकास सामान्य एवं निगरानी समिति सदस्य ने की दिशा की बैठक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला विकास सामान्य एवं निगरानी समिति भारत सरकार के गढ़वा जिला सदस्य भोला चंद्रवंशी ने जिला विकास समन्वय एवम निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि मझिआंव कंडी क्षेत्र के मौखापी से सुंडीपुर कोयल नदी का गार्डवाल बनना कब शुरू होगा। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी सिंचाई विभाग ने उन्हें बताया कि टेंडर हो चुका है। निर्माण कार्य की प्रक्रिया अति शीघ्र शुरू होगी। इसके अलावा भोला चंद्रवंशी ने बिजली से संबंधित मामले को उठाया जिसमें गढ़वा विद्युत ग्रीड से मेराल ग्रीड तक 11000 तार के जिर्ण शीर्ण होने की बात को उठाया। जिसमें विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता ने 11000 तार के जर्जर तार को अति शीघ्र बदलने की बात कही। बैठक में शिक्षा विभाग के मामले को भी भोला चंद्रवंशी ने उठाया। जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग से संबंधित किसी भी योजना का शिलान्यास के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं दी जाती है। इसके अलावा उन्होंने उत्पाद विभाग के एक मामले को भी उन्होंने जांच करवाने का निर्देश दिया।

### सूचना के बावजूद बैठक से पदाधिकारी गायब रहते हैं : जिप उपाध्यक्ष



**गढ़वा (आजाद सिपाही)** जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा है कि सूचना के बावजूद बैठक से पदाधिकारी गायब रहते हैं। यह कोई नई बात नहीं है। प्रत्येक बैठक में पदाधिकारी नदारत रहते हैं। यहां तक की जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त स्वयं बैठक से गायब रहते हैं। जिसके लिए उन्होंने सरकार को निंदा प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है। उन्होंने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि आज बुधवार 27 सितंबर को दो बैठकर आयोजित होनी थी। जिसमें स्वयं कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त को भी शामिल होना था। लेकिन उक्त दोनों बैठकों में स्वयं गायब रहे। यदि इस लचर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उन्होंने आंदोलन किए जाने की भी बात कही है।

**प्रदर्शन :** वित्तरहित शिक्षक-कर्मचारियों ने किया मंत्री के आवास का घेराव

# वित्तरहित शिक्षाकर्मियों के आंदोलन का नेतृत्व मांगें पूरी होने तक मैं करूंगा : मिथिलेश ठाकुर

**कहा- कर्मचारियों की सारी मांगे जायज हैं, यह आंदोलन अब उनका आंदोलन बन गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखण्ड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की गढ़वा जिला इकाई के नेतृत्व में जिले भर के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बुधवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास का घेराव किया एवं वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त करने सहित अन्य मांगों को पूरा कराने की मांग की। मंत्री ने आंदोलित कर्मियों के टेंट में आकर उनकी मांग पत्र को ग्रहण किया और कहा कि कर्मचारियों की सारी मांगे जायज और आवश्यक हैं। यह आंदोलन अब उनका आंदोलन बन गया। अपने नेतृत्व में वह इसे पूरा कराएंगे। घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष मंडल के केंद्रीय सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने मंत्री को अपनी मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विधान सभा में आश्वासन एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के पत्र में कहा गया है कि वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त कर नियमावली बनाकर वित्तरहित कर्मचारियों की सेवा सरकारी संवर्ग में करते हुए वेतनमान दिया जाए। लेकिन सरकार अपने ही निर्णय को लागू नहीं कर रही है। अनुदान चारगुना करने की विभागीय प्रस्ताव पर मंत्री के अनुमोदन के बाद भी लागू नहीं किया जा रहा है। इसके अलावे उन्होंने वर्ष 2023-24 की अनुदान राशि को सीधे शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के खाते में भेजने, वित्तरहित संस्थानों से डीईओ राज समाप्त करने, छत्तीसगढ़ राज्य की तरह शिक्षकों के सेवानिवृति की आयु 62 वर्ष करने की मांग को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि झारखण्ड राज्य में 178 प्रस्वीकृत इंटर कॉलेज, 106 प्रस्वीकृत एवं 207 राज्य सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय, 33 संस्कृत और 46 मदरसा विद्यालय हैं जहां चार लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं और वहां 20-25 वर्षों से 10 हजार से ज्यादा शिक्षक बिना वेतन कार्यरत हैं। शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी सेवारत हैं। उनका परिवार आज बेहाल है। सरकार से आशा की उम्मीद लगी है। शिक्षक-कर्मचारियों की दास्तान सुनते ही मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वह इस मांग से मुख्यमंत्री जी को अवगत करायेंगे। शिक्षक प्रतिनिधियों को पहले मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे से मिलवाऊंगा। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को कैबिनेट में रखेंगे साथ ही शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे। वह शिक्षकों की इस मांग को हर हाल में पूरा कराएंगे। घेराव कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के बीरेंद्र तिवारी ने की।

कार्यक्रम में अनिल कुमार तिवारी, वसन्त पाठक, दिनेश कुमार, धनन्जय सिंह, रत्नेश तिवारी, दिनेश सिंह, सिद्धेवर सिंह, शिवपूजन तिवारी, देवराज मिश्र, नन्द किशोर पाठक, अनिल राम, विवेक कुमार सिंह, सबीर खान, अमित कुमार सिंह, राजू प्रसाद, अमरेश कुमार यादव, वरुण पांडेय, रामपवन राम, रजनीश कुमार, जमील अहमद, सन्तोष कुमार, आशीष शुक्ला, जहीर आलम, मुन्नी देवी, विकास प्रताप देव, हीरालाल चन्द्रवंशी, मनोज कुमार मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा सहित पांच सौ से ज्यादा शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा में हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल : जिला अध्यक्ष

**5 अक्टूबर को संकल्प यात्रा कार्यक्रम गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के चेतना गढ़वा में आयोजित किया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में आगामी संकल्प यात्रा कार्यक्रम एवं बीएलए 2 को लेकर उत्सव गार्डन गढ़वा में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई। बैठक की शुरूआत वंदे मातरम् गीत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। बैठक के दौरान विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगामी 5 अक्टूबर को संकल्प यात्रा कार्यक्रम गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के चेतना गढ़वा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी भी बनाए गए हैं कार्यक्रम में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक बीस हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर हजारों कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वा के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि बाबुलाल मरांडी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से हजारों हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भ्रष्ट झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित होंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि संकल्प यात्रा कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यकर्ता एवं नेताओं के बीच जिम्मेवारी सौंपी गई है। कार्यक्रम को अलखनाथ पाण्डेय, गिरीनाथ सिंह, सूरज गुप्ता, रामशीष तिवारी, जवाहर पासवान, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संतोष दूबे एवं धन्यवाद ज्ञापन सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, विनय चौबे भाजपा उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे संजय भगत राजीव रंजन तिवारी मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी सोशल मीडिया प्रभारी संजीत तिवारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे श्रवण सिंह नशरुद्दीन अंसारी मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप अखिलेश तिवारी मनोज जायसवाल शिवलाल सिंह राजकुमार विश्वकर्मा उदय कुशवाहा बसंत प्रसाद उदय प्रजापति भाजपा वरिष्ठ नेत्री वीणा पाठक अंजलि गुप्ता मीरा यादव विकास तिवारी संजय तिवारी अनीत तिवारी मुरारी यादव संतोष तिवारी ब्रजेश उपाध्याय राकेश केशरी कन्हाई केशरी सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा की तैयारी में जुटे बजरंग दल के कार्यकर्ता

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद की इकाई बजरंग दल के द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी शौर्य जागरण रथ यात्रा के स्वागत की तैयारी को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता जोर-जोर से जुटे हुए हैं। शौर्य जागरण यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पोस्टर एवं पंपलेट भी लगाए गए हैं। वहीं पूरे प्रखंडों में प्रचार वाहन द्वारा प्रचार भी कराया जा रहा है। आगामी 28 सितंबर दिन गुरुवार को श्री बंशीधर मंदिर के प्रांगण में दोपहर 3:00 बजे से आयोजित विशाल धर्म सभा को सफल बनाने के लिए



बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडे की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। बैठक में मुख्य रूप से विहिप के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव भी शामिल हुए।

इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ निर्धारित कार्यक्रम को भव्य बनाने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। आगामी 28 एवं 29 को श्री बंशीधर मंदिर प्रांगण में हजारों हजार की संख्या में राम भक्तों को एकत्रित होने की अपील की गई। रांची स्थित धुर्वा के जगन्नाथ मैदान में आगामी 8 अक्टूबर को हिंदू महा सम्मेलन पर भी कई दिशा निर्देश दिए गए। 28 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे से श्री बंशीधर मंदिर के प्रांगण में विशाल धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म भूमि अयोध्या से विद्वान संत महात्माओं का आगमन होगा। सभा में हजारों हिंदू जनमानस की उपस्थिति रहेगी।

**प्रेस कांफ्रेंस :** झामुमो नेताओं ने पूर्व विधायक के बयान के विरोध में बोला जोरदार हमला, कहा

# महिलाओं का चरित्र हनन करने पर उतारू हैं पूर्व विधायक

**पूर्व विधायक के नजर में सार्वजनिक जीवन में योगदान देने वाली महिलाएं चरित्रहीन हैं : धीरज दुबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने होटल रोयल पद्मावती में प्रेस वार्ता आयोजित कर विगत दिनों पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा दिए गए बयान पर आपत्ति जताते हुए जोरदार हमला बोला है। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि विगत दिनों उनके द्वारा दिए गए महिला विरोधी बयान पर पूरे ज़िले की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर उनसे पूछा था कि वे कौन महिलाएं हैं जो रांची के फ़्लैट में जाकर सोती हैं तथा किसके फ़्लैट में जाकर सोती हैं? महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के एक सप्ताह बाद पूर्व विधायक को सफाई देने का याद आया लेकिन अपने पक्ष में बोलने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं था तो पुनः उन्होंने महिलाओं की तुलना राक्षसों से कर डाली। पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी गढ़वा-रंका विधानसभा में मुद्दों पर राजनीति नहीं कर पा रहे हैं इसलिए वह बेतुका बयानबाजी कर सुर्खियों में रहना चाहते हैं। गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों को देखकर वह मुद्दा विहीन हो गए हैं परिणामस्वरूप व्यक्तिगत लांछन लगाकर महिलाओं तथा अन्य लोगों का चरित्र हनन करने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में विधायक कोटा की राशि डकार गए, उक्त राशि की एक भी योजना धरातल पर नहीं उतरी, अगर योजना धरातल पर उतरी है तो पूर्व विधायक दिखा दें हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे। पूर्व विधायक के कार्यकाल में जनता मूलभूत सुविधाएं सड़क, पानी, बिजली, नली, गली के लिए तरसती रही. जन प्रतिनिधि होने के बावजूद वह मुंह छुपाकर विधानसभा से दूर पड़े रहते थे। चुनाव हारने के बाद एक कुशल विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय वह मदारीपन पर उतारू हो गए हैं। उन्हें तो भारतीय जनता पार्टी के ही अन्य नेता अब विपक्षी नजर आने लगे हैं। वह उनका भी तिरस्कार करने में पीछे नहीं हटते। पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी इतने बड़े ठग हैं कि अपने दस वर्ष के कार्यकाल में तो जनता को ठगा ही बल्कि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी पार्टी को भी ठगने का काम किया था। उनकी पूरी राजनीति झूठ, अफवाह और षड्यंत्र पर टिकी हुई है। महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी लगातार सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सक्रिय महिलाओं पर घटिया टिप्पणी कर उनका चरित्र हनन करने का कोशिश कर रहे हैं। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता उन्हें रास नहीं आ रही है।

### मंत्री ने खेल कमेटी को दिये 51 हजार रुपये

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के विश्रामपुर बरवाहा गांव में बुधवार को फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को कीक मारकर खेल का शुभारंभ कराया। यह फाइनल मैच बसकटिया एवं चुटिया टीम के बीच खेला गया जिसमें चुटिया की टीम ने एक गोल से मैच को जीत लिया। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने खेल कमेटी को ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में 51 हजार रुपये प्रदान किया। इस मैच के विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार के रूप में कप, शील्ड के साथ साथ खस्सी भी प्रदान किया गया।

## 61 करोड़ की लागत से 23 जर्जर सड़कों का होगा निर्माण, मिली स्वीकृति

**गढ़वा अब पिछड़ा नहीं, विकसित जिला का बनेगा उदाहरण : मंत्री मिथिलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग 61 करोड़ की लागत से 23 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत करीब 78 किलोमीटर लंबी इन 23 सड़कों के निर्माण कार्य की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। कुल पांच पैकेज में सभी 23 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन पैकेज में लगभग 16 किमी का दो सड़क, 16 किमी का आठ सड़क, 14 किमी का तीन सड़क, 14 किमी का आठ सड़क तथा 18 किमी का दो सड़क का पैकेज शामिल है।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में अन्य गावों में जर्जर हो चुकी सड़कों का बेहतर निर्माण कार्य कराया जाएगा। अभी बहुत सारी योजनाएं पाईपलाईन में हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा वासियों के सहयोग से काफी कम समय में अधिक से अधिक गावों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा चुकी है। शेष बचे गावों के लिए कार्य प्रगति पर है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे कहने में नहीं करने में विश्वास रखते हैं। किसी भी कार्य के लिए वे कोरा आश्वासन नहीं देते बल्कि उसे धरातल पर उतारकर दिखाते हैं। क्षेत्र का विकास जोकरई करने से नहीं निष्ठा पूर्वक प्रयास करने से होता है। विकास विरोधी लोग अपनी फितरत के अनुसार विकास कार्यों का विरोध करते रहें। वे लगातार गढ़वा का विकास करते रहेंगे। जनता को क्या चाहिए, उन्हें किस चीज की आवश्यकता है, गढ़वा के किस क्षेत्र में क्या समस्या है इससे वे भली भांति अवगत हैं। पूरे गढ़वा के लिए वे ब्लू प्रिंट तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्यों को करा रहे हैं। गढ़वा का पहले सबसे पिछड़ा जिला में गिनती किया जाता था, परंतु अब गढ़वा पिछड़ा नहीं विकसित जिला का उदाहरण बनेगा। यही बात विरोधी खेमे को पच नहीं रही है। हताशा में लोग कहीं भी कुछ भी बोले जा रहे हैं।

### महिलाएं सुपोषित हों और खुद को सशक्त बनाएं : उप विकास आयुक्त

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डाल्टनगंज के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह, स्वच्छ भारत अभियान, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गढ़वा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा जिले के उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि खुद को सुपोषित करें और अपने आप को इतना सशक्त बनाएं जिससे कि आप अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि पोषण माह के साथ-साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं मेरी माटी मेरा देश पर भी प्रचार कार्यक्रम किया जा रहे हैं। मौके पर समेकित बाल विकास परियोजना गढ़वा के सहयोग से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 महीने से ऊपर के उम्र के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या – DOPT/DE/SIMDEGA/04/2023-24 (PR No. –307297 Rural Development (23 -24)_D) को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद सिमडेगा

PR.NO.307896 Rural Development(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी**

**शुद्धि–पत्र**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी के अन्तर्गत मुरहू (जीवनटोली) – इन्दीपीढ़ी – सर्वदा – बिरबांकी – कोचांग – बन्दगॉव पथ के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 31.00 तक में Retaining Wall / Breast Wall निर्माण कार्य **(टेन्डर रेफरेन्स न0– प0नि0वि0/खूँटी/726 दिनांक 13.09.2023)** की निविदा जिसका **PR No. 306912(Road) 23-24*D** के क्रम संख्या 6 में वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि 03.10.2023 के जगह पर 30.09.2023 पढ़ा जाय।

शेष शर्त्ते यथावत रहेगीं।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, खूँटी

PR 307895 Road(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक– 965 दिनांक– 21.09.2023 द्वारा प्रकाशित की गई ई0–निविदा सूचना संख्या– WRD/MID/KODERMA/F2-20/2023-24 जिसका पी.आर.न0–307531 Minor Irrigation (23:24):D के कमांक संख्या–06 Date of Opening of e-Tender दिनांक– 14.10.2023 के स्थान पर 16.10.2023 एंव कमांक–10 Last Date of Receipt of Bids Fee, Security and other Documents दिनांक–16.10.2023 के स्थान पर 13.10.2023 पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल,
कोडरमा

PR 307862 Minor Irrigation(23-24)#D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

### लोहरदगा में देश के आधुनिकतम राइफल शूटिंग सेंटर का शुभारंभ हुआ, सांसद और विधायक पहुंचे

# देश के चुनिंदा सेंटरों में जाना जायेगा लोहरदगा का राइफल शूटिंग : धीरज

- राज्यसभा सांसद धीरज साहू, फिल्म अभिनेत्री मुंबई की भाग्यश्री, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने किया उद्घाटन
- सांसद धीरज साहू के साथ अभिनेत्री भाग्यश्री ने रायफल शूटिंग की प्रैक्टिस भी की





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा बीएस कॉलेज स्टेडियम में देश के आधुनिकतम राइफल शूटिंग सेंटर का शुभारंभ बुधवार को राज्यसभा सांसद धीरज साहू, फिल्म अभिनेत्री मुंबई की भाग्यश्री, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य अतिथियों ने गर्मजोशी से किया। इस समारोह में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्ले बैक सिंगर अमित गुप्ता, दिल्ली बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित आयशा फलक, नेशनल राइफल एसोसिएशन विश्व कप संयोजक समिति सदस्य अमर सिंहा, खेलो इंडिया शूटिंग के नेशनल हेड धीरज सिंह, झारखंड राइफल एसोसिएशन के दिवाकर सिंह समेत कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थी। कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व मोमेंटो देकर किया गया। शूटिंग रेंज कमरा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर सांसद धीरज साहू के साथ अभिनेत्री भाग्यश्री ने रायफल शूटिंग की प्रैक्टिस भी की। अभिनेत्री भाग्यश्री ने बताया कि उनके पति हिमालय दसानी के साथ धीरज साहू की मित्रता है। उनके निमंत्रण पर मै आज यहाँ आयी हूं। कहा कि लोहरदगा का यह शूटिंग रेंज कई निशानेबाजों के लिए केंद्र होगी और भविष्य के ओलंपियन तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। यह शूटिंग रेंज लोहरदगा के कई निशानेबाजों के लिए वरदान साबित होने वाली है।

**भारतीय राइफल एसोसिएशन के रवि कुमार सिन्हा ने बताया कि लोहरदगा में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां प्रतियोगिता भी कराया जा सकता है। दोनों एसोसिएशन से मान्यता मिलने और प्रतियोगिता को लिस्टिंग करने के बाद यहां से जारी प्रमाण पत्र देशभर में मान्य होगा। भारत के कई जाने-माने निशानेबाज ने भी लोहरदगा रायफल शूटिंग क्लब - सेंटर में कोचिंग देने के लिए अपनी सहमति दे दी है।**

लोहरदगा जिला शूटिंग क्लब के अध्यक्ष सह रास सांसद धीरज साहू ने कहा कि आधारभूत संरचना के मामले में लोहरदगा राइफल शूटिंग देश के चुनिंदा सेंटरों में जाना जायेगा। भारतीय राइफल एसोसिएशन और झारखंड राइफल एसोसिएशन इस सेंटर के अलावा दुनिया भर के राइफल एसोसिएशन और क्लब के लोग लोहरदगा से जुड़ जायेंगे। लोहरदगा सेंटर में भी ट्रेनिंग दिया जायेगा।

राइफल शूटिंग लिए करीब पौने दो करोड़ करोड रुपये की लागत से पूरे परिसर का निर्माण कराया गया है। 10 गुणा 35 मीटर के हाल में 20 एसी भवन में लगे हैं। शूटिंग सेंटर में उपयोग आने वाले उपकरण और सामग्री करीब 75 लाख रुपये की लागत से मंगवायी गयी है। मौके पर एसपी हारिश बिन जमां, डीडीसी जय ज्योति सामंता, सीएस डॉ राजमोहन खलखो, डीएफओ अरविंद कुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, उदय शंकर प्रसाद साहू, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

## लूट की घटना को अंजाम देनेवाले अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, भेजा जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के बरियातू थाना अंतर्गत रांची चतरा मुख्य पथ पर गोनिया के पास तीन युवकों के द्वारा सड़क लूटने का अंजाम दिया जा रहा था। इसकी सूचना लातेहार पुलिस के के गुप्त सूचना के आधार पर बरियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया और गोनिया पुल के पास तीन अपराधियों को बरियातू पुलिस के द्वारा पकड़ा गया। उसके साथ ही जांच पड़ताल करने पर तीनों अपराधियों के पास से एक पिस्टल 5 राउंड गोली तीन एंड्राइड मोबाइल एक कार जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या WB74V-8571 है। को बरियातू पुलिस के द्वारा जब्त कर लिया गया। उसके साथ ही तलाशी लेने के बाद मामला को कांड संख्या 65 ऑब्लिक 2013 चंद 26 9 2023 धारा 412 भादवी और 25(1-ु)(ं)/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कांड में अभियुक्त कुमार नायक पिता कालेश्वर नायक ग्राम अंबेडकर नगर चुटिया थाना रांची, गोविंद राम वर्मा पिता कृष्णा राम वर्मा ग्राम ढोड़ाटोली थाना लोहरदगा राज वर्मा पिता दीपक वर्मा ग्राम ढटा टोली थाना जिला लातेहार को पुलिस ने पड़कर जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में शामिल मुकेश कुमार चौधरी थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक बिंदेश्वर महतो, रवि, धर्मेंद्र प्रसाद लिंबू, सुशील तिवारी, शंकर तियु, प्रकाश चंद्र पाठक शामिल हैं।

## सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**हेरहंज-(लातेहार)(आजाद सिपाही)।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण लातेहार सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान लिपिक अभय कुमार को छोड़ सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने सभी कर्मियों का उपस्थिति पंजी देखा जिसमें लिपिक का उपस्थिति इस महीने में किसी दिन नहीं मिला पूरे माह अनुपस्थित पाये गये। जिसे देख सिविल सर्जन ने काफी नराजगी जतायी। इसके बाद सिविल सर्जन ने दवा का स्टॉक और आवश्कता अनुसार दवा की जानकारी ली कहा जरूरत के अनुसार दवा की मांग लेटर के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ से करें। सिविल सर्जन श्री कुमार ने 2008 से बन रहे हॉस्पिटल भवन का भी निरीक्षण किया। मीडिया कर्मियों के द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बिल्डिंग के संवेदक एनओसी को लेकर मेरे पास आये थे मैने उन्हें कहा था कि पहले मैं खुद जाकर बिल्डिंग को देखूंगा उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है आज मैंने हेरहंज आकर बिल्डिंग को देखा जिसमें कई खामियां नजर आयी। मैं संवेदक से कह कर इसे दुरुस्त करवाऊंगा।

## अयोध्या से आ रही रथ का स्वागत के साथ होगा नगर भ्रमण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति की बैठक मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जिला अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत, दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था और पूरे जिले के सभी मंदिरों में महाआरती को लेकर खास चर्चा की गयी। जय श्रीराम समिति के तत्वाधान में 4 अक्टूबर को अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत करते हुए नगर भ्रमण किया जायेगा और दुर्गा पूजा में विशेष विधि व्यवस्था तथा महाआरती को लेकर विशेष रणनीति बनायी गयी। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता जिला अध्यक्ष राजीव रंजन महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, संगीता कुमार, पूर्णिमा वर्मा, ओम महतो, संजयसमेत सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## मदरसा में ईनामी मुकाबला रखा गया

**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड क्षेत्र के नगजुआ मदरसा अशरफिया गौसूल उलूम में ईनामी मुकाबला मदरसा के पढ़ने वालों छात्रों के लिए रखा गया जिस में बच्चों ने पुरी तैयारी के साथ उस में हिस्सा लिया। इस मौके पर मदरसा के नाजिमें आला हजरत मौलाना इजहारुल ईमान, हाफिज व कारी युसूफ रजा कारी शमशाद आलम, फैजी हाफिज रेहान रजा कैफी व हाफिज सिराज आलम अशरफी व दिगर ओलमा मौजुद थे। इनामी मुकाबला के अंत मे मौलाना इजहारूल ईमान ने कहा के अपने बच्चों को पढ़ाओ अच्छी शिक्षा दीजिए वरना आपकी औलाद आपकी इज्जत व कदर नहीं करेगी। इस मौके पर जो बच्चे अच्छा नंबर लाए उनको किताब की शक्ल में ईनाम से नवाजा गया।

## एकल अभियान ने करायी खेलकूद प्रतियोगिता

**मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)।** मनिका एकल अभियान के तत्वाधान में हाई स्कूल मैदान में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे एकल अभियान विद्यालय मे शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी 100 मीटर की दौड़ 200 मीटर की दौड़ समेत कई खेल खेलाया गया। मौके पर उपस्थित दिलेश्वर यादव ने कहा कि बच्चों के जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी बड़ा महत्व है आज देश के कई ऐसे प्रतिभागी जो खेल के क्षेत्र में अपने करियर बनाने का कार्य किए हैं खेल से शरीर स्वस्थ रहता है वही मानसिक विकास भी होता है। मौके पर शंकर दुबे, दिनेश राय, महेंद्र, रामवृक्ष, विनोद, गिरधारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कुडू में बाल विकास परियोजना के तहत प्रभात फेरी निकाली गयी



**कुडू (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड में बाल विकास परियोजना के तहत प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी सेविका के साथ प्रभात फेरी निकाली गयी। रैली में शामिल सभी सेविका तथा सहायिका एक साथ मिलकर गांव में जो कुपोषण के शिकार हो जाते है और जिंदगी खराब हो जाती है जिसको लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए ये रैली निकाली। आगे से कोई बच्चा कुपोषण का शिकार ना हो पाए और अपनी जिंदगी को खराब होने से बचा सके और बेहतर जिंदगी जिये इसको लेकर रैली निकाली गयी। सेविकाओं तथा एलएस सभी लोग एक सुर में सही पोषण देश रौशन तथा सही पोषण बेहतर जीवन जैसी वाक्य के साथ एक सुर के साथ रैली निकाली। प्रभात फेरी में कुडू प्रखण्ड के एल एस किरण माला, जय माला, लक्ष्मी तिवारी का योगदान सराहनीय रहा।

## नदी में बहने से एक वृद्ध की हुई मौत

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सेदुप ग्राम के पुरानी बस्ती निवासी दुखराज सिंह उम्र 50 वर्ष की मंगलवार की देर शाम नदी के तेज बहाव में बहकर मौत हो गयी। वहीं उसके साथ दुखन सिंह उम्र 35 वर्ष पिता स्व:वीरन सिंह सैदुप पुरानी बस्ती निवासी बचकर निकल गया। मुखिया के द्वारा मृतक के परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने को लेकर पूरे मामले की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को दी गयी।

## मंत्री चंपई सोरेन से मिल कर क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया

- उन्होने आश्वासन देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिये हर संभव मदद करेंगे। जिससे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखण्ड सरकार के अनुसूचित जन जाति और पिछड़ा वर्ग मामले के मंत्री चम्पई सोरेन के रांची स्थित आवास में मिलकर प्रखंड क्षेत्र में जनता का मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, सड़क और राशन सहित अन्य समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया गया। वही मंत्री चंपई सोरेन द्वारा आश्वासन देते हुए कहा गया कि जनता का समस्या का समाधान के लिये हर संभव मदद करेंगे। जिससे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री से मिलने वालों में प्रखंड 20 अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम के अलावे रोहित उराँव, केश्वर उराँव, विकास साहु, सचिन उराँव सहित अन्य उपस्थित थे।

## 20 सूत्री क्रियान्वयन कार्य समिति की बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड कार्यालय सभागार में 20 सूत्री क्रियान्वयन कार्य समिति की बैठक 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान के अध्यक्षता में संपन्न हुए। बैठक में प्रखंड में चल रहे मनरेगा कार्य की समीक्षा की गई वहीं 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने प्रखंड में हर एक राशन दुकानदार के द्वारा दो माह से कम राशन वितरण करने का मामला उठाया। जिस पर 20 सूत्री अध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि प्रखंड से लगातार कम राशन का मामला देखने को मिल रहा है इस विषय को प्रोसीडिंग मे लेकर जिला से लेकर राज्य तक भेजने का काम करेंगे। मौके पर बीडियो वीरेंद्र किंडो, विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, 20 सूत्री सदस्य अंजू यादव, आनंद बैठा, रामनंदन, रामेश्वर भुइया, डॉ दिव्या क्षितिज कुजूर, सी आई बीरबल उरांव समेत कई विभाग के लोग उपस्थित थे।

## झापसा शिष्टमंडल शिक्षा सचिव से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल महासचिव प्रेम प्रसाद राणा के अगुवाई में शिक्षा सचिव के रवि कुमार से मुलाकात किया। वित्त विभाग द्वारा जारी संकल्प को एकरूपता के रूप में सभी जिले में शीघ्र लागू हो इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र जारी करने का अनुरोध किया गया। शिक्षा सचिव ने विषय की गंभीरता को देखते हुए वित्त विभाग के संकल्प सं. 157और शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या 281 पर अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को इस पर संज्ञान लेकर अविलंब कार्रवाई करने का आदेश दिया। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव का सकारात्मक रवैया के प्रति आभार प्रकट किया गया। बताया गया कि दिसंबर 2004 के पूर्व जारी विज्ञापन के तहत अंशदाई पेंशन योजना से आच्छादित सभी शिक्षकों को हुबहू पुरानी पेंशन बहाल करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा 11 सितम्बर को कैबिनेट द्वारा प्रस्ताव पारित कर लिया गया था। तत्संबंधी वित्त विभाग का संकल्प भी जारी कर दिया है। किंतु जिले में निदेशालय के निर्देश के इंतजार में जिलों में लागू नहीं किया जा रहा था जबकि वित्त विभाग से पत्र निकले हुए लगभग एक महीना बीत चुका है। अक्टूबर माह के अंदर अप्लाई करने का समय सीमा तय है। ऐसी स्थिति में प्राथमिक शिक्षकों में बेचैनी होना स्वाभाविक है। शिष्ट मंडल में सचिव मुमताज अहमद, प्रदेश प्रवक्ता दयानंद झा, रांची जिला अध्यक्ष बाल कृष्णा महतो और प्रदीप साहू शामिल थे।

## डीलर के खिलाफ ग्रामीणों ने किया ब्लॉक का घेराव

- प्रति व्यक्ति एक से 2 किलो अनाज काटने का लगाया आरोप।
- 20 सूत्री के बैठक सभागार में घुसे ग्रामीण राशन का किया मांग।
- कम राशन देने वाले डीलरों के खिलाफ की जायेगी कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के सिंजो पंचयात के बाड़ी गाँव के सैकड़ो महिला पुरुष डीलर के मनमानी करने और कम राशन देने के खिलाफ प्रखंड कार्यालय में जाकर घरोंव किया। ग्रामीण ने 3 महीना से राशन वितरण में अनिमित्तता का आरोप मिलन स्वयं सहायता समूह के राशन दुकान संचालक कयूम अंसारी पर लगाया है। ग्रामीण अनीता देवी, 1 से 2 किलो कम राशन देने का आरोप लगाया। सभी ग्रामीणों ने प्रखंड सभागार में चल रहे 20 सूत्री के क्रियान्वयन कार्य समिति की चलती बैठक मैं बैठक हाल में घुसकर राशन की मांग करने लगे। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने सभी ग्रामीणों को समझा बुझा कर बैठक हाल से बाहर रहने को कहा वहीं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहां की प्रखंड के हर एक डीलर मात्रा के अनुसार राशन का वितरण नहीं कर रहे हैं यह काफी नींदनिये बात है। राज्य में गठबंधन की सरकार है गरीब गुरबो की सरकार है। राशन वितरण अनीमीतता को लेकर 20 सूत्री प्रदेश उपाध्यक्ष को पत्राचार करेंगे। वही बीडीओ वीरेंद्र किंडो कहा कि राशन वितरण में अनिमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। काम राशन देने वाले डिलरों को जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## ब्रम्होरिया में करम जतरा मेला का आयोजन,भारी संख्या मे उमड़े लोग

**बालूमाथ।** आज हेरहंज प्रखंड अंतर्गत ब्रम्हमोरिया ग्राम ने आयोजित करम जतरा पूजा समिति के द्वारा आयोजित जतरा मेला का आज विधिवत हेरहंज थाना एसआई विश्वजित तिवारी हेरहंज प्रमुख पार्वती देवी हेरहंज जिला परिषद सदस्या चंचला देवी भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रामबृश गंजू बीस सूत्री विजय ओरांव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले हसन और अन्य ने सम्मिलित रूप से उद्घाटन किया गया। जतरा के अध्यक्ष रॉकी लोहरा सचिव संदीप भगत और उनकी टीम के द्वार सभी अतिथि को माला और गमछा पहना का स्वागत किया गया।

## खेलो झारखंड के लिए बरवाडीह से कराटे टीम रांची के लिए रवाना



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** रांची खेलगांव टाना भगत इंडोर स्टेडियम में हो रहा खेलो झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए लातेहार जिला कराटे एसोसिएशन सचिव मदन लाल के नेतृत्व में कराटे खिलाड़ी बरवाड़ीह से रांची के लिए बुधवार को रवाना हुए। बरवाडीह से बालक वर्ग मे रंजन सिंह, रीतेश कुमार सिंह, चेतन सिंह व बालिका वर्ग में हीरामणी टोपनो राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अपने जिले के लिए खेलेंगे। अध्यक्ष सेन्सेई मदन ने कहा चयनित सभी खिलाड़ी राजकीय प्लस टु हाई स्कूल के छात्र व छात्रा है।

## दो युवक को ट्रेन से धक्का लगा, घटना स्थल पर मौत

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना क्षेत्र के सोस गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। मृत युवकों की पहचान लातेहार के तुबेद गांव निवासी बिजेंदर उरांव और लातेहार के कैमा बानूदाग गांव निवासी प्रेमचंद टानाभगत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक सोस गांव में अपने चचेरी बहन के घर करमा पर्व मनाने आये थे। करमा पर्व संपन्न होने के बाद देर रात दोनों युवक अपने बहनोई संतोष उरांव को बाइक पर बैठा कर गांव में ही रेलवे पटरी को पार अपनी बहन के नए घर जा रहे थे। उसी क्रम में रेलवे पटरी पार करने के दौरान अचानक तेज रफ्तार से मालगाड़ी आ गयी, ट्रेन कि चपेट में आने से बाइक पर सवार दोनों युवक नदी में जा गिरे है। वहीं घटना में संतोष उरांव बाल-बाल बच गया। इधर घटना की सूचना चंदवा पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वन विभाग के ट्रेकर गार्ड के निधन पर शोक, रेंजर ने किया आर्थिक सहयोग



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहार वन क्षेत्र के पश्चिमी बरवाडीह रेंज के ट्रैकर गार्ड बभंडीह निवासी राजकुमार सिंह निधन के उपरांत वनकर्मियों के शोक व्यक्त करते हुई आर्थिक सहयोग प्रदान किया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के बभंडीह निवासी वन कर्मी राजकुमार सिंह का मंगलवार रात्रि अपने आवास में निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वहीं आज दिवगंत वन कर्मी राजकुमार सिंह के बभंडीह स्थित उसके आवास पर पहुंचकर वन और पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी और छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र के रेंजर अजय टोप्पो ने वन विभाग की ओर से राजकुमार सिंह के शोकाकुल परिवार से मिला। वही वन विभाग के रेंजर अजय टोप्पो ने दाह संस्कार के लिए मृतक के परिजनों को11000 रुपये की सहायता राशि दिया।

### ईद मिलाद-उन-नबी त्यौहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में एसपी ने कहा

## निर्धारित रूट से ही निकालें ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस

- अवैध तरीके से शराब निर्माण व बिक्री को लेकर औचक छापेमारी का निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां की अध्यक्षता में बुधवार को ईद मिलाद-उन-नबी त्यौहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में प्रखंडों के विभिन्न गांवों में कर्मा मेला, जितिया व्रत उपरांत लगनेवाले वाले मेला को लेकर भी चर्चा की गयी और निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा निदेश दिया गया कि ईद मिलाद-उन-नबी त्यौहार पर जो भी जुलूस निकाला जाय वह निर्धारित रूट पर ही निकाला जाय। रूट कभी भी डायवर्ट कर दूसरे रूट से नहीं जाना चाहिए। तय समय के अंदर ही जुलूस समाप्त करें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में डीजे संचालकों की एक बैठक बुलाकर उनसे शपथ पत्र लेंगे कि वे किसी भी जुलूस के लिए अपना डीजे उपलब्ध नहीं करायेंगे। जुलूस के दौरान झंडे की ऊंचाई अधिक नहीं रहे जिससे बिजली के तारों के संपर्क में आने का खतरा नहीं हो। वॉलेंटियर्स के लिए आई-कार्ड भी जारी करें। जुलूस जिन रास्तो से गुजरेगा उस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को एक्टिव करा दें। उत्पाद अधीक्षक को अवैध तरीके से शराब निर्माण व बिक्री को लेकर औचक छापेमारी व कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अग्निशमन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि दुर्गा पूजा पंडालों में अग्नि की घटना से बचाव के लिए सभी पूजा पंडालों के लिए एक वीडियो चलवायें और पूजा पंडालों में एक रिसोर्स पर्सन को भेजेंगे जो पंडाल में जाकर अग्नि की घटना से बचाव हेतु जानकारी दे सके। बैठक में उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता की ओर से सभी को ईद मिलाद-उन-नबी समेत अन्य आगामी पर्व-त्यौहारों की शुभकामना दी गयी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत सभी प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में मनाया गया पौधा दान दिवस



**कॉलेज के बच्चे और शिक्षकों ने दान किये पौधे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय के कार्तिक उरांव महाविद्यालय में बुधवार को पौधा दान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने पौधे दान किए। साथ ही उन पौधों को कॉलेज परिसर में ही लगाया गया। लगभग सौ से ज्यादा पौधे इस दिवस पर लगाए गए। इस अवसर पर फलदार पौधे जिसमें आम, कटहल, शिसम, सागवान के अलावा औषधीय पौधे जिसमें खास कर घृत कुमारी, हरजोर, गिलोय, नागधामन, फाइकस बेजमिना, भेंगरिया, के अलावा क्रोटन, कोलियास आदि पौधे लगाए गए। बतौर मुख्य अतिथि प्रिसिपल एजे खलखो ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मौके पर छात्र-छात्राओं के अलावा डॉक्टर दिलीप प्रसाद, डॉक्टर सीमा, डॉक्टर अंशुमिता, डॉक्टर संजय भोक्ता, डॉक्टर शशि विनय, डॉक्टर सोहैब, प्रो संजय, प्रो ईशा बेला, डॉक्टर लक्ष्मन उरांव, प्रो अजीत हंसदा, प्रो तरुण, प्रो तेतरू, प्रो सुमित, प्रो तेतरू तिर्की, प्रो देवेंद्र साहू, डॉक्टर, प्रेम चंद उरांव, डॉक्टर प्रसंजित मुखर्जी आदि ने पौधा लगाया। मौके पर सबों ने अपने अपने द्वारा लगाए पौधे को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन आईक्यूएसी, पादप विज्ञान और जंतु विज्ञान की ओर से किया गया था।

# भगत सिंह को पुष्पांजलि देने के बाद भाकपा माले और झानद के सम्मेलन की होगी शुरुआत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल जिला इकाई गुमला द्वारा महानायक शहीद भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर को जिला मुख्यालय गुमला में दिन के 10 बजे से गुमला कचहरी स्थित मैदान में मनाई जाएगी। इस अवसर पर जन सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जन सम्मेलन की शुरुआत महानायक शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि के बाद की जाएगी। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भाकपा (माले) रेड स्टार के केंद्रीय समिति सदस्य कामरेड शंकर द्वारा किया जाएगा। इस सम्मेलन में जनदावेदारी को मजबूत बनाने तथा गुमला को रेल लाइन से जोड़ने, गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना का निर्माण, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, मानव तस्करी के अलावे ननबैंकिंग कंपनी में जमा गरीबों का पैसा दिलाने जैसी कई मुद्दों को लेकर विशेष चर्चा व आगे की रणनीति बनाई जाएगी। कार्यक्रम में पार्टी के राज्य सचिव कामरेड वशिष्ठ और झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह, राज्य कमेटी सदस्य सावन सिंह मुंडा के अलावे कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

# सीएनटी एक्ट की जमीन की बिक्री और दाखिल खारिज का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

**बसिया (आजाद सिपाही)।** धोखाघड़ी कर बिक्री की गयी सीएनटी एक्ट के अधीन आने वाली जमीन के पुनः बिक्री एवं विरोध के बावजूद दाखिल खारिज का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कोनबीर नवाटोली निवासी जॉन सुरीन पिता स्व अगस्टीन सुरीन ने गुमला उपायुक्त को आवेदन देकर कहा कि उनके दादा जी स्व. जोहन सुरीन ने खाता न. 128 प्लॉट न. 129, रकबा 50 डिसमिल जमीन को 2 फरवरी 1942 को खरीदे हैं, तब से उस जमीन पर शांतिपूर्वक दखल कर जोत कोड़ कर रहे हैं। साथ ही उस जमीन का लगान सरकार को देते आ रहे हैं। जॉन सुरीन ने कहा कि मेरे प्लॉट का केवल ऑनलाइन नहीं हुआ है, जब मैं ऑनलाइन करवाने के लिए मूल दस्तावेज का छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन दिया तो सीओ बसिया रविन्द्र कुमार पांडेय ने भू माफिया से मिलकर मेरी जमीन को जिससे मेरे दादा जी खरीदे थे उसी के नाम से ऑनलाइन कर दिया गया और 25 अगस्त 2023 को दूसरे के नाम से रजिस्ट्री हो गयी। जॉन सुरीन ने आगे कहा कि वे अनुसूचित जन जाति का सदस्य हूं। मेरी जमीन को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में मंगलवार को जेएमएम नेता निकोलस सुरीन के नेतृत्व में पीड़ित लोगों ने बसिया सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय से भेंट कर उनके द्वारा उक्त जमीन को किये गए दाखिल खारिज का कड़ा विरोध किया। इसपर सीओ रविन्द्र पांडेय ने कहा कि अंचल में उपलब्ध किसी भी दस्तावेज में जोहन सुरीन के मालिकाना संबंधित कोई विवरण उपलब्ध नहीं है और आवेदक उच्च प्राधिकार के यहां अपील कर न्याय पा सकते हैं। जॉन द्वारा जमीन खरीद से संबंधित पट्टा और रसीद सीओ को दिखाये जाने पर सीओ द्वारा उक्त कागजातों में छेड़छाड़ करने और फर्जी होने की भी आशंका व्यक्त की गयी। इसपर निकोलस सुरीन ने कहा कि अगर कागजात फर्जी है तो सीओ इसपर प्राथमिकी दर्ज करें लेकिन वे धोखाधड़ी एवं सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बिक्री हुए जमीन को पुनः बिक्री मामले में न्याय नहीं मिलने पर जोरदार आंदोलन करेंगे।

## कार्रवाई : गुमला पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

# प्रेमी युगल सहित तीन गिरफ्तार चोरी की एक दर्जन बाइक जब्त

**रांची और गुमला पुलिस ने मिलकर गुमला के विभिन्न ठिकानों पर कर रही है छापामारी**

**हालांकि इस मामले में अभी तक गुमला पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुमला पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। रांची पुलिस और गुमला पुलिस ने मिलकर गुमला के विभिन्न ठिकानों पर छापामारी की। एक दर्जन बाइक जब्त हुई है। इसमें सभी बाइक महंगी है।

एक मारुति स्विफ्ट कार भी जब्त किया गया है। कार में बीजेपी का झंडा लगा हुआ है। पुलिस ने रात 2:00 बजे से छापामारी अभियान शुरू किया। कई गांवों में चले छापामारी अभियान में दिन के 10:00 बजे तक 12 बाइक जब्त हो चुकी थी जबकि और चार बाइक जब्त करने के लिए पुलिस मुरकुंडा के इलाके में छापामारी कर रही है।

हालांकि इस मामले में अभी तक गुमला पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। वहीं पुलिस ने चोर गिरोह के मास्टरमाइंड प्रेमी जोड़े को भी पकड़ा है।

इस अभियान में रांची डीएसपी, गुमला थाना प्रभारी सहित पुलिस अवर निरीक्षक शामिल हैं जो लगातार इस अभियान में लगे हुए हैं। रांची और गुमला से चोरी हुई बाइक को बरामद करने में लगे हुए हैं। पुलिस ने तीन लोगों को भी हिरासत में लिया है। जिसमें एक प्रेमी जोड़ा भी है। पुलिस उन लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की मानें तो यह अभियान अभी जारी रहेगा।

करीब 20 बाइक गुमला और रांची से चोरी हुई है। जिसमें अब तक 12 बाइक बरामद हुई है और 8 बाइक बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला ने पालकोट में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया

**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं और शिक्षकों ने स्वच्छता श्रमदान कर रैली निकाली**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गुमला जिला के प्रखंडों में केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पालकोट प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिस में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं अतिथिगणों ने महात्मा गांधी को याद करते हुए स्वच्छता की शपथ ली। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर सभी ने स्वच्छता श्रमदान किया। इसके बाद आसपास के इलाकों में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्रारंभ होने से पहले छात्राओं के बीच केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अंकित टोपियों का वितरण किया गया। मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि नौ साल पहले माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता के लिए स्पष्ट संदेश देकर आह्वान किया था। मौके पर मुखिया जोसेफिन टेटे, विद्यालय की वार्डन सह शिक्षिका पूनम कुमारी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान पर विशेष कार्यक्रम करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक अंजनी मिश्र ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो की महती भूमिका रही।

**रायडीह में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन :** रायडीह प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'स्वच्छता ही सेवा', 'मेरी माटी-मेरा देश', 'पीएम विश्वकर्मा योजना', 'हिंदी पखवाड़ा' आदि पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम स्थल पर छात्राओं के बीच 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'स्वच्छता ही सेवा' विषयों पर रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। मौके पर वार्डन सह शिक्षिका सुनामी कुमारी, शिक्षिका संध्या कश्यप, रोज कांता एक्का, राधिका कुमारी और अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

**28 सितंबर को होगा विशेष कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण :** प्रतिभागियों में से दस विजेताओं को चुना जाएगा और सभी विजेता प्रतिभागियों को 28 सितंबर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रायडीह के प्रांगण में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम में रैली, सेमिनार, रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# गुमला में शांतिपूर्ण ढंग से मिलाद उन नबी पर्व मनाने का लिया गया निर्णय

**मिलाद उन नबी पर्व को लेकर थाना परिसर में एसपी की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बुधवार को मिलाद उल नबी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हिंदू-मुस्लिम और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा सभी कोई शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनायें। किसी भी हालत में नशा और हुड़दंगी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गलत आचरण करने वाले लोगों के विरुद्ध नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात कही कहा गलत नारा लगाया जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं कमेटी द्वारा बताया गया थाना रोड से होकर विभिन्न सड़क होते हुए जुलूस सिसई रोड तक जाएगी वहीं पुलिस ने 28 सितम्बर को होने वाले पर्व को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। पर्व को लेकर परमवीर अल्बर्ट का स्टेडियम में बुधवार की सुबह पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। वही एसडीओ रवि जैन ने लोगों से शांतिपूर्वक पर मनाने की अपील की कहा सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वही किसी प्रकार की अफवाह या ऐसी सूचना जिससे धार्मिक सद्भावना बिगड़े तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

बैठक में एसपी हरविंदर सिंह ने कहा गुमला में लोग बहुत ही भाईचारे के साथ रहते हैं हर पर्व में शांतिपूर्वक एक दूसरे की मदद करते हुए पर मनाया जाता है। गुमला में लोग सभी पर्व को मिलजुल कर मनाते हैं। यह बहुत ही अच्छी बात है। उन्होंने लोगों को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। बैठक में एसपी हरविंदर सिंह, एसडीओ रवि जैन, एस डीपीओ मनीष चंद लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित शहर के प्रबुद्ध जन और शांति समिति के लोग उपस्थित थे।

## बैठक : कांग्रेस के लोहरदगा लोकसभा प्रभारी ने परिसदन गुमला में की अनौपचारिक बैठक

# 30 अक्टूबर तक सभी बूथों की कमेटी का करें गठन : सुखदेव भगत

**कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने सहति स्थानीय जन मुद्दों के संबंध में किया गया विचार विमर्श**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस के लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत के आगमन पर परिसदन गुमला में अनौपचारिक बैठक रखी गयी। पूर्व जिला अध्यक्ष सह नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष दीपनारायण उरांव की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु बैठक में संगठन की मजबूती व इंडिया गठबंधन दल की मजबूती के साथ ही साथ स्थानीय जन मुद्दों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस की जान हैं और उन्हीं की बदौलत पार्टी के विधायक और सांसद चुने जाते हैं कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिए बगैर संगठन मजबूत नहीं हो सकता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कैसे मजबूती मिले उन सब मुद्दों को लेकर मैं शीघ्र ही सभी क्षेत्रों का भ्रमण करूंगा और जल्द से जल्द बूथ स्तरीय कमेटी का गठन हो जिसके माध्यम से हम लोग आगे बढ़ेंगे। बैठक में प्रभारी सुखदेव भगत ने झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे का वह पत्र जो उन्हें मिला है उसके बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि 30 अक्टूबर तक सभी बूथों का गठन कर लिया जाना अनिवार्य है।

अन्य सभी वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रखंड अध्यक्षों के द्वारा एक स्वर में कहा गया कि हम सब मिलकर इस लोक सभा चुनाव की तैयारी अपने तन मन धन से कर इस लोकसभा की जीत सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक बैरागी उरांव, प्रदेश सचिव अकील रहमान, रमेश कुमार चीनी, वरिष्ठ कांग्रेसी सह जिला उपाध्यक्ष पतित पावन शाही, संगीता जायसवाल, पूर्व जिलाअध्यक्ष लोहरदगा आलोक साहू, प्रदेश प्रतिनिधि मुरली मनोहर प्रसाद, सुशेना लकड़ा, राजनील तिग्गा, महिला जिला अध्यक्ष अमृता भगत, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजाद अंसारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रुपेश कुमार सन्नी, खेल विभाग जिला अध्यक्ष रफी अली, एससी जिलाध्यक्ष भुनेश्वर राम, भरनो प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, डुमरी प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर एक्का, सदर गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, विशुनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, घाघरा प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, जारी प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष अख्तर अली, राजीव उरांव, जिला महासचिव संतोष कुमार गुप्ता (गुड्डू), जिला महासचिव कृष्णा लोहरा, जिल महासचिव निशांत कुमार दुबे, जिला सचिव अरुण गुप्ता, युवा कांग्रेस स्टेट कोर्डिनेटर रोहित उरांव, जिला सचिव भैया राम उरांव, जिला सचिव मो. कादरी अली सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

### जिला कांग्रेस में शुरू हो गयी गुटबाजी

**लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत द्वारा आहूत 27 सितंबर को गुमला में होने वाली बैठक की विधिवत जानकारी जिला अध्यक्ष चैतु उरांव को नहीं थी। यह उनके द्वारा जारी किए गए पत्र से पता चलता है। बुधवार यानी 27 सितंबर को जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने एक पत्र जारी किया है। इस पत्र में उन्होने स्पष्ट किया है कि उन्हें 27 सितंबर को होने वाली बैठक की सूचना सूत्रों से मिली है। और उपरोक्त तिथि में ज़िला कांग्रेस की कोई भी आधिकारिक बैठक नहीं रखी गई है। सूत्र बताते हैं कि गुमला जिला कांग्रेस एक बार फिर गुटबाजी का शिकार हो गयी है।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

# शिव पुरी दुर्गा पूजा समिति स्कूल चौक का गठन, अध्यक्ष बने रामनंदन शाही



**भरनो (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर शिव पूरी दुर्गा पूजा समिति स्कूल चौक की बैठक मंगलवार को दिनेश प्रसाद केशरी की अध्यक्षता मे शिवमंदिर परिसर में कमिटी के सदस्यों का गठन किया जिसमे अध्यक्ष रामनन्दन साही, उपाध्यक्ष मुरारी केशरी, सचिव बजरंग केशरी, सह सचिव अभिषेक केशरी, कोषाध्यक्ष बिनय केशरी, रतन केशरी, उपकोसाध्यक्ष भगवती केशरी, सुभम केशरी, बिक्की केशरी को सर्वसम्मति से चुना गया। इस बैठक मे दुर्गा पूजा को लेकर कई महत्पूर्ण निर्णय लिए गए। मौके पर श्रीराम केशरी, निशु केशरी, सत्यम केशरी, सर्वेस केशरी, बादल साही, अभिषेक केशरी, संतोष केशरी, संजय यादव, भूषण केशरी, निखिल केशरी, पंकज केशरी, आशीष केशरी, दुर्गा लोहरा, सुभम केशरी, रवि गुप्ता, अजित केशरी, उज्जवल केशरी, कुमार हर्ष राज, सर्वेश केशरी, मयंक केशरी, निखिल केशरी, विनायक साही, छोटू उरांव, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा समिति बसिया कमेटी का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने रोशन साहू

**बसिया (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति बसिया की बैठक सुबास चौरसिया की अध्यक्षता में हुई।बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी के गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रोशन कुमार साहू को अध्यक्ष अंकित चौधरी उपाध्यक्ष, सचिव नवीन मिश्रा सह सचिव अमित तिवारी और मनीष साहू कोषाध्यक्ष केदार महंती के अलावे कार्यकारिणी सदस्य में अजय साहू दिनेश साहू दीपक साहू बिनोद भगत बिबेक साहू अर्जुन नायक राजकुमार सिंह सूरज गुप्ता अभिषेक साहू बिजय साहू मुन्ना पांडेय इसके अलावे संरक्षक में शुशील कुमार होता पंकज सिंह गौरी ओहदार सुरेन्द्र पाणिग्राही रामचरित्र साहू पिंटु चौधरी गोकुल सोनी रंजीत चौधरी संजू चौधरी सुभाष चौधरी श्रीकांत अभय चौधरी मनोज ओहदार मनोज होता प्रेम जायसवाल आदि शामिल है।

# आरके मशीनरीज के मालिक ने पत्नी की पांचवीं पुण्यतिथि पर 300 गरीबों के बीच किया खाद्य सामग्री का वितरण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट रोड स्थित आर के मशीनरीज के प्रोपराइटर राजकुमार गर्ग ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय प्रीति राजगडिया के पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर क्षेत्र के कई स्थानों में पहुंचकर गरीबों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। राजकुमार ने खाद्य सामग्री में चावल, दाल, आलू, तेल, मसाला का पैकेट बनाकर तर्री, शबरी आश्रम, ठूठा टोली, आनंद नगर चौक, बेहरा टोली चौक पहुंचकर गरीबों के बीच पैकेट का वितरण किया। वही राजकुमार ने बताया कि अपनी पत्नी के पुण्यतिथि पर लगातार गरीबों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण करते आ रहे हैं। आगे भी अवसर पर गरीबों की मदद करते रहेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी संजय सिंह, वीरेंद्र साहू,श्रवण राजगडिया, राहुल पोद्दार, नंदू सिंह, यमुना सिंह, अमित सिंह, रामवानी सिंह, रणप्रताप सिंह खेरवार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अपने 20 दिन के नवजात बेटे की हत्या कर महिला ने तालाब में फेंका

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में एक महिला के द्वारा अपने 20 दिन का नवजात बेटे की हत्या कर तालाब में फेंक देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने महिला की निशानदेही पर ड़ाडहा सामटोली तालाब से नवजात का शव को बरामद कर शव की पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं हत्या की आरोपी भरनो थाना क्षेत्र के भड़गांव गांव निवासी 25 वर्षीय महिला रौशनी कुमारी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने नवजात शिशु को लेकर सुबह घर से निकली थी, किन्तु वह बिना शिशु के घर लौटी और परिजनों को बताया कि ड़ाडहा मेन रोड से एक कार वाली महिला उसके बच्चे को छीनकर सिसई की ओर भाग गई। परिजन ने तुरंत इसकी सूचना थानेदार आदित्य कुमार चौधरी को दी। थानेदार गांव पहुंचकर मामले की छानबीन की, परन्तु वहां के किसी दुकानदार या ग्रामीणों से महिला की बात की पुष्टि नहीं की। पूछताछ करने पर महिला ने परिजनों व पुलिस को अलग अलग जगहों पर बच्चा को फेंकने की बात कहकर घंटों तालाब, कुंआ व खेतों में घुमाती रही।अ ंत में थानेदार के कड़ाई से पूछने पर उसने बच्चे की गला दबाकर हत्या करने और सामटोली तालाब में शव को फेंकने की बात स्वीकार की और सभी को तालाब के पास ले गई, जहां से पुलिस ने शव को बरामद किया। महिला ने 20 दिन के नवजात बेटे की गला घोंटकर हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि वह बच्चे को पालना नहीं चाहती थी।

# सिसई प्रखंड स्तरीय सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने दुर्गेश्वर तिर्की



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखंड स्तरीय सिद्धो-कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष दुर्गेश्वर तिर्की, सचिव जिनेश उरांव व उपाध्यक्ष अमित उरांव बने। नेता जी सुबास चंद्र बोस बालक आवासीय विद्यालय सभागार में बुधवार को लोकतांत्रि तरीके से क्लब की चुनाव अंचल अधिकारी सह दंडाधिकारी अरुणिमा एक्का व बीडीओ रमेश कुमार यादव के देखरेख में सम्पन्न हुई। क्लब के अध्यक्ष पद के लिए दुर्गेश्वर तिर्की को 106 वोट, चौठा उरांव को 44 व रोहित कुमार शर्मा 35 वोट मिले थे। वहीं 6 वोट रद्द किया गया। उपाध्यक्ष के लिए जिनेश उरांव को 84 वोट,विकास कुमार महली को 78 वोट, हीरालाल बैठा 16 वोट और नजीबुल्लाह अंसारी 7 वोट मिला था। वही 7 वोट रद्द पाया गया। सचिव के लिए अमित उरांव को 57 वोट, कृष्णा उरांव को 56 वोट,सुकरा उरांव को 30 वोट, देवेंद्र साहू को 29 वोट व निखिल उरांव को 13 वोट प्राप्त हुआ है।वही 5 वोट रद्द पाया गया। सीओ ने बताया कि प्रखंड के सभी 88 गांवों के कुल 264 मतदाता को मतदान करने का अधिकार था। जिसमें कुल 191 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।चुनाव शांतिपूर्ण व पूरे पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई,पूरे चुनाव प्रक्रिया की विडियो ग्राफी शिवपुजन साहू द्वारा की गई। मतदान सम्पन्न कराने में प्रखण्ड कर्मी शैलेश प्रसाद यादव,जीवन एक्का, अभिषेक कुमार, श्रवण सिंह, विष्णु उरांव, बजरंग साहू, अजय उरांव, बजरंग उरांव, विनोद उरांव, संतोष भगत, मिखन टोप्पो, फागेश्वर भगत, सोमराई किण्डो व सतीश कुमार गुप्ता शामिल थे।

## दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की धीमी गति देख पलामू सांसद ने जतायी नाराजगी

# समन्वय बनाकर अधिकारी विकास कार्यों को पूरा करायें : विष्णु दयाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया। साथ ही पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन पर भी चर्चा की। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों से अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर उन्होंने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क, पुल-पुलिया, कब्रिस्तान की चारदीवारी एवं अन्य तरह की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास की जानकारी विभाग द्वारा नहीं दिये जाने का मामला भी उठाया। इसी कड़ी में पांकी विधायक ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेयजल से संबंधित योजनाओं का संचालन बिना उनके उद्घाटन-शिलान्यास के संचालित कराये जाने का मुद्दा उठाया। इसी तरह पूर्व की बैठक में कई प्रमुखों द्वारा पीडीएस डीलर की ओर से समय से राशन नहीं देने, तय मात्रा से कम राशन का वितरण आदि मामला उठाया था। इस संबंध में अध्यक्ष ने डीएसओ को कुछ कांटा घरों का औचक निरीक्षण करने की बात कही। बैठक में भी पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड अंतर्गत कई पीडीएस डीलरों द्वारा कम राशन दिये जाने की शिकायत की। वहीं डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नल-जल योजना में विभिन्न तरह के गड़बड़ियों को रेखांकित किया। इस पर डीसी शशि रंजन ने सूचना विज्ञान पदाधिकारी को पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों को लेकर एक ऑनलाइन सेंट्रलाइज्ड सिस्टम बनाने का निर्देश दिया। बैठक में पांकी विधायक ने लेस्लीगंज मध्य विद्यालय के मुख्य गेट पर अतिक्रमण किए जाने का मुद्दा उठाया। वहीं डालटनगंज विधायक ने टाटा पावर पर ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद उसे बदलने में देरी करने से संबंधित बात रखी। बैठक में डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता, सभी प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, चतरा सांसद प्रतिनिधि समेत आदि थे।


दिशा की बैठक में अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते सांसद वीडी राम व अन्य।

# आज के आधुनिक परिवेश में सुविधाओं का विस्तार बेहद जरूरी है : लक्ष्मण राम

**हुसैनाबाद शहर के हैदरनगर रोड में केनरा बैंक का उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शहर के हैदरनगर रोड स्थित बक्शी उच्च विद्यालय के समीप बुधवार को केनरा बैंक का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, केनरा बैंक के मंडल प्रबंधक प्रीतम मालवीय, वरिष्ठ प्रबंधक दिलीप बाडला, शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार पांडेय, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली और पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम ने कहा कि शहर में एक नए बैंक के खुलने से आम लोगों व व्यवसायी वर्ग को काफी सहूलियत होगी। आज के आधुनिक परिवेश में सुविधाओं का विस्तार होना जरूरी है। इससे आम जनमानस को बेहतर सेवाएं मिलेगी। वहीं, मंडल प्रबंधक प्रीतम मालवीय ने कहा कि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता ग्राहकों को हर संभव बेहतर बैंकिंग सेवाएं देना है। उन्होंने कहा कि इस बैंक में मैनेजर के रुप में आशुतोष पांडेय को पदस्थापित किया गया है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर ब्रांच मैनेजर से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब हो कि हुसैनाबाद में तीन बैंक एसबीआइ, पीएनबी और ग्रामीण बैंक पहले से ही मौजूद है। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, अर्जुन गुप्ता, उमा देवी, मधुलता रानी, इजहार अंसारी, शक्ति पासवान, अब्बास अंसारी, प्रेमतोष सिंह, राजकुमार कश्यप, प्रदीप पटेल, इजहार अंसारी, जनक पासवान, इम्तियाज आलम, असगर उर्फ मिथुन आदि उपस्थित थे।

## जबरन एक एकड़ भूमि पर लगी फसल को बर्बाद करने का आरोप

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदरवर्ती क्षेत्र डबरा पंचायत के मुंडाथान निवासी सह प्रखंड उप प्रमुख कुसुमलता देवी के पति संदीप यादव ने अपने ही गांव के दर्जनों लोगों पर एक एकड़ भूमि पर लगे अरहर की फसल को लाठी-डंडे से पीटकर व काट लेने का आरोप लगाया है। कहा कि 24 सितंबर को कृष्णा पासवान, राजेंद्र पासवान, जीतू पासवान, सुरेश पासवान, अर्जुन पासवान, मंदिप पासवान, सूरज पासवान, दीपक पासवान, सुधीर पासवान, नेहा देवी, ममता देवी, कौशल्या देवी, ललिता और कंचन देवी सहित एक दर्जन से अधिक महिला-पुरुष ने लाठी डंडा, गंडासा भला से लैस होकर हमारे जमीन खाता 111 प्लॉट 946 रकबा एक एकड़ में लगे अरहर की फसल देखते ही देखते ही बर्बाद कर दिया। इसकी जानकारी तत्काल डबरा पिकेट प्रभारी संतोष सिंह को दी। प्रभारी तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और फसल को नष्ट होते अपने सामने भी देखा। इसके बाद हमने लिखित आवेदन लेस्लीगंज थाना में दिया। इसके वाबजूद अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है। इधर घटना के तीन दिन बाद सहायक अवर निरीक्षक राजू कुमार बुधवार को घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिये। दोनों पक्षों को थाने में बुलाने की बात कही है। वहीं, संदीप यादव ने अपनी जान माल का खतरा बताया है। कहा कि वे लोग हमेशा हथियार से लैस होकर चलते हैं। हम पर कभी भी हमला कर सकते हैं। इन लोगों से हमेशा मुझे जान माल का खतरा बना रहता है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पलामू की बिटिया खुशी को मिला सुर संग्राम में आडिशन का मौका



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कहते हैं अगर कुछ करने की तमन्ना हो तो संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आती है। हम बात कर रहे पलामू जिले की केतात निवासी अवध किशोर उर्फ बच्चा चौबे की पुत्री खुशी चौबे की। उसने अपने गांव के साथ ही पलामू जिले का नाम रोशन किया है। खुशी ने देवरानी संगीत महाविद्यालय से संगीत की शिक्षा ग्रहण करते हुए जयपुर में हिन्दी सांग रावां में ऑडिशन के लिए अपना नाम पक्का कर लिया है। खुशी ने बताया कि शुरूआती दौर में जब वह संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रही थी तो काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। पर समय आगे बढ़ता गया और धीरे-धीरे सब सामान्य होता गया। इसमें मेरे घरवालों ने भरपूर सहयोग किया। खुशी ने बताया कि पढ़ाई लिखाई के समय से ही उसे गायन के क्षेत्र में काफी रुचि रही है। मैं बाल समागम से ही अपने गाने की शुरूआत की और धीरे-धीरे मुझे कई मंचों में गाने का मौका मिला और मैं आगे बढ़ती गई। इसी का नतीजा है कि मुझे पलामू जिला स्तर के कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला और मैं पांच बार टांप रही। उसने बताया कि जब आदमी मन में ठान लेता है तो कोई भी बाधा आड़े नहीं आती है। पलामू जिले के अलावा रांची में भी मुझे स्टेज प्रोग्राम के लिए चार बार चुना गया। अभी हाल ही में मुझे सुर संग्राम में ऑडिशन के लिए मौका मिला है। सुर संग्राम में मिले निमंत्रण के लिए स्थानीय लोगों ने खुशी को बधाई भी दी है।

## 2.85 लाख में हुई 36500 घनफूट बालू की नीलामी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में बुधवार को अवैध खनन कर भंडारित किए गए जब्त बालू की नीलामी अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नीलामी में एएम इंफार्टेक, ग्लोबल इंफ्राटेक व के राज कंस्ट्रक्शन ने भाग लिया। जिसमें एएम इंफ्राटेक के राकेश कुमार ने 36,500 घनफूट बालू की बोली 2 लाख 85 हजार रुपये लगाकर खरीदी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी पूरी प्रक्रिया के तहत की गयी। संवेदक को नीलामी की राशि 10 दिनों के अंदर विभाग में जमा करवाना होगा।

## निवर्तमान पार्षद ने वार्ड-16 में शिविर लगवाकर 70 ग्रामीणों का बनवाया आयुष्मान कार्ड

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी ने शिविर लगवाया, जिसमें 70 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। पूनम देवी ने बताया कि कई लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया था। इसकी जानकारी सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार को दी। जिसके बाद सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से इस दिन 70 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। समाजसेवी विजय कुमार रवि ने कहा कि ग्रामीणों की सहूलियत के लिये नगर परिषद के वार्ड 16 में शिविर लगवाकर लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के राजेंद्र प्रसाद सोनी, राजन कुमार, आगनबाड़ी सेविका उषा देवी, सहिया शिवमति देवी, भरदुल राम, रामचंद्र राम, महाबीर राम, नारायण राम आदि उपस्थित थे।

## विधायक बनने से पहले किये थे बड़े-बड़े वादे, पर अमल कुछ भी नहीं हो रहा : माले

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय किसान महासभा एवं भाकपा-माले के संयुक्त तत्वाधान में नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष 11 सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। अपने संबोधन में अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य अध्यक्ष बीएन सिंह ने कहा कि पलामू प्रमंडल लागातार कम वर्षा होने के कारण अकाल की चपेट में पडते जा रहा है। नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड सहित पलामू प्रमंडल में भूखमरी की नौबत पैदा हो रही है। मवेशियों को ना तो चारा मिल रहा ना ही किसानों-मजदूरों को कोई रोजगार। यहां तक की जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा 3 महीने के राशन की कटौती कर राशन कार्ड धारी को नहीं दिया जा रहा है। उन्हीं सवालों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा-माले ने संयुक्त रूप से धरना के माध्यम से मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश की है। ताकि नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड सहित पलामू प्रमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित कर बड़े पैमाने पर राहत कार्य चालू कर दिया जाए। वहीं, प्रवक्ता नर्वदेश्वर सिंह ने आरोप लगाया कि विधायक बनने से पहले लोगों में डॉक्टर शशी भूषण मेहता बड़ी-बड़ी बातें किये थे। कहा था कि प्रत्येक गांव में पांच-पांच डीप बोर एवं हवाई चप्पल पहनने वाले व्यक्ति को हर वर्ष हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा करायेंगें। पर विधायक बनने के बाद ना तो हवाई चप्पल वाले हवाई जहाज की यात्रा कर पाए और ना ही प्रत्येक गांव में पांच डीप बोर हो पाया।

# स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं

## पांकी विधायक ने सभी स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज व प्रशिक्षण पर दिया जोर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबर/पलामू।** जामुडीह पंचायत भवन सभ्ागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गतग गाठित कुंदरी आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता भी शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने समूह से जुड़कर महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बन रही दीदियों की सहराना की। साथ ही सभी स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज करने एवं प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। वहीं, संकुल संगठन के अंतर्गत अच्छे कार्य प्रदर्शन किए गए समूह के दीदीयों को प्रशस्ति पत्र एवं डायरी दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान गाकर किया गया। मौके पर जामुनडीह पंचायत के मुखिया कृष्णकांत चौबे, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शिवकुमार उपाध्याय, इढड नवनीत पाण्डेय, संदीप कुमार, संकुल संगठन के अध्यक्ष सुनीता देवी, सचिव आरती देवी, कोषाध्यक्ष कविता देवी, धीरज कुमार, श्याम पाण्डेय, लेखपाल बिंदिया देवी, बिनोद राम, भोला साव, उषा देवी, गीता देवी और सुमित्रा देवी आदि उपस्थित थीं।

# झोला छाप डाक्टर पर इंजेक्शन लगाते ही नाबालिग की मौत का लगा आरोप, हंगामा

- अस्पताल को पुलिस ने किया सील
- बीमोड़ से उंटारी रोड तरफ जाने वाली सड़क किनारे गोदरमा में चलता है न्यूरो केयर हॉस्पिटल
- चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा- कैसे संचालित है अस्पताल, जानकारी नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाने के गोदरमा गांव में संचालित न्यूरो केअर हॉस्पिटल में बुधवार की दोपहर एक आठ वर्षीय बच्ची की मौत इलाज के दौरान हो गयी है। इसके बाद परिजनों के जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया है। वहीं हंगामा को देखते हुए अस्पताल को सील कर दिया है। हॉस्पिटल परिसर में जुटी भीड़ डॉक्टर को गिरफ्तार कर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की मांग कर रही थी। वहीं, विश्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह अस्पताल कैसे चलता है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। यह भी कहा कि विश्रामपुर, पांडू, उंटारी रोड और नावाबाजार में कई अवैध क्लिनिक चल रहे हैं। जिससे लगातार शिकायतें आ रही है। निजी अवैध अस्पतालों पर प्रतिबंध लगाने के लिए टीम गठित की गयी है। जल्द ही सभी जगहों पर कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार झगरुआ गांव के अनिल राम अपनी आठ वर्षीय बेटी अंजना कुमारी को बीमोड उंटारी रोड मुख्यपथ के बगल में गोदरमा में संचालित न्यूरो केयर हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराये थे। इलाज के दौरान वहां मौजूद चिकित्सक ने बताया कि उसे टायफड़ है। उसने बच्ची को दो इंजेक्शन लगाये। परिजनों का अरोप है कि इंजेक्शन लगाने के कुछ ही देर बाद बच्ची की स्थिति बिगड़ने लगी। एक से डेढ़ घंटे के भीतर ही यानी सुबह 11.30 बजे बच्ची की मौत हो गयी। इसके बाद ही अस्पताल में हंगामा शुरू हो गयी। उधर, हंगामा होने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हंगामा और उत्पन्न स्थिति को देखते हुए अस्पताल को सील कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं, मौके पर पहुंचे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने इसकी जांच कराकर मृतक को न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे अवैध कई हॉस्पिटल की भी जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि बेगुनाह लोगों की असमय जा रही जान को बचाया जा सके। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज किया जा रहा है। सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय ने भी इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## स्पोर्ट्स



हांगझोऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में नेपाल की पुरुष टीम ने बुधवार को मंगोलिया के खिलाफ खेलते हुए टी-20 में पहले 314 रनों को पहाड़ खड़ा किया फिर 273 रनों की जीत दर्ज की, जो विश्व रिकार्ड है।

## लगी रिकॉर्डों की झड़ी : युवराज सिंह व रोहित शर्मा समेत टूटे कई दिग्गजों के रिकॉर्ड

# नेपाल ने रचा इतिहास, टी20 में बना दिये 314 रन, मंगोलिया को 273 रनों से हराया

**एजेंसी**



**हांगझोऊ।** नेपाल की पुरुष टीम ने बुधवार को मंगोलिया के खिलाफ एशियाई खेलों के ग्रुप मैच के दौरान इतिहास रच दिया। चीन के हांगझोऊ में बुधवार को खेले गए मुकाबले में पुरुष क्रिकेट के शुरूआती मैच में ही नेपाल ने टी-20 क्रिकेट के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 314/3 का अविश्वसनीय स्कोर बनाया और टी-20 क्रिकेट में 300 का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मंगोलिया की टीम 13.1 ओवर में 41 रन पर ही ऑलआउट हो गई। इसके साथ ही नेपाल ने मंगोलिया को 273 रनों से हराकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना दिया। बतातें चलें कि इससे पहले, सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम था। उसने तुर्की के खिलाफ साल 2019 में 257 से जीत दर्ज की थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पहले ही पुष्टि कर दी थी कि एशियाई खेलों के मैचों को अंतरराष्ट्रीय टी-20 का दर्जा दिया जाएगा। इसके अलावा, दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के सबसे तेज टी-20 अर्धशतक के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। युवराज ने 2007 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंद में अर्धशतक लगाया था। इसी पारी में उन्होंने एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। वहीं, दीपेंद्र सिंह ऐरी ने सिर्फ नौ गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 10 गेंदों में 52 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें से 48 रन छक्कों से आए। कुशाल मल्ला ने भारत के कप्तान रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज टी-20 शतक भी बनाया। उन्होंने केवल 34 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। जबकि रोहित और मिलर ने 35 गेंद में शतक लगाया था। मल्ला ने आठ चौके और 12 छक्के लगाए और सिर्फ 50 गेंदों पर 137 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल ने हांगझोऊ में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी क्रिकेट फील्ड में अपनी पारी की धीमी शुरूआत की थी, जिसमें दोनों सलामी बल्लेबाज 100 से कम स्ट्राइक रेट से खेल रहे थे। इसके बाद, मल्ला ने कप्तान रोहित पौडेल (27 गेंदों में 61 रन) के साथ 193 रन की साझेदारी करके पारी को आगे बढ़ाया। इसके बाद दीपेंद्र ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**क्वार्टर फाइनल में शामिल होगा भारत :** एशियाई खेलों में पुरुषों की प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन टीमों के तीन समूह हैं। प्रत्येक समूह से शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी, जहां भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसी टीमें टूनामेंट में शामिल होंगी। भारत का नेतृत्व ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे, जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम का हिस्सा थे और पहले दो मैचों में खेले थे।

## टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर

| देश | स्कोर | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|
| नेपाल | 314/4 | मंगोलिया | 2023 |
| अफगानिस्तान | 278/3 | आयरलैंड | 2019 |
| चेक गणराज्य | 278/4 | तुर्की | 2019 |
| ऑस्ट्रेलिया | 263/3 | श्रीलंका | 2016 |
| श्रीलंका | 260/6 | केन्या | 2007 |

**जुबानी हमला :** संकल्प यात्रा के छठे चरण में झरिया-धनबाद विधानसभा क्षेत्रों में गरजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# मुख्यमंत्री हेमंत को होटवार जेल जाना ही होगा : बाबूलाल मरांडी

- धनबाद को अपराधमुक्त कराइयें : राज सिन्हा
- ना मैं किसी से डरी हूं, ना डरूंडी, भाजपा को और मजबूत करूंगा : रागिनी

## देश की पसंद नरेंद्र मोदी और उनकी पसंद बाबूलाल : पीएन सिंह





संकल्प यात्रा के सभामंच से आमजनों व कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह व अन्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/धनसार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को संकल्प यात्रा के छठे चरण में झरिया और धनबाद विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित सभा को संबोधित किये। पूर्व मुख्यमंत्री इस दिन झरिया में खुली कार में सवार होकर सभास्थल पहुंचे था, जहां उनका स्वागत आदिवासी रीति रिवाज से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह और मंच संचालन ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने किया। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने सभी मंचासीन वरिष्ठ नेताओं को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, सभामंच से बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ जबकर जुबानी हमला किया। कहा कि यहां की जनता जागरूक हो चुकी है। राज्य की भ्रष्टाचार व लूट की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। वहीं, धनसार में विधायक राज सिन्हा ने स्वागत किया और बाइक जुलूस के साथ धनबाद सभास्थल ले गये। इस दौरान हावड़ा मोटर के समीप गुरुद्वारा कमेटी ने मनईटांड़, बरमसिया हीरापुर सहित कई स्थानों पर बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर झरिया और धनबाद में सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दिन अब पूरा होने वाला है। उनका सूरज अस्त हो चला है। कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे मुख्यमंत्री इडी के डर से कांप रहे हैं। बुलावे पर नहीं जाकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट की दौड़ रगा रहे हैं, लेकिन बचेंगें नहीं। उन्हें होटवार जेल जाना ही होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य की गठबंधन सरकार पर करारा हमला बोला। कहा कि राज्य में चारो तरफ घूसखोरी मची है। मृत्यु व आय प्रमाण पत्र, म्यूटेशन कराने तक के लिए पैसे देने पड़ रहे। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए भी पैसे देने पड़ रहे। पदाधिकारी-कर्मचारी खुलकर पैसे मांगते हैं। राज्य का खनिज कोयला, लोहा, पत्थर, बालू की लूट मची है। नदी का बालू बंगाल, बिहार उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मुंबई जा रहा। जबकि झारखंड के लोगों को बालू उठाने पर पुलिस पकड़ कर मामला दर्ज कर दे रही है। आज अपराधी बेलगाम हैं। पिछले छह महीनों में 23 व्यापारियों की हत्या हो चुकी है। जिनमें से नौ ने लिखित रूप में सुरक्षा की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एसआईटी गठित कर इसकी जांच कराएं, दोषियों पर कारवाई करें नहीं तो 2024 में सत्ता में आने के बाद भाजपा इसकी जांच अवश्य कराएगी।

### बाबूलाल मरांडी प्रधानमंत्री मोदी की पहली पसंद : पीएन सिंह

धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड में एक ही आवाज उठ रही है सिंहासन खाली करो जनता आ रही है। क्योंकि जनता हेमंत सरकार से त्रस्त हो चुकी है। कहा कि झारखंड में जो भी विकास हुआ वह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समय काल में ही हुआ है। पूरे भारत की पसंद नरेंद्र मोदी है नरेंद्र मोदी जिसे पसंद करते हैं वह बाबूलाल मरांडी हैं। इस बार रागिनी सिंह को जीता कर बाबूलाल को मुख्यमंत्री बनाएं।

### धनबाद को अपराध मुक्त कराइये : राज सिन्हा

विधायक राज सिन्हा ने गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के लोग सरकार से त्रस्त हो चुकी है। जनता बाबूलाल मरांडी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। धनबाद को अपराध से मुक्त कराइए। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन सालों से निगम और मुखिया का चुनाव नहीं हुआ। न ही यह सरकार कराने की हिम्मत कर रही है। मुझे तो लगता है कि अब यह चुनाव भाजपा की सरकार आने के बाद ही होगी।

### मैं किसी से भी नहीं डरती : रागिनी सिंह

वहीं, रागिनी सिंह ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूरे राज्य में अपराध का ग्राफ काफी बढ़ा है। झारखंड में कोई सुरक्षित नहीं है। लोहा, कोयला चोरी, रंगदारी लूट चरम पर है। इसे जड़ से उखाड़ फेंकना होगा त्कहा कि मैं ना किसी से डरी हूं ना डरूंगी। आने वाले समय में मुकाबला करूंगी व भाजपा को मजबूत करूंगी।

### सभा में कुंती सिंह भी रहीं मौजूद

संकल्प यात्रा के दौरान सभा में झरिया की पूर्व विधायक कुंती सिंह भी मौजूद रहीं। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मंच पर उपस्थित सांसद पशुपतिनाथ सिंह और कुंती सिंह में खूब हंसी मजाक भी हुई।

### संकल्प यात्रा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पलटवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बड़ा आरोप लगाया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बाबूलाल मरांडी धनबाद जिला प्रशासन और एसएसपी पर सरकार की अगुवाई करने की बात कर रहें हैं, जबकि कोयला व गौ तस्करों के चंदे से संकल्प यात्रा के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने सिद्धांत और इमानदारी को ताक पर रखकर धनबाद के कुख्यात माफिया परिवार से समझौता कर लिया है। जिस खूनी परिवार ने कांग्रेस नेता स्व सुरेश सिंह और नीरज सिंह की दिन दहाड़े हत्या की है आज उसी परिवार के सदस्य के हाथों से खूनी तलवार थाम रहे हैं। ये वही मरांडी जी हैं जो माफियाओं पर मुख्यमंत्री रहते नकेल कसने का दंभ भरते थे आज नतमस्तक हैं। कहा कि संकल्प यात्रा के नाम पर कोयला-पशु तस्करों से पैसा लेने की अगुआई कर रही है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थित में मौत, मिला शव

## पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** हरला थाना क्षेत्र में एक नव विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान रेशमी देवी के रूप में हुई है। बुधवार को उसका शव सेक्टर 9 स्थित कुम्हार चौक स्थित एक मकान से बरामद किया है। शव का पंचनामा करने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भी भेज दिया है। वहीं, मृतिका के पिता ने अपने दामाद और उसके घरवालों पर हत्या कर शव को फंदे से लटका देने का आरोप लगाया है। जबकि मृतका की मां ने रो-रोकर प्रशासन से बेटी को जीवित लाने की गुहार लगायी है। इस मामले में पुलिस ने पति समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक नावाडीह प्रखंड के खरपीटो निवासी जागेश्वर पंडित की बेटी रेशमी देवी की शादी पिंड्राजोरा निवासी हरिपद कुम्हार के बेटे दीपक कुमार से नौ महीने पहले ही हुई थी। शादी के बाद से विवाहिता ससुराल वालों के साथ हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर-9 स्थित कुम्हार चौक में रह रही थी। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उसके दामाद का किसी अन्य लड़की के साथ अवैध संबंध था। जिसका उसकी बेटी ने विरोध किया था। इसके बाद ही उसकी बेटी की हत्या कर ससुराल वालों ने फंदे पर लटका दिया, ताकि इसे आत्महत्या करार दे सके। उधर, थाना प्रभारी प्रभाकर मुंडा ने प्रथम दृश्या में आत्महत्या ही करार दिया है। हालांकि बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। मृतके के ससुराल वालों से भी पूछताछ की जा रही है।

## सड़क मरम्मती को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी के नाम सौंपा गया मांग पत्र

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो शास्त्री नगर से कस्तूरी मुखर्जी एवं उषा सिंह क्लिनिक के बीच की सड़क मरम्मत की मांग को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के फुसरो नगर मंत्री छोटू कुमार रवानी एवं उपाध्यक्ष लालमोहन महतो ने कार्यपालक पदाधिकारी के नाम बड़ा बाबू हरेंद्र सिंह और कार्यालय कर्मी राजीव रंजन को ज्ञापन सौंपा।

# अभियान से विद्यार्थी खुद भी जुड़ें व दूसरों को भी जोड़ें: गिरिडीह डीसी

- पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश, अभियानों पर सीबीसी धनबाद की तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का गिरिडीह डीसी ने किया उद्घाटन
- जिला प्रधान के वरिष्ठ पदाधिकारी, रांची पीआईबी और गिरिडीह कॉलेज की प्राचार्य हुई शामिल
- सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, कस्तूरबा बालिका विद्यालय की विजेता छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई की ओर से गिरिडीह जिला प्रशासन के सहयोग से अमृत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश अभियान पर बुधवार को गिरिडीह कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने किया। इस दौरान निदेशक डीआरडीए, गिरिडीह आलोक कुमार, पीआईबी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हमीद, गिरिडीह जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, गिरिडीह कॉलेज की प्राचार्या मधुश्री सन्याल और गिरिडीह कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार आदि शामिल हुए। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण किया। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर चित्र प्रदर्शनी की विधिवत शुरूआत की। अपने संबोधन में गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित यह एक अनूठी चित्र प्रदर्शनी है, जो शायद पहली बार यह लगाई जा रही है। यहां आकार मुझे काफी खुशी हो रही है। उन्होंने चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में 'डिजिटल डिटॉक्स' को भी अपनाने के लिए सभी को सलाह दी। साथ ही आगंतुक छात्र/छात्राओं को प्रदर्शनी में विभिन्न योजनाओं के बारे में दी जा रही जानकारियों को ग्रहण करने, कम्यूनिटी भाव से जुड़ने और दूसरों को भी इन अभियानों से जोड़ने के लिए आग्रह किया। वहीं, गिरिडीह डीआरडीए विभाग के निदेशक आलोक कुमार ने विस्तार से पोषण अभियान और स्वच्छता ही सेवा के बारे में जिले और देशभर में किए हुए प्रयासों की जानकारी दी। पत्र सूचना कार्यालय रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने इस वर्ष के पोषण अभियान के थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत के बारे में विभाग द्वारा लगाए गए पैनल की जानकारियों को पढ़ने और आत्मसात करने की सलाह दी। प्राचार्या मधुश्री सन्याल ने सीबीसी धनबाद और जिला प्रशासन को उनके कॉलेज परिसर में जानकारियों से परिपूर्ण आकर्षक प्रदर्शनी लगाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने अपने छात्रों को अगले तीन दिनों तक इससे लाभ उठाने की सलाह दी। वहीं गिरीडीह कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार ने चित्र प्रदर्शनी की काफी सराहना की और इसकी सफलता की कामना की। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के ओंकार नाथ पांडेय ने सीबीसी धनबाद द्वारा लगाई गई इस तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के विषय वस्तु से सभी का परिचय कराया। इसके अलावा मंगलवार को प्री पब्लिसिटी के तहत गिरिडीह के कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित निबंध, रंगोली और पेंटिंग के विजेताओं को अतिथियों द्वारा इनाम और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर गिरिडीह जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा पोषण अभियान पर आकर्षक स्टॉल भी लगाया गया है। प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने अहम योगदान किया।

# डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष धरना दूसरे दिन भी जारी, नोकझोंक

**मांगें पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन**

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** डीवीसी प्रशासनिक भवन के समक्ष मैथन बचाओ कमेटी के बैनर तले जारी धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। हालांकि सुबह में डीवीसी के कुछ कर्मी कार्यालय में प्रवेश कर गए। सूचना पाकर प्रदर्शन कर रहे लोग पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के साथ कार्यालय के बाहर मुख्य मार्ग में धरने पर बैठ गए। पूर्व विधायक ने कहा कि कार्यालय में प्रवेश तो कर गए हैं, लेकिन बाहर कैसे निकलेंगे। हमलोग भी सभी मुख्य मार्ग पर बैठे है। इससे पूर्व सुबह में सीआइएसएफ जवान और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी नोंकझोंक भी हुई। प्रदर्शन में मनोज राउत, रामजी यादव, श्रवण प्रसाद, टिंकू विश्वकर्मा, पंचम चौधरी, रोशन मिश्रा, राम सुदिषट राम आदि शामिल थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा**

विज्ञापन संख्याः–...........................

**झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में शिक्षिकाओं के चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 3060 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में कोडरमा जिलान्तर्गत संचालित **02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय** (डोमचाँच एवं चन्दवारा) में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी **महिला अभ्यर्थियों** से निम्नांकित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 20.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| | कक्षा 06 से कक्षा 08 | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सा0 विज्ञान | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 5 | पूर्णकालिक शारीरिक शिक्षिका (महिला) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | कुल | 10 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 10 |
| | कक्षा 09 से कक्षा 12 | | | | | | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी ) | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (भौतिकी+गणित) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान (रसायन विज्ञान+जीव विज्ञान) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 9 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – सामाजिक विज्ञान | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 10 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – अर्थशास्त्र | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | कुल | 12 | 6 | 6 | 0 | 0 | 0 | 12 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा में अनिवार्य रूप से दिनांक 20.10.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे । साधारण डाक से भेजे गए आवेदन/हाथो–हाथ दिए गए आवेदन/आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय के उपरान्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे तथा इसकी जबावदेही विभाग की नहीं होगी।
3. **चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –**

| क्र. सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1. **शैक्षणिक अहर्ता** :– किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1 से 10 (कक्षा 6 से 8 हेतु 5 पद एवं कक्षा 9 से 12 हेतु 5 पद) पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी। 2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता** :– क्र.सं. 06 से 10 हेतु अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. तथा क्र.सं. 01 से 04 हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिये Bachelor in Physical Education/ Degree in physical education अनिवार्य होगा। 3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा** :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। शारीरिक शिक्षिका एवं कक्षा 09 से 12 हेतु TET अनिवार्य नहीं है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/– प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षिका | | |
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | | |
| 4 | सामाजिक विज्ञान शिक्षिका | | |
| 5 | शिक्षिका – शारीरिक शिक्षा | | |

**चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं –**

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे । पुरूष अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा । इस पर पूर्ण रूपेण विभाग का अंतिम निर्णय मान्य होगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।
4. आयु सीमा :–
   i. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकत्तम उम्र 38 वर्ष होगी परन्तु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ ST (Male and Female) | 40 |
| 3 | Person (Female) with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

   ii. भूतपूर्व सैनिको (Ex-Servicemen) को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
   iii. उम्र की गणना आवेदन करने की तिथि/वर्ष 01.06.2023 के आधार पर की जायेगी।
5. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यरत पूर्णकालिक/ अंशकालिक शिक्षिकाओं को राज्य कार्यकारिणी समिति की 52वीं एवं 64वीं बैठक में पारित निर्णय के आलोक में इन कर्मियों के एक वर्ष के कार्यकाल के विरूद्ध 01 अंक के आधार पर कुल कार्यकाल की गणना कर परीक्षा में प्राप्त अंक में अतिरिक्त अंक जोड़े जाने पर सहमति प्रदान की गई है। साथ ही निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम शैक्षणिक में 5 प्रतिशत की सीमा तक छुट, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले को दी जाएगी।
6. **आवेदन** :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 20.10.2023 के संध्या 05:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।
7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट **"https://www.koderma.nic.in"** पर उपलब्ध है । चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे । उपरोक्त जानकारी संबंधित जिलों के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।
8. **आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक** :–
   i. 23 X 10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा ।
   ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए ।
   iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
   iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
9. झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा ।
10. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द/परिवर्तन/शिथिल करने का अधिकार जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना को सुरक्षित रहेगा।
12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम/विषय एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
13. अपूर्ण/अस्पष्ट/ अहस्ताक्षरित तथा वांछित प्रमाण–पत्र नहीं रहने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 307834 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### मोहाली में केमिकल फैक्ट्री में आग, 8 झुलसे

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** मोहाली के कुराली में बुधवार को फोकल पॉइंट स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गयी। जिसमें करीब 5 महिलाओं समेत 8 लोग बुरी तरह से झुलस गये हैं। इनमें से 2 महिलाओं को मोहाली से चंडीगढ़ रेफर किया गया है। जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर मोहाली के अलावा रोपड़ की हेल्थ टीमों को भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### गहलोत ने उपराष्ट्रपति के राजस्थान दौरों पर सवाल उठाये

**जयपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के लगातार राजस्थान दौरे को लेकर सवाल खड़े किये हैं। गहलोत ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री आये और अब उपराष्ट्रपति अप-डाउन कर रहे हैं। गवर्नर साहब हों या उपराष्ट्रपति हों, हम सम्मान करते हैं। उपराष्ट्रपति अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे, लेकिन अभी मेहरबानी रखें। बार-बार सुबह-शाम आ रहे हैं। दौरे कर रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। क्या तुक है। चुनाव चल रहे हैं राजस्थान में।

# एमसीएल के जगन्नाथ क्षेत्र में 27 वीं क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण

- इस समारोह में कई श्रेणियों में कुल 35 पुरस्कार प्रदान किये गये। मंगलदीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम का शंखध्वनि किया गया।





आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के जगन्नाथ क्षेत्र में महानिदेशालय (डीजीएमएस) दक्षिण पूर्वी क्षेत्र, रांची के तत्वावधान में 27वें क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एस डी चिद्दरवार, उप महानिदेशक, डीजीएमएस, दक्षिण पूर्वी क्षेत्र, रांची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ओ पी सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की। उक्त समारोह का शुभारंभ खान बचाव स्टॉल के उद्घाटन के साथ हुआ, जिसमें एमसीएल की खान बचाव सेवाओं पर विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया था। मंगलदीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम का शंखध्वनि किया गया। उपस्थिति अतिथियों ने उन कोयला खनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देते हुए तथा कर्तव्य का पालन करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया। मुख्य अतिथि चिद्दरवार ने अपने संबोधन में सुरक्षा मानकों को बढ़ाने में एमसीएल के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। एमसीएल की खान बचाव सेवाओं द्वारा किये गये बचाव कार्यों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ये कर्मी न केवल भूमिगत खदानों की आपात स्थिति में बल्कि खुली खदान परियोजनाओं और आसपास के क्षेत्रों में भी आपदा के समय सक्रिय रूप से अपना योगदान देते हैं। सीएमडी ओपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बचावकर्मी हमारी कंपनी की ताकत हैं। उन्होंने कहा कि एमसीएल ने खान बचाव सेवाओं को और मजबूत करने के लिए कंक्रीट कटर, हाइड्रोलिक लिफ्टिंग सिस्टम और अन्य जैसी आधुनिक मशीनरी की खरीद पर खर्च किया जा रहा है। सिंह ने खान सुरक्षा सुनिश्चित करने और एमसीएल को नंबर वॉन कोयला उत्पादक कंपनी का दर्जा बनाये रखने में डीजीएमएस, श्रमिक प्रतिनिधियों और एमसीएल खान बचाव सेवाओं के सहयोगात्मक प्रयासों के लिए अपना आभार व्यक्त किया। इस समारोह के दौरान कई श्रेणियों में कुल 35 पुरस्कार प्रदान किये गये। केशव राव, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल, पी के पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एमसीएल, जे के बोरा, निदेशक (तकनीकी/ऑपरेशन) एमसीएल, ए के बेहुरा, निदेशक (वित्त), एमसीएल, ए एस बापट, निदेशक (तकनीकी/योजना और परियोजना), एमसीएल, के मंडल, निदेशक, खान सुरक्षा, भुवनेश्वर क्षेत्र-पी आर ठाकुर, निदेशक, खान सुरक्षा, भुवनेश्वर क्षेत्र-डीजीएमएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, एमसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, कॉर्पोरेट जेसीसी के सदस्य, एमसीएल के सुरक्षा बोर्ड तथा श्रमिक प्रतिनिधियों आदि इस समारोह में उपस्थित थे।

# किट डीयू ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का आयोजन किया






आजाद सिपाही संवाददाता

कुल मिलाकर 1164 छात्रों वाली 194 टीमों ने विचार मंच में भाग लिया।

**भुवनेश्वर।** किट डीम्ड यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर ने 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन - 2023 का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था। इसका उद्देश्य छात्रों को उत्पाद नवाचार की संस्कृति और समस्या-समाधान मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना था, जैसा कि एसआईएच दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित किया गया है। इस प्रक्रिया के भाग के रूप में, विश्वविद्यालय ने एसआईएच 2023 के किई विषयों पर एक हैक टेस्ट का आयोजन किया। कुल मिलाकर 1164 छात्रों वाली 194 टीमों ने विचार मंच में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने कहा, किट को एसआईएच-2023 में भाग लेने पर गर्व है। जो हमारे छात्रों की उत्पाद नवाचार की संस्कृति और समस्या-समाधान की योग्यता को और मजबूत करेगा। किट को भारत में एक शीर्ष नवोन्मेषी संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है, और इस तरह की पहल नियमित 'सर्वोत्तम प्रथाओं' का एक हिस्सा है जिसका किट अपनी स्थापना के बाद से पालन कर रहा है। किट को नंबर वन दिया गया है। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के नवाचार उपलब्धियों पर संस्थानों की अटल रैंकिंग (एआरआईआईए) द्वारा निजी उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच प्रो सामंत ने प्रो टि.जी सीताराम अध्यक्ष एआईसीटीई, डॉ अभय जेरे उपाध्यक्ष एआईसीटीई और शिक्षा मंत्रालय (एमओई) नवाचार प्रकोष्ठ के सदस्यों को अवधारणा से लेकर कार्यान्वयन चरण तक गतिविधि का नेतृत्व करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एसआईएच -2023 के अगले स्तर तक पहुंचने वाले सभी छात्रों को बधाई और आशीर्वाद दिया है। किट-डीयू के प्रो-वाइस चांसलर प्रो सरनजीत सिंह ने एसआईएच -2023 के अगले दौर के लिए सभी क्वालीफाइंग टीमों को बधाई दी है।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने प्रभारियों और संयोजकों को कई दिशा-निर्देश दिये

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार (गिरिडीह)।** भाजपा मंडल प्रभारियों व प्रखंड संयोजकों की बैठक बुधवार को बरजो भाजपा कार्यालय में मण्डल अध्यक्ष उत्तम गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। मुख्य रूप भाग ले रहे भाजपा नेता, पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मंडल पदाधिकारियों व पंचायत संयोजकों की सूची का सत्यापन किया और संतुष्ट दिखे। उन्होंने प्रभारियों व संयोजकों को उनकी जिम्मेवारी बोध करते हुए कई दिशा-निर्देश दिये। उन्हें घर घर जाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों से अवगत कराने को कहा। कहा गया कि यदि कोई जरूरतमंद व योग्य लाभुक को किसी जरूरी योजना का लाभ नही मिल पा रहा है तो कार्यकर्ता उन्हें सहयोग करें व योजना का लाभ दिलाएं। बावजूद कही कठिनाई होती है तो हम से भी संपर्क करें। कहा कि किसी भी हाल में कोई योग्य लाभुक योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पवन साव, श्रीकांत, सुजीत, शंभु आदि ने भाग लिया।

# पूर्व तट रेलवे की के के लाइन में मानबार और जरती स्टेशनों के बीच भूस्खलन के कारण निम्नलिखित ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। 01.** 18107 राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस 27 और 28 को राउरकेला से कोरापुट तक चलेगी और कोरापुट से जगदलपुर तक रद्द रहेगी। **02.** 18108 जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस 28 एवं 29 को जगदलपुर से कोरापुट से प्रारंभ होगी तथा जगदलपुर से कोरापुट तक रद्द रहेगी। **03.** 18447 भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस 27 और 28 को भुवनेश्वर से कोरापुट तक चलेगी और कोरापुट से जगदलपुर तक रद्द रहेगी। **04.** 18448 जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस 28 और 29 को जगदलपुर से कोरापुट से चलेगी और जगदलपुर से कोरापुट तक रद्द रहेगी। **05.** 08552 किरंदुल-विशाखापत्तनम स्पेशल 28 और 29 को किरंदुल से किरंदुल के बजाय अरकू से निकलेगी। किरंदुल से अराकू तक रद्द रहेगी। **06.** 08551 विशाखापत्तनम-किरंदुल स्पेशल 28 और 29 को विशाखापत्तनम से अराकू तक चलेगी और अराकू से किरंदुल तक रद्द रहेगी। **07.** 18005 हावड़ा-जगदलपुर विशाखा एक्सप्रेस 27 और 28 को हावड़ा से टिटिलागढ़ तक चलेगी और टिटिलागढ़ से जगदलपुर तक रद्द रहेगी। **08.** 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस जगदलपुर से 28 और 29 पर जगदलपुर के बजाय टिटिलागढ़ से निकलेगी। जगदलपुर से टिटिलागढ़ तक रद्द रहेगा। **09.** 18514 विशाखापत्तनम-किरंदुल एक्सप्रेस 27 और 28 को विशाखापत्तनम से कोरापुट तक चलेगी और कोरापुट से किरंदुल तक रद्द रहेगी। **10.** 18513 किरंदुल-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस किरंदुल से 28 और 29 को किरंदुल के बजाय कोरापुट से निकलेगी। किरंदुल से कोरापुट तक रद्द रहेगा।।


# वेदांता एल्युमीनियम ने टिकाऊ पर्यावरण प्रबंधन की प्रतिज्ञा को नवीनीकृत किया

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, भारत में सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांत एल्युमीनियम, पर्यावरण संरक्षण, संरक्षण और संवर्द्धन पर केंद्रित व्यापक पहल के माध्यम से अपने परिचालन के आसपास टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। वेदांता एल्युमीनियम मौजूदा और आने वाली पीढ़ियों के लिए पारिस्थितिक रूप से आशाजनक भविष्य बनाने के मिशन पर है। इन प्रयासों के लिए, कंपनी ने सतत संचालन सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने और संतुलित करने की दोहरी रणनीति अपनाई है। शमन के संदर्भ में, वेदांता उच्च ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अपने विनिर्माण उत्कृष्टता को बढ़ाने, अपने ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की मात्रा बढ़ाने और जैव ईंधन जैसे कम कार्बन ऊर्जा स्रोतों में संक्रमण करने पर केंद्रित है। अपने कार्बन पदचिह्न को संतुलित करने के लिए, कंपनी ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में अपने परिचालन के आसपास व्यापक वनीकरण प्रयासों के माध्यम से पर्याप्त कार्बन सिंक भी बना रही है। इस लक्ष्य की दिशा में कंपनी के रणनीतिक प्रयासों ने इसे वित्त वर्ष 2012 में एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स विश्व रैंकिंग में 2 रैंक हासिल कराया है, जिससे यह आज दुनिया में दूसरा सबसे टिकाऊ एल्युमीनियम उत्पादक बन गया है। 'प्लैनेट फर्स्ट' का दृष्टिकोण कंपनी के उत्पाद विकास और नवाचार तक भी फैला हुआ है। वेदांत एल्युमीनियम भारत की पहली कम कार्बन एल्युमीनियम रेंज, 'रेस्टोरा' का निमार्ता है, जो पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देता है। इन उपायों के साथ कदम बढ़ाते हुए, वेदांता एल्युमीनियम ने जिम्मेदार जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और वित्त वर्ष 2023 में प्रभावशाली 13.69 बिलियन लीटर पानी का पुनर्चक्रण किया है। इसने 2012 की बेसलाइन की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में जीएचजी उत्सर्जन तीव्रता में 24% की उल्लेखनीय कमी हासिल की। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, वेदांता लिमिटेड-एल्युमीनियम बिजनेस के सीओओ, सुनील ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम में, हमारी पहल सिर्फ पर्यावरण में सुधार लाने से परे है, वे एक स्थायी भविष्य के लिए एक निश्चित दृष्टिकोण को शामिल करते हैं। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है, टिकाऊ एल्यूमीनियम उत्पादों की मांग बढ़ रही है, और हम इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, हम भावी पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**